धरती आबा की ऊर्जांचल भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, शनिवार

11.11.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी/चतुर्दशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 120 | khabarmantra.net

## सोने की चमक, वर्तनों की खनक, वाहनों की रफ्तार से चमका बाजार





**रांची।** दीपावली छठ को लेकर धनतेरस पर शुक्रवार की देर रात तक राजधानी रांची समेत झारखंड के सभी बाजारों में काफी रौनक रही। धनतेरस के मौके पर आभूषण, वर्तन, वाहन बाजार चमक उठे। तमाम कंपनियों की ओर से ग्रहको को लुभाने के लिए ऑफर की बरसात की गयी थी। एक से बढ़कर एक डिस्काउंट दिये जा रहे थे। एक अनुमान के अनुसार राज्यभर में धनतेरस के मौके पर करीब 5000 करोड़ का कारोबार होने की संभावना जतायी जा रही है। आभूषण, वाहन, वर्तन के साथ-साथ भगवान गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति और झाड़ू की बिक्री भी खूब हुई। इधर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि ऑफर से कहीं ना कहीं, कस्टमर को ही फायदा होता है। कस्टमर लंबे समय से इसका इंतजार करते हैं। लोगों के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सिर्फ धनतेरस के अवसर पर झारखंड में लगभग 5000 करोड़ से अधिक का कारोबार होता है।

### 540 एकड़ वन भूमि की हेराफेरी में एसीबी ने अमीन को दबोचा

**हजारीबाग।** पश्चिमी वन प्रमंडल के तत्कालीन अमीन निरीक्षक सुधीर कुमार सिन्हा को एसीबी की टीम ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उनपर निगरानी थाने में 42/2010 के तहत मामला दर्ज है। भूमाफियाओं और स्थानीय लोगों की मिलीभगत से अपने पद से दुरुपयोग कर 540 एकड़ वन भूमि की बंदोबस्त करने का आरोप है। इससे वन विभाग का करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। अनुसंधान में इसके विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध होने पर एसीबी ने गिरफ्तारी की है। सुधीर कुमार सिन्हा पर आधा दर्जन प्राथमिकी दर्ज हैं। वन भूमि के नक्शे में छेड़छाड़ और ओवरराइटिंग, अनापत्ति प्रमाण पत्र गायब कर जमीन को स्थानीय लोगों व भूमाफियाओं के नाम बंदोबस्त कराया था। यह कार्य आरोपी सुधीर कुमार सिन्हा ने अंचल कर्मचारियों से मिलकर किया था।

## न्यूज डायरी

### फर्जी नौकरी : धनबाद समेत देशभर में सीबीआइ की रेड

**नयी दिल्ली।** सीबीआइ ने देश के कई राज्यों में चल रहे एक अवैध जॉब रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी नौकरी के लिए 10 से 20 लाख रुपये ले रहे थे। उन्होंने कई नौकरी चाहने वालों से किस्तों में भी पैसे लिये थे। सीबीआइ ने पटना, मुंबई, बेंगलुरु, मंगलोर और धनबाद सहित 9 स्थानों पर तलाशी के दौरान यह गिरफ्तारी की है।

### हीरो के पवन मुंजाल की 25 करोड़ की प्रॉपर्टी जब्त

**नयी दिल्ली।** वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के सीएमडी एवं चेयरमैन पवन मुंजाल की मुसीबतें और बढ़ गयी हैं। इडी ने दिल्ली में उनकी 3 अचल संपत्ति जब्त की है, जिनकी वैल्यू करीब 25 करोड़ रुपये है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले की चल रही जांच से जुड़ी बतायी जा रही है।

### हार के बाद सेफा में जाने का अफगानिस्तान का सपना टूटा

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका ने यहां शुक्रवार रात अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। इस हार के साथ ही अफगानिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचने का सपना भी टूट गया। अफगानिस्तान ने नौ मैच में चार जीत हासिल कर हर किसी को प्रभावित किया था।

### पुलिस लाइन में महिला सिपाही ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** गोलमुरी क्षेत्र स्थित पुलिस लाइन में एक महिला सिपाही ललिता कुमारी (45) ने आत्महत्या कर ली। काफी देर तक घर में नहीं दिखने के बाद घरवालों ने खोजबीन की तो पता चला कि ललिता छत से नीचे कूद गयी है। परिजन उसे लेकर टीएमएच लेकर पहुंचे, जहां इलाज के क्रम में ही उसकी मृत्यु हो गयी।

### धनबाद में फिर फटी धरती, लोगों में दहशत

**धनबाद।** अग्नि प्रभावित इलाके में लगातार जमीन फटने के बाद भू-धंसान की घटनाएं घट रही हैं। इस बार झरिया के लोदना में भू-धंसान हुआ है, जिससे गोफ बन गया है। घटना के बाद से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोदना झरिया मुख्य मार्ग पर तेज आवाज के साथ जमीन धंसने में बाद 60 फीट लंबा और 25 फीट चौड़ा गोफ बन गया।

### ट्रैक्टर उड़ाने में शामिल तीन नक्सली गिरफ्तार

**चाईबासा।** पुलिस ने सुरक्षाबलों के लिए राशन ले जा रहे ट्रैक्टर को आइइडी से उड़ाने में शामिल तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। हादसे में खलासी की मौत हो गयी थी। गिरफ्तार नक्सलियों में देबाय पूर्ति,जुरिया बढांदा लेबिया बोर्डपाई के नाम शामिल हैं।

### राज्य कर्मियों को एक जुलाई से महंगाई भत्ता

**रांची।** राज्यकर्मियों को चार फीसदी बढ़ा महंगाई भत्ता एक जुलाई की तिथि से मिलेगा। एक जनवरी, 2016 के प्रभाव से सातवें वेतन पुनरीक्षण के तहत आने वाले सभी कर्मियों को इसका लाभ मिलेगा। वित्त विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है।

#### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

#### तीसरी आंख




### सीएम हेमंत सोरेन ने विपक्ष को घेरा, गिनायी अपनी उपलब्धियां

## 80 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र शीघ्र

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने अपने चार साल के कार्यकाल में अनेकों उपलब्धियां हासिल करने की बात कह कर विपक्ष को घेरा है। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिये कई काम किये हैं। उन्होंने दावा किया कि करीब 80 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र शीघ्र देंगे। झारखंड स्थापना दिवस पर रोजगार मेला के तहत हजारों युवाओं को ऑफर लेटर देने का आश्वासन भी दिया।

**खतियान आधारित नीति बड़ी उपलब्धि :** सीएम ने 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता नीति को भी अपनी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक कहा। उन्होंने आदिवासी, पिछड़े और दलितों का आरक्षण बढ़ाने और 1932 खतियान आधारित स्थानीयता नीति संबंधी विधेयकों को लेकर विपक्ष के सवालों पर कहा। उन्होंने कहा, सरकार पर बाहरी-भीतरी और आदिवासियों की राजनीति करने का आरोप लगता है, लेकिन, राज्य के हर वर्ग के अधिकार और हक को सुरक्षित रखने के लिर मजबूत प्रहरी लगाने की मंशा है। झारखंड हाई कोर्ट में नियोजन नीति रद्द होने के बाद नियुक्ति और नियोजन के रास्ते बंद हुए हैं। इस सवाल पर हेमंत सोरेन ने कहा, कोर्ट ने नियोजन नीति को निरस्त किया है। उसका कानूनी आकलन किया गया है और नौजवानों का भविष्य संवारने की कोशिश शुरू की गयी है। कम से कम बाहरी के नियुक्तियों में आने पर बल दिया गया है।

**राज्य के कई क्षेत्र नक्सलमुक्त :** बूढ़ा पहाड़ की तरह राज्य के विभिन्न क्षेत्र नक्सलमुक्त हो चुके हैं। इस पर हेमंत सोरेन ने कहा कि बूढ़ा पहाड़ को नक्सल से मुक्ति के लिए लंबा होमवर्क किया। नक्सलियों का मनोबल टूट कर बिखर चुका है। हमारा प्रयास है कि ये टुकड़े दोबारा ना जुड़े। इन टुकड़ों के लिए सरकार की पॉलिसी है। वे समाज की मुख्य धारा में आयें। (शेष पेज 11 पर)

#### पहला हक स्थानीय को ही

सीएम ने कहा कि कुछ अधिकार और हक राज्य के स्थानीय लोगों को ही मिलने चाहिए। थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरियों में भी राज्य के बाहर से लोग आने लगें तो इससे बड़ा दुर्भाग्य उस राज्य के लिए क्या हो सकता है। कानून में गरीब आदिवासी, दलित, पिछड़ों को चुननेवाले कौन हैं। कितने जजेज हैं आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग से हैं। इडी, आइटी और सीबीआइ जैसी जांच एजेंसियों की कार्रवाई विपक्षियों पर अधिक है। पक्ष पर कितनी कार्रवाई हुई। बोलने की जरूरत नहीं, सब कुछ स्पष्ट रूप से दिखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी क्षेत्र के मुख्यमंत्रियों की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह से पंजाब और बिहार रेजीमेंट्स की तरह आदिवासी रेजीमेंट्स के गठन की मांग की है, ताकि आदिवासियों को सम्मान मिले। इनका इतिहास संघर्षशील रहा है।

### साहिबगंज एसपी को इडी ने समन भेज 22 को दफ्तर बुलाया

## धमकाने के मामले में आलम से होगी पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम को शुक्रवार को समन भेजा है। नौशाद आलम को 22 नवंबर को इडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा गया है। यह समन इडी के गवाहों को धमकाने के मामले में दिया गया है। नौशाद अलाम से इसी मामले में पूछताछ होगी। जांच में इडी के गवाह विजय हांसदा मामले में साहिबगंज एसपी की भूमिका संदिग्ध पायी गयी है। जानकारी के अनुसार नौशाद आलम लगातार जेल में बंद आरोपियों के संपर्क में थे। जेल के अफसर और कर्मियों से पूछताछ के दौरान नौशाद आलम के संलिप्त होने की बात सामने आयी थी।

**पहले आइपीएस जिनको समन मिला :** साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम पहले आइपीएस हैं जिनको इडी के द्वारा समन जारी किया गया है। दो माह पूर्व ही नौशाद आलम को साहिबगंज के पुलिस अधीक्षक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वे पूर्व रांची के ग्रामीण एसपी के रूप में कार्यरत थे। (शेष पेज 11 पर)

#### जेल से मिली थी इडी को शिकायत

रांची जेल से कई कैदियों ने प्रेम प्रकाश के खिलाफ शिकायत इडी और सरकार को को थी। पर प्रेम प्रकाश को जेल में आइ फोन समेत अन्य सुविधाएं मिलने की जानकारी से जुड़े पत्र जेल प्रशासन ने कभी एजेंसियों तक पहुंचने ही नहीं दिया। जिन कैदियों ने एजेंसी से शिकायत की थी जब वह जेल से बाहर निकले तब उन्होंने सशरीर हाजिर होकर एजेंसी को सारी बातें बतायी।

## भगवान भरोसे दिल्ली को नहीं छोड़ सकते : सुप्रीम कोर्ट

### सरकार काम न करे, कोर्ट पर बोझ डाले, यह ठीक नहीं

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रदूषण के मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार को जमकर खरीखोटई सुनायी। कोर्ट ने कहा कि खुद काम न करना और अदालत पर बोझ डालने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह नहीं बतायेगा कि क्या किया जाये। पर शीर्ष कोर्ट ने कहा कि दिल लीवासियों को भगवान के भरोसे भी हम नहीं छोड़ सकते। कोर्ट ने कहा, क्या दिल्ली के लोग यह प्रार्थना करते रहेंगे कि आज बारिश हो जाये या फिर हवा चले ताकि उन्हें प्रदूषण से राहत मिले। बारिश के लिए ईश्वर का धन्यवाद, लेकिन सरकार को कोई शुक्रिया अदा नहीं की जानी चाहिए। दिल ली में शुक्रवार को कुछ बारिश हो रही है, जिसकी वजह से प्रदूषण घटा है।

बदतर होती वायु गुणवत्ता से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि ऑड-ईवन योजना से न्यायालय का कोई लेना-देना नहीं है। यह सरकार का काम है। कोर्ट ने कभी नहीं कहा कि पड़ोसी राज्यों से दिल्ली में प्रवेश करने वाली टैक्सियों पर भी इसे लागू किया जाना चाहिए। (शेष पेज 11 पर)

## जगन्नाथपुरी और हसनंबा मंदिर में भगदड़, 40 घायल

एजेंसी



**पुरी/बेंगलुरु।** पुरी के जगन्नाथ मंदिर में शुक्रवार सुबह भगदड़ के कारण व्रतधारी महिलाओं सहित 20 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गये। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं कर्नाटक के हसनंबा मंदिर में बिजली का तार टूटने से खंभे में दौड़ा करंट आ गया। हसनंबा मंदिर में दर्शन के लिए कतार में खड़े होने के दौरान धातु के बैरिकेड के संपर्क में आने से लगभग 20 भक्तों को बिजली का झटका लगा। घटना में कई लोगों को गंभीर चोट आयी है। पवित्र कार्तिक महीने में मंदिरों में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है।

**भारी भीड़ से मची मगदड़ :** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक रंजन कुमार दास ने कहा कि दिन के शुरुआती घंटों में हुई घटना के लिए भक्तों की भारी भीड़ जिम्मेदार थी। घायलों में अधिकतर बुजुर्ग व्यक्ति थे। उन्होंने कहा, मंदिर में मंगल आरती के तुरंत बाद यह हादसा हुआ। घायलों में से 10 बेहोश हो गये। भक्तों की भीड़ अंदर बढ़ने पर वे गिर पड़े। (शेष पेज 11 पर)

### आइटीबीपी के स्थापना दिवस समारोह में बोले अमित शाह

## भारत की एक इंच भूमि भी कोई नहीं ले सकता

एजेंसी



**देहरादून।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब तक हमारे आइटीबीपी और सेना के जवान सीमा पर तैनात हैं तब तक भारत की एक इंच भूमि पर भी कोई कब्जा नहीं कर सकता। अब हिम वीरांगनाएं भी देश की सीमा की सुरक्षा में कंधे से कंधा मिलाकर शामिल हो रही हैं। श्री शाह शुक्रवार को यहां भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) के 62वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। अमित शाह ने जवानों के लिए सेल्फ सस्टेनेबल एनर्जी बिल्डिंग और दुर्गम क्षेत्रों में स्थित बीओपी (बॉर्डर ऑब्जरवेशन पोस्ट) पर सब्जियों, दवाओं और अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ड्रोन का ई-लोकार्पण किया। गृह मंत्री ने आईटीबीपी के 147 शहीदों पर बनी फ्लिप बुक को भी लांच किया। अमित शाह ने कहा कि देशवासी जब दीपावली के अवसर पर अपने घर में दिया जलाते हैं, तब वे एक दिया सीमा पर तैनात हमारे वीर जवानों के लिए भी जलाते हैं। देश की 130 करोड़ जनता पूरे दिल से वीर जवानों के त्याग, बलिदान, साहस और शौर्य का सम्मान करती है। देश की जनता चैन की नींद सोती है क्योंकि हमारे वीर जवान अपने जीवन के स्वर्णिम वर्ष सरहद पर देश की सुरक्षा के लिए समर्पित करते हैं। हिमवीरों का त्याग, सेवा और बलिदान अनमोल है और पूरा देश इसे नमन करता है।

**हिमवीरों का बलिदान देश याद रखेगा :** हमारे हिमवीरों ने पिछले 62 वर्षों से शौर्य, दृढ़ता और कर्मनिष्ठा के ध्येय वाक्य के साथ भारत की दुर्गम सीमाओं को सुरक्षित रखने का काम किया है। (शेष पेज 11 पर)

## सज गये 24 लाख दीपक, राम की पैड़ी पर आज बनेगा वर्ल्ड रिकार्ड

### दीपोत्सव : सीएम योगी की मौजूदगी में जगमग हो उठेगा भगवान श्रीराम की नगरी

एजेंसी



**अयोध्या ।** भगवान राम की नगरी में दीपोत्सव 2023 की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मुख्य कार्यक्रम स्थल राम की पैड़ी (हर की पौड़ी) परिसर में 24 लाख से अधिक दीपक सजा दिये गये हैं। 11 नवंबर की शाम करीब 6:00 बजे सीएम योगी सहित अन्य अतिथियों की मौजूदगी में 24 लाख से अधिक दीपक जलाकर एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जायेगा।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के वालंटियर और अन्य विभाग के कर्मियों ने दिन-रात मेहनत कर राम की पैड़ी के घाटों को दीपक से सजाया है। अलग-अलग घाटों पर क्रमवार सूचीबद्ध कर दीपक सजाये गये हैं। (शेष पेज 11 पर)

#### दीपकों से लिखे धार्मिक श्लोगन

दीपक की डिजाइन में जय श्री राम की आकृति के साथ ही भव्य विशाल राम मंदिर की आकृति भी बनायी गयी है। इसके अलावा धनुष बाण सहित अन्य आकृतियां दीपक के माध्यम से सजायी गयी हैं। साथ ही जय श्री राम भी कई स्थानों पर लिखा गया है। राम की पैड़ी के मार्ग पर जगह-जगह पर छात्राओं ने रंगोली भी सजायी है। राम की पैड़ी पर दीपक से लिखा है जय श्री रामराम।

#### दीपोत्सव में विदेशी सैलानी भी शामिल

भगवान राम के अयोध्या आगमन वाले दिन पर होने वाले आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम की प्रसिद्धि इस कदर है कि विदेशी पर्यटक भी इस शामिल हो रहे हैं. विदेशी पर्यटक अपने हाथों से राम की पैड़ी पर दीपक सजा रहे हैं। इसके अलावा बड़ी तादाद में छात्र और छात्राएं भी इसमें लगे हैं।

### लश्कर कमांडर गाजी की गोली मार कर हत्या

## भारत का एक और बड़ा दुश्मन पाकिस्तान में ढेर

एजेंसी

**कराची।** भारत के एक बड़े दुश्मन के पाकिस्तान में मारे जाने की खबर है। खैबर पख्तूनख्वा में शुक्रवार को अज्ञात बाइक सवार ने लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) के कमांडर अकरम खान गाजी की गोली मार कर दी। वह भारत के खिलाफ हर समय जहर ही उगलता था। अकरम भारत को अपना दुश्मन मानता था और भारत विरोधी बातें करता था। 2018 से 2020 तक लश्कर में भर्ती का काम अकरम गाजी के जिम्मे था। अकरम गाजी को दस नवंबर को बाजौर में अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। कश्मीर घाटी में आतंकी घुसपैठ कराने में उसकी अहम भूमिका रहती थी। अकरम की गिनती लश्कर के टॉप कमांडर्स में होती थी। काफी लंबे समय से वह आतंकी गतिविधियों को अंजाम देता आ रहा था। अकरम से पहले भी कई आतंकी इसी तरह मारे जा चुके हैं। मुफ्ती कैसर फारूक हो या खालिस्तानी आतंकी परमजीत सिंह पंजवड़, इनको भी हमलावरों ने मार गिराया था। इनके अलावा एजाज अहमद अहंगर, बशीर अहमद पीर जैसे तमाम आतंकियों की जान इसी तरह जा चुकी है।

साइबर क्राइम पर झारखंड हाइकोर्ट ने की मौखिक टिप्पणी

# साइबर फ्रॉड के पीड़ितों को पैसा कैसे वापस मिले, राज्य सरकार को करना चाहिए विचार

**सुनवाई के दौरान सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता कोर्ट के समक्ष हुए हाजिर**



महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार साइबर क्राइम की घटनाओं को लेकर चिंतित है। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार गुजरात मॉडल से भी बेहतर एक मॉडल बनाने को लेकर प्रयासरत है, जिससे साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों को पैसा वापसी से राहत मिले।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों के पैसे की वापसी मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर शुक्रवार को सुनवाई की। हाई कोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने झारखंड में साइबर फ्रॉड की घटनाओं पर गंभीरता दिखाते हुए सरकार से पूछा है कि क्या सरकार साइबर ठगी के शिकार लोगों को तात्कालिक राहत के लिए उनके पैसे वापसी के लिए फंड बनाने पर विचार रखती है? सुनवाई के दौरान सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता कोर्ट के समक्ष हाजिर हुए। उन्होंने कोर्ट को झारखंड में साइबर क्राइम की जांच प्रणाली, साइबर सेल सहित साइबर फ्रॉड रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी।

वही महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार साइबर क्राइम की घटनाओं को लेकर चिंतित है। उन्होंने बताया कि गुजरात में साइबर क्राइम के शिकार लोगों के पैसे वापस करने को लेकर एक मॉडल तैयार किया है, लेकिन उसमें कई कानूनी अड़चनें हैं। झारखंड सरकार गुजरात मॉडल से भी बेहतर एक मॉडल बनाने को लेकर प्रयासरत है, जिससे साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों को पैसा वापसी से राहत मिले। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक कहा कि सरकार यह देखे कि साइबर फ्रॉड को कैसे कंट्रोल किया जाए। उसके शिकार लोगों के अकाउंट में पैसा कैसे भेजा जाए। इसके लिए एक स्कीम तैयार किया जाना चाहिए।

सरकार इस संदर्भ में एक प्रपोजल तैयार कर शपथ पत्र के माध्यम से उसे प्रस्तुत करें। कोर्ट ने मौखिक कहा कि साइबर फ्रॉड के लिए झारखंड के जामताड़ा इलाका काफी चर्चित है। इसलिए इसके रोकथाम एवं साइबर क्राइम के पीड़ितों को पैसा वापस देने के लिए झारखंड से एक बेहतर पहल होनी चाहिए। कोर्ट ने मामले में इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर से भी सुझाव मांगा है। उससे पूछा है कि साइबर क्राइम रोकने के लिए क्या प्रणाली है, लोगों की पैसे वापसी में उसकी क्या भूमिका हो सकती है। अगली सुनवाई पांच दिसंबर को होगी। मामले में एमिकस क्यूरी सौम्या एस पांडे ने पक्ष रखा।

खंडपीठ ने मामले में इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर, होम सेक्रेटरी एवं आईटी सेक्रेटरी झारखंड, डीजी सीआईडी, एसपी सीआईडी, स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी को मामले में प्रतिवादी बनाया है। दरअसल, सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने साइबर क्राइम फ्रॉड रोकथाम एवं इसके शिकार लोगों की पैसा वापसी को लेकर एक पत्र हाई कोर्ट को लिखा था। जिस पर कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया है।

केन्द्र सरकार ने डैम की सफाई और मरम्मत पर पल्ला झाड़ा, कहा

# चानन डैम मामले में बिहार और झारखंड सरकार ही ले निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बांका, बिहार के चानन डैम से सिंचाई के लिए झारखंड को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में केंद्र सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि चानन डैम की मरम्मत एवं इस डैम के गाद को हटाने पर उसकी कोई भूमिका नहीं है। बिहार सरकार और झारखंड सरकार ही लगी इसपर निर्णय लेने में सक्षम है। कोर्ट ने केंद्र सरकार के जवाब पर बिहार सरकार एवं झारखंड सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई फरवरी 2024 निर्धारित की है।

दरअसल, कोर्ट ने पिछली सुनवाई में केंद्र सरकार से पूछा था कि चानन डैम में जो सिल्ट (गाद) जमा हो गए हैं, उसे हटाने के लिए बिहार सरकार के साथ संयुक्त अभियान चलाने के संबंध में लिखे गए पत्र पर केंद्र सरकार ने क्या निर्णय लिया है। इससे पहले बिहार सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चानन डैम से गाद हटाने के संबंध में भारत सरकार के साथ ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया जाना है। इसे लेकर भारत सरकार को वर्ष 2022 में बिहार सरकार द्वारा एक पत्र लिखा गया है लेकिन उसका अब तक केंद्र सरकार द्वारा बिहार सरकार के पत्र पर कोई जवाब नहीं आया है। पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया कि चानन डैम में 75% गाद भर गया है। इससे इस डैम की पानी की जमा रखने क्षमता मात्र 25% ही रह गई है।

दरअसल, बिहार सरकार ने चानन डैम से झारखंड को पानी देने में असमर्थता जताई है। वहीं झारखंड सरकार का कहना है कि उसे इस डैम से पानी मिलना चाहिए, ताकि गोड्डा में सिंचाई हो सके। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि चानन डैम में 6 कैनाल सिस्टम है, जिनमें 4 कैनाल सिस्टम झारखंड में आते हैं तथा दो बिहार में आते हैं। यह स्ट्रक्चर डैमेज हो चुका है जिसका रिपेयर करना जरूरी है ताकि गोड्डा जिला में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके। प्रार्थी निशिकांत दुबे ने गोड्डा में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी के लिए चानन डैम के कैनाल सिस्टम को रिपेयर करने का आग्रह करते हुए 2016 में जनहित याचिका दाखिल की थी।

# बोकारो के प्रधान जिला जज बने संतोष कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जिला जज रैंक के दो न्यायिक पदाधिकारियों और एक मजिस्ट्रेट रैंक के न्यायिक पदाधिकारी की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। ट्रांसफर-पोस्टिंग का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद इन न्यायिक पदाधिकारियों को अविलंब नये पदस्थापन वाली जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। जिला जज रैंक के न्यायिक पदाधिकारी संतोष कुमार (1) को प्रधान जिला जज बोकारो के पद पर नियुक्त किया गया है। फिलहाल यह झालसा में सचिव के पद पर कार्यरत थे।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रैंक के न्यायिक पदाधिकारी सचीन्द्र बिरुआ को रांची सिविल कोर्ट में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया गया है। यह फिलहाल लोकपाल के सचिव के पद पर कार्यरत थे।

मजिस्ट्रेट रैंक की न्यायिक पदाधिकारी इला कंडपाल की प्रतिनियुक्ति आर्म फोर्स ट्रिब्यूनल से वापस लेकर रांची विविल कोर्ट में न्यायिक दंडाधिकारी के रूप में की गयी है।

# सीएम से मुलाकात करेंगे एचइसी के मजदूर नेता, बकाया वेतन की समस्या पीएम के पास रखने की लगायेंगे गुहार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी स्थित एचईसी में कर्मियों को दो माह का वेतन मिल चुका है बावजूद अभी भी करीब 18 माह का वेतन बकाया है। कर्मियों का कहना है कि एचईसी प्रबंधन द्वारा दिया जा रहा वेतन ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। जिस तरह से दिवाली के मौके पर दो माह का वेतन दिया गया है, वह बिल्कुल भी उचित नहीं है। मजदूरों की समस्या बताते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि मजदूरों के बच्चों की स्कूल फीस और राशन दुकानदारों का बकाया कई महीनों का है। ऐसे में दो महीने की सैलरी से उनका कर्ज नहीं उतर पाएगा। इसके लिए विरोध का सिलसिला जारी रहेगा।

इस संबंध में मजदूर नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन से पहले सभी श्रमिक एचईसी मुख्यालय से बिरसा चौक तक कैंडल मार्च निकालेंगे और भगवान प्रार्थना करेंगे कि प्रधानमंत्री उनकी समस्याओं पर विचार करें। वहीं मजदूर संघ के नेता प्रबंधन से बकाया वेतन का भुगतान कराने के लिए मुख्यमंत्री से भी बात करेंगे, ताकि 15 नवंबर को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री एचईसी कर्मियों की समस्याओं के बारे में प्रधानमंत्री को विस्तार से जानकारी दे सकें।

**सभी मजदूर नेता मिलने जायेंगे**

एचइसी मजदूर संघ के नेता भवन सिंह ने कहा कि सभी मजदूर नेता मुख्यमंत्री से मिलेंगे और मजदूरों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराएंगे। मजदूर नेता भवन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान मजदूर नेता अपनी समस्याएं रखेंगे। उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री से यह भी आग्रह करेंगे कि कृपया स्थापना दिवस पर आ रहे प्रधानमंत्री के समक्ष कर्मियों की समस्या रखें। बता दें कि एचईसी की तीनों फैक्ट्रियों में करीब चार हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं। जिनमें से लगभग पन्द्रह सौ स्थायी मजदूर हैं तथा मात्र दो ढाई हजार अस्थायी मजदूर कार्यरत हैं। चार हजार मजदूरों का वेतन नियमित करने के लिए मजदूर नेता लगातार संघर्ष कर रहे हैं।

गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव हत्याकांड मामला

# विशाल सिंह को बेल देने से हाइकोर्ट का इनकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव हत्याकांड में शामिल सजायफ्ता विशाल सिंह को झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। विशाल सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की बेंच ने पिछली सुनवाई के दौरान सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। विशाल सिंह की ओर से वरीय अधिवक्ता अंजना प्रकाश ने बहस की थी। विशाल सिंह की जमानत अर्जी का अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पुरजोर विरोध किया था। उन्होंने अदालत को बताया कि हाईकोर्ट पूर्व में भी विशाल सिंह की ओर से दो बार जमानत दाखिल की गयी थी, जिसे अदालत खारिज कर चुका है। ऐसे में उसे बेल नहीं दी जानी चाहिए। विशाल सिंह को हजारीबाग सिविल कोर्ट आजीवन कारावास की सजा सुना चुका है।

# प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना की राशि नहीं दे रहा है केंद्र : आलमगीर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन की सरकार अक्सर केंद्र सरकार पर यह आरोप लगाते रही है कि वह केंद्र के सहयोग से चलनेवाली योजनाओं के लिए राशि निर्गत करने में उदासीन रवैया अपनाती है। इसी कड़ी में अब राज्य के संसदीय और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने केंद्र की सरकार पर राज्य के साथ सौतेला रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

मंत्री आलमगीर ने कहा है कि वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 के प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना के लिए भारत सरकार ने करीब 8 लाख लाभुकों के बनने वाले आवास की राशि रोक रखी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 90% से ज्यादा का लक्ष्य हासिल करने और कोरोना काल में भी बेहतरीन रिजल्ट देने के बावजूद भारत सरकार, राज्य को प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना के तहत घर बनाने के लिए मिलने वाली राशि नहीं दी है। मंत्री ने कहा कि दरअसल केंद्र की सरकार उन राज्यों के साथ भेदभाव कर रही है, जहां उनकी या उनके सहयोगियों की सरकार नहीं है।

**क्या है प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना**

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार ही लाभुकों का चयन हुआ था। वैसे वर्ष 2011 से 2023 तक वैसे भी जरूरतमंद युवाओं की बड़ी संख्या हो गई जिन्होंने नई गृहस्थी बसायी है। अब वह पुराने प्रधानमंत्री आवास योजना वाले आवास में नहीं रह सकते हैं। ऐसे लोगों को आवास प्लस योजना के तहत आवास उपलब्ध कराना था, लेकिन मंत्री आलमगीर आलम के अनुसार राज्य की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री तक से बात करने के बावजूद भारत सरकार ने दो वित्तीय वर्ष में बनने वाले करीब 08 लाख आवास प्लस योजना के तहत बनने वाले घरों की राशि निर्गत नहीं की है।

## दीपावली के दिन छाये रह सकते हैं बादल

**रांची।** दीपवली के दिन राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रह सकते हैं। इस संबंध में मौसम विज्ञान केन्द्र ने जानकारी दी है। मौसम विज्ञान केन्द्र से वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 12 नवंबर से 16 नवंबर तक राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहने की संभावना है। इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि बारिश की संभावना नहीं है। वहीं राजधानी रांची की बात करें तो 12 नवंबर से लेकर 16 नवंबर तक राजधानी में भी बादल छाये रह सकते हैं। साथ ही राजधानी के आसपास के जिलों जिसमें रामगढ़, गुमला, खूंटी, जमशेदपुर, हजारीबाग समेत अन्य हिस्सों में भी बादल का असर देखा जा सकता है। वहीं, अन्य जिलों में सुबह और शाम के वक्त कोहरा छाये रह सकते हैं। जिससे लोगों को ठंड का एहसास हो सकता है। मौसम विज्ञान केन्द्र की मानें तो 20 नवंबर के बाद ठंड बढ़ने की संभावना है। इस दौरान तापमान में अधिक गिरावट होगी।

मौसम विज्ञान केन्द्र की मानें तो न्यूनतम तापमान में आनेवाले पांच दिनों तक गिरावट नहीं होगी। केन्द्र की मानें तो 14 नवंबर तक राज्य का औसत अधिकतम तापमान इस दौरान 28 डिग्री सेल्सियस रहेगा। जबकि न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

जन्मदिन पर दी बधाई

# कैलाश यादव पटना में तेजस्वी यादव से मिले



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजद लोकतांत्रिक के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं झारखण्ड ओबीसी आरक्षण मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को जन्मदिन एवं धनतेरस के मौके पर पटना जाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कैलाश यादव ने तेजस्वी यादव के जन्मदिन के मौके पर उनसे कहा कि आप बिहार, झारखंड सहित देश के सबसे लोकप्रिय युवा नेता हैं। सभी लोगो की आकांक्षा है कि आप जल्द बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व निभाएं। मुलकात के दौरान तेजस्वी यादव ने कैलाश यादव का आभार व्यक्त किया और कहा की आप सेक्युलर विचारधारा को मजबूत करने वाले व्यक्ति हैं। इसलिए आपसे आग्रह है कि राजद में पुनः आने का जल्द निर्णय लीजिए।

विदित है कि कैलाश यादव राजद के वरिष्ठ नेताओं में शुमार रहें है। उनका राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव सहित सभी नेताओं से काफी मधुर संबंध रहे हैं। साथ ही वह पूर्व के संगठन में लंबे समय तक झारखंड प्रदेश के महासचिव सह प्रवक्ता सहित कई अहम पदों का दायित्व निभाते रहे हैं। वर्तमान में भी जनहित के सवाल पर मुखरता से कई सामाजिक संगठनों का दायित्व निभा रहे हैं।

# हाइकोर्ट ने सांसद निशिकांत दुबे के जवाब पर सरकार से मांगा प्रतिउत्तर

देवघर एम्स मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देवघर, एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने देवघर एम्स के मामले में प्रार्थी सांसद निशिकांत दुबे के जवाब पर राज्य सरकार से मांगा प्रतिउत्तर मांगा है। सांसद निशिकांत द्वारा मामले में राज्य के चीफ सेक्रेटरी के जवाब पर अपना शपथ पत्र दाखिल किया गया। इसमें संसद की ओर से कहा गया है कि चीफ सेक्रेटरी ने देवघर एम्स के पावर सब स्टेशन के लिए 64 करोड़ रुपए की लागत आने की बात कही है, जिसके लिए कैबिनेट की अप्रूवल जरूरी बताया है। सांसद का कहना है कि विगत एक माह में दो-तीन बार कैबिनेट की बैठक हो गई है लेकिन देवघर एम्स के लिए सरकार 64 करोड़ रुपए स्वीकृत करने पर दिलचस्पी नहीं दिख रही है। वहीं देवघर एम्स को पानी देने के सवाल पर प्रार्थी की ओर से कहा गया है की देवीपुर मल्टी विलेज स्कीम के तहत देवघर एम्स को पानी देने की बात कहीं जा रही है इससे पंचायतों को मात्र दो-तीन दिन ही पानी मिलती है। ऐसे में देवघर एम्स के लिए पुनासी डैम से जोड़कर पानी की व्यवस्था की जाए।

चीफ सेक्रेटरी ने अपने जवाब में बताया था कि देवघर एम्स में फायर फाइटिंग के लिए एक अग्निशमन वाहन उपलब्ध करा दिया गया है। जिसके जवाब में प्रार्थी निशिकांत दुबे की ओर से कहा गया है कि यह अग्निशमन वाहन मात्र चार-पांच तल्ला में आग बुझाने में सक्षम है जबकि देवघर एम्स 24 मंजिला है, ऐसे में इस अग्निशमन वाहन से काम नहीं होगा। देवघर एम्स के लिए शेष बचे 20 एकड़ जमीन उपलब्ध अब तक उपलब्ध नहीं होने मामले में चीफ सेक्रेटरी ने बताया है कि इस संदर्भ में उपयुक्त द्वारा जमीन अधिग्रहण के लिए प्रयास किया गया है। जिसमें सांसद का कहना है कि देवघर एम्स को 237 एकड़ जमीन आवंटित की गई थी लेकिन अब तक उसे मात्र 217 एकड़ जमीन ही मिली है, शेष 20 एकड़ दिलाने के लिए राज्य सरकार को एक समय सीमा निर्धारित करनी चाहिए। सांसद निशिकांत की ओर से यह भी कहा गया है कि देवघर एम्स के में कार्यरत कर्मियों के बच्चों के लिए वहां सेंट्रल स्कूल बनाने के लिए केंद्र सरकार तैयार है, लेकिन राज्य सरकार इसके लिए जमीन उपलब्ध नहीं कर रही है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने की। अगली सुनवाई 1 दिसंबर को होगी।

मामले में पूर्व की सुनवाई में राज्य के मुख्य सचिव एवं एम्स, देवघर के डायरेक्टर कोर्ट के समक्ष वर्चुअल रूप से उपस्थित हुए थे। प्रार्थी सांसद निशिकांत दुबे ने देवघर एम्स में इलेक्ट्रिक सबस्टेशन बनने, अप्रोचिंग रोड बनने, फ्लाईओवर बनने, आवश्यकतानुसार पानी की व्यवस्था होने, फायर सेफ्टी की पर्याप्त व्यवस्था आदि की सुविधा मुहैया कराने का आग्रह राज्य सरकार से किया गया है। याचिका में सांसद की ओर से कहा गया है देवघर एम्स में कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उनकी ओर से कोर्ट से देवघर एम्स के लिए पर्याप्त बिजली, पानी, पहुंच सड़क, फायर ब्रिगेड वाहन आदि की सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह कोर्ट से किया गया है।

मुख्यमंत्री पर एक और हवा हवाई घोषणा करने का लगाया आरोप

# कार्यकाल के अंतिम समय में मुख्यमंत्री को याद आये परीक्षार्थी : प्रतुल शाहदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को घोषणा वीर की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने कार्यकाल के आखिरी दिनों में छात्रों की प्रतियोगी परीक्षाओं में शुल्क माफी की वापसी की घोषणा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री के कार्यकाल में चंद महीने रह गये हैं तो उनको आदिवासी, मूलवासी, छात्र, पिछड़ा वर्ग सब याद आ रहे हैं। मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिये कि छात्रों का वे शुल्क माफी करने की घोषणा 4 वर्ष बाद क्यों कर रहे हैं। इन छात्रों को झामुमो के संकल्प पत्र में किये वादे के अनुसार 4 वर्षों तक बेरोजगारी भत्ता क्यों नहीं मिला। झामुमो ने स्पष्ट रूप से अपने मेनिफेस्टो में रोजगार नहीं मिलने तक बेरोजगार ग्रेजुएट्स को 5000 प्रति माह और पोस्ट ग्रेजुएट को 7000 प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को यह भी बताना चाहिये कि आदिवासी मूलवासी के हित में उन्होंने एक सरकारी संकल्प से 1932 के खतियान को क्यों नहीं लागू किया। उसे भूल भुलैया में क्यों फंसाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार 4 वर्षों में 20 लाख सरकारी नौकरियां हो जानी चाहिये थी लेकिन, अब तो हालत यह है कि सरकार मात्र 70-80 नियुक्तियों के भी बड़े-बड़े पोस्टर, बैनर लगाकर सूचना देती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अचानक पिछड़ा वर्ग भी याद आने लगा है जबकि उनको आरक्षण देने के लिए ट्रिपल टेस्ट कराने को अधिसूचित पिछड़ा वर्ग आयोग अभी तक अध्यक्ष विहीन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी सिर्फ घोषणाएं करते हैं और जब लोग उन्हें अपनी पुरानी घोषणा की याद दिलाते हैं तो वह नई घोषणा करके एजेंडा बदलते हैं।

# पुलिसिंग के विभिन्न आयामों से जुड़े विभिन्न विषयों पर हुई गहन चर्चा: पुलिस महानिदेशक

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में प्रत्येक वर्ष डीजीपी, आइजीएसपी कांफ्रेंस का आयोजन किया जाता है। इस सम्मेलन में पुलिसिंग के विभिन्न आयामों से संबंधित विषयों पर गहन चर्चा के बाद गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुशंसा के रूप में सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को अनुपालन के लिए भेजा जाता है। इनमें से कुछ अनुशंसा राज्य स्तर पर एवं जिला, थाना स्तर तक नियमित रूप से लागू की जाती है। इन सभी अनुशंसा के अनुपालन का अनुश्रवण गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जाता है। चूँकि इन अनुशंसाओं का क्रियान्वयन लगातार जिला एवं थानों के माध्यम से भी होना आवश्यक है क्योंकि कुछ अनुसंधान में फोटो और वीडियो की भी आवश्यकता होती है, इसलिये हार्ड कॉपी में इन अनुसंधान का क्रियान्वयन सभी पुलिस इकाईयों से प्राप्त करना एवं उसको संकलित करना सभी स्तर के लिये समय लगने वाला एवं गहन संसाधन वाली प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया के सरल तथा बेहतर अनुश्रवण के लिए झारखण्ड पुलिस मुख्यालय द्वारा एक ऑनलाइन पोर्टल बनाया गया है। 10 नंबर 2023 को पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में इस पोर्टल का अनावरण पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर झारखण्ड पुलिस सभागार से अजय कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड, आर के मल्लिक, अपर पुलिस महानिदेशक, बितत‍ु मुरारीलाल मीणा, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, डॉ संजय आनन्दराव लाटकर, ऊपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, प्रिया दूबे ऊपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण, मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, अखिलेश झा. पुलिस महानिरीक्षक, मानवाधिकार अमोल विनुकान्त होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, अन्नेषु विजयालक्ष्मी पुलिसउप-महानिरीक्षक, कार्मिक, सुनील मास्कर, पुलिस उप महानिरीक्षक, झासपु तथा अमित रेणु, पुलिस अधीक्षक, अभियान उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अपराध अनुसंधान विभाग रेल के वरीय पदाधिकारी झारखण्ड सहित वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद रांची एवं जमशेदपुर तथा सभी जिला के पुलिस अधीक्षक, सभी समादेष्टा शासपु, आईआरबी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने छठ घाटों पर तैयारियों का जायजा लिया



जमशेदपुर। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जी आज सुबह कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर 5 छठ घाट,कदमा शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर 3 छठ घाट,कदमा निर्मल छठ घाट,कदमा रामजन्म नगर छठ घाट,कदमा सती छठ घाट,कदमा ग्रीन पार्क सब स्टेशन छठ घाट,सोनारी डोमुहानी छठ घाट,नील सरोवर छठ घाट में तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान छठ पूजा पर छठ घाटों की ससमय साफ-सफाई,महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, छठ घाट में डेंजर डोन चिन्हित करने, बेरिकेडिंग, गोताखोर, विद्युत पोल एवं रोशनी की व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। इस दौरान मनोज झा, प्रभात ठाकुर, बबुआ झा,संजय तिवारी,माजिद अख्तर,आमित प्रसाद,संजीव झा, रवि दुबे, राजू मलिक,मनोज भगत,आलोक मुन्ना,रोशन सिंह, शुभम सिंह,कृष्णा चालक, कृष्ण शर्मा, राकेश जायसवाल, सुमित झा, निरंजन प्रसाद,चिराग सिंह, अभिषेक मोहंती, राजकुमार दास, राजेश रजक,विनोद कुमार उपस्थित थे।

## मंगल कालिंदी ने शिव काली मंदिर समेत कई छठ घाट का किया निरीक्षण



जमशेदपुर। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत राहरगोड़ा शिव काली मंदिर में छठ घाट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और गुणवत्ता से काम करने का निर्देश दिया। वही दूसरी और गदड़ा गांधीनगर स्थित वेंडो बार्जो तालाब मे छठ घाट बनाने हेतु तालाब की साफ सफाई करवाने का आश्वासन स्थानीय लोगों को दिया और गदड़ा विश्वाकर्मा पूजा मैदान में छठ घाट निर्माण करवाने हेतु स्थानीय लोगों के साथ स्थल का निरीक्षण किया और जल्द निर्माण करवाने हेतु कार्य प्रारंभ करने का स्थानीय कार्यकताओं को आदेश दिया। मौके पर झामुमो नेता मनोज यादव, राकेश सिंह, बिश्वजीत भगत, बिरजु पात्रो, मुन्ना चौधरी, विकाश स्वर्णकार, मनोज दास, लखन सामद आदि झामुमो नेता और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## महिला आरक्षी की चौथे तल्ले से गिरकर मौत



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला पुलिस बल की महिला आरक्षी कुमारी ललिता आज अपने विभागीय आवास के चौथे तल्ले से गिर कर गंभीर रुप से घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें तुरंत इलाज के लिए टीएमएच पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कुमारी ललिता अपने सरकारी आवास एचसी ब्लॉक ए क्वार्टर नंबर 10 में अपने परिवार के साथ रह रही थी। उक्त महिला आरक्षी वर्तमान में प्रतिनियुक्ति पुलिस केंद्र में थी। आज 10 नवंबर को ललिता कुमारी अपने आवास के चौथे तल्ले की छत से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गई परिजन उन्हें उठाकर टाटा मैन हॉस्पिटल इलाज के लिए ले गए जहां इलाज के क्रम में डॉक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। ललिता कुमारी के परिवार में पति संजय राम जो तोलरा पोस्ट थाना रहल जिला पलामू के रहने वाले हैं। परिवार में ललिता कुमारी के बच्चे भी हैं।

## स्कूटी के झोला में रखे 2.13 लाख रुपये उड़ाने वाला अवध गिरफ्तार

जमशेदपुर। जमशेदपुर पुलिस ने पिछले दिनों स्कूटी के होला में रखे गए 2.13 लाख रुपये चोरी गए मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए संलिपिता अभियुक्त अवध कुमार सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्त अवध कुमार सिंह के पास से पुलिस ने 1.40 लाख नगद बरामद किया किया गया है। साथ ही घटना के समय पहना हुआ कपड़ा में काला रंग का फुल पैंट ग्रे रंग का फुल शर्ट एक काला रंग का हेलमेट तथा एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया। पुलिस ने अभियुक्त अवध कुमार सिंह को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अवध कुमार सिंह 35 वर्ष का है और वह शंकु साईं रोड नंबर 1 दुर्गा मंदिर के समीप रहता ह।ै ज्ञात हो की वादी बैजनाथ अग्रवाल के द्वारा मैंगो थाने में एक प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी जिसमें कहा गया था कि उसने स्कूटी में एक झोला में 2,13000 रखा था जिसे अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। पूर्वी सिंहभूम के सीनियर एसपी किशोर कौशल के मार्गदर्शन में कांड में संकलित अभियुक्त गिरफ्तारी के लिए एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल टीएसपी मुकेश लुणावत के नेतृत्व में गठित किया गया जिसमें डीएसपी मुख्यालय वन भी शामिल थे। इस टीम ने ही अनुसंधान के क्रम में अवध कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है।

# धनतेरस पर जमशेदपुर में 250 करोड़ रुपये के सोने-चांदी व अन्य समानों की हुई बिक्री

## लोगों ने खूब खरीदे वाहन, रसोई उपकरण, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान एवं झाड़ू



तनिष्क के बिष्टुपुर शोरूम में हार पसंद करती एक महिला।



टीबीजेड ज्वेलर्स, बिष्टुपुर के शोरूम में हार पहन कर आईना देखती एक महिला ग्राहक।



नटवरलाल सुखलाल ज्वेलर्स, साकची के शोरूम में ज्वेलरी पसंद करता एक व्यक्ति।



बिष्टुपुर बाजार में धान की बाली की खरीददारी करतीं मां-बेटी।



बिष्टुपुर बाजार में झाड़ू खरीदती स्कूटी सवार एक युवती।



देवी लक्ष्मी और गणेश भगवान की मूर्ति की खरीददारी करता एक परिवार।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। दिवाली त्यौहार के लिए शुक्रवार से शुरू हुए पांच दिवसीय दीप महोत्सव का पर्व देश भर में उत्साह और उमंग के साथ शुरू हुआ। आज धनतेरस से प्रारंभ इस श्रृंखला में कल रूपचतुर्दशी, 12 नवंबर को दिवाली, 13 नवंबर को गोवर्धन पूजा एवं अन्नकुट तथा 15 नवंबर को भैया दूज के त्यौहार मनाए जाएंगे। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के एक अनुमान के अनुसार शुक्रवार को देश भर में 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का व्यापार हुआ वहीं अकेले झारखण्ड में ही शुक्रवार को 1 हजार करोड़ रुपये और जमशेदपुर में 250 करोड़ के व्यापार हुआ। मार्केटों में चारों तरफ ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही थी। कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थालिया ने बताया कि आज धनतेरस के दिन गणेश जी, लक्ष्मी जी, कुबेर जी की मूर्तियां अथवा चित्रों को खरीदा जाता है वहीं आज के दिन वाहन, सोने चाँदी के जेवर, बर्तन, रसोई के उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुएँ सहित झाड़ू खरीदने को भी शुभ माना जाता है । इसके अलावा दिवाली में दिये का प्रकाश करने हेतु मिट्टी के दीये, बंदनवार, घर एवं ऑफिस को सजाने की वस्तुओं, फर्निशिंग फैब्रिक, दिवाली पूजन सामग्री को भी खरीदना शुभ माना गया है। ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डसमीथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया कि आज देश भर में सोने-चाँदी एवं अन्य वस्तुओं का लगभग 30हजार करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। जहां सोने का सामान आज लगभग 27 हजार करोड़ का बिका वहीं चांदी का व्यापार भी लगभग 3 हजार करोड़ का हुआ । पिछले वर्ष धनतेरस पर लगभग यह कारोबार 25 हजार करोड़ रुपये का था । गत वर्ष सोने के दाम 52000 रुपये प्रति 10 ग्राम था जबकि उस बार यह 62000 प्रति 10 ग्राम है। दूसरी ओर चांदी पिछली दीवाली 58000 भाव से बिकी थी और अब 72000 रुपये प्रति किलो के दाम हैं । एक अनुमान के अनुसार आज धनतेरस पर देश मे लगभग 41 टन सोना और तकरीबन 400 टन चांदी के गहने ओर सिक्के की बिक्री हुई। देश मे लगभग 4 लाख छोटे बड़े ज्वेलर्स हैं जिनमें 1 लाख 85 हजार जेवेलर्स भारतीय मानक ब्यूरो मे रजिस्टर जेवेलर्स है और लगभग 2 लाख 25 छोटे ज्वेलर्स हैं जो उन क्षेत्रों में जहां सरकार ने अभी बीआईएस लागू नहीं किया है। प्रति वर्ष विदेश से लगभग 800 टन सोना तथा लगभग 4 हजार टन चाँदी आयात होती है। सोन्थालिया ने बताया कि आज धनतेरस भर भगवान धन्वंतरि का भी प्रादुर्भाव हुआ था धनतेरस के दिन भगवान विष्णु के अवतार और आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर निकले और उन्हें आरोग्य और औषधियों का देवता माना गया है, ऐसे में यह दिन आरोग्य और स्वास्थ्य का है। वहीं उत्तम स्वास्थ्य या निरोगी काया को सबसे बड़ा धन माना गया है, ऐसे में धनतेरस के दिन रुपये-पैसों के लिए नहीं बल्कि उत्तम स्वास्थ्य के लिए भी पूजा अर्चना की जाती है। इस दिन सभी भगवान धन्वंतरि की करते हैं । ऐसा माना जाता है कि अगर घर में कोई बीमार व्यक्ति है तो इस दिन पूजा अर्चना करके निरोग की कामना करनी चाहिए और चर लग्न में औषधियां लेनी चाहिए। भगवान धन्वंतरि ही नहीं बल्कि सभी देवताओं का प्रिय रंग पीला है, इसलिए इस दिन पीली चीजें या स्वर्ण खरीदा जाता है। जमशेदपुर में जहां थोक माकेटों जुगसलाई, साकची और बिस्तुपुर में बड़े व्यापारी की उम्मीद है वहीं रिटेल बाजार बागबेड़ा, परसूदिह, जुगसलाई, बिस्तुपुर, ल्लॅड्ङ, सिदगोड़ा, एग्रीको, बारिदीह साकची, कदमा, कगलनगर, आदित्यपुर, और गमहरिया, गोलमुरी , खरगंगाझड और टेल्को सहित विभिन्न रिटेल बाजारों में सामानों में विशेष रूप से बिक्री हुई।

# चीन और पाक युद्ध लड़ चुके भारतीय सेना के नायक देवराज तिवारी पंचतत्व में विलीन

खबर मन्त्र ब्यूरो



स्वर्णरेखा घाट पर अंतिम विदाई देने पहुंचे भारती सेना के प्रतिनिधि।

जमशेदपुर। भारतीय थल सेना से सेवानिवृत्ति और 1962 1965 और 1971 युद्ध में अपनी अहम भागीदारी निभाने वाले नायक देवराज तिवारी का सैनिक सम्मान के साथ भुइयांडीह स्वर्णरेखा घाट में अंतिम संस्कार किया गया। भारतीय सेना की स्थानीय यूनिट 220 फील्ड रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर की तरफ से जवानों ने रिथ चढ़ाकर श्रद्धाजंलि एवं सलामी दी। वहीं पूर्व सैनिकों की टुकड़ी ने झारखंड राज्य सैनिक निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर निरंजन कुमार एवं जिला सैनिक बोर्ड चाईबासा के कल्याण पदाधिकारी कर्नल किशोर सिंह के प्रतिनिधि के रूप में रिथ चढ़ाकर सलामी दिए। इस सम्मान यात्रा में सैनिक परिवार के साथ-साथ बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं लौह नगरी के देशभक्ति शामिल हुए। झारखंड पुलिस के पी सी आर ने इस अंतिम सम्मान यात्रा की अगुवाई की। सलामी के बाद बेटे को तिरंगा ध्वज सौंपा गया। हिन्दू रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना के बाद बेटे ने मुखाग्नि दी एवं परिवार के लोगों ने पांच फेर लिए। वीर सैनिक देवराज तिवारी अमर रहें... भारतीय सेना जिंदाबाद... भारत माता की जय... के नारों से पूरा स्वर्णरेखा घाट गूंजता रहा। वीर सैनिक का पार्थिव शरीर टाटा मुख्य अस्पताल से लाने एवं आवास से बर्निंगघाट तक पार्थिव शरीर को ले जाने के लिए मोक्ष वाहन कोशिश संस्था के संस्थापक एवं समाज सेवी शिव शंकर सिंह के द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्स सर्विसमैन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष बृजकिशोर सिंह जिलामंत्री दिनेश सिंह जिला उपाध्यक्ष डॉ कमल शुक्ला वरिष्ठ सदस्य चंद्रमा सिंह रमेश प्रसाद शर्मा अशोक श्रीवास्तव अजय कुमार रवि कुमार प्रदीप वर्मा कुंदन सिंह अभय सिंह आनंद पाठक अशोक बाजपेई कौशल चौबे उपेंद्र प्रसाद सिंह मुकेश सिंह विजेंद्र सिंह डी के वर्मा राधेश्याम बरमेश्वर पांडे आदि उपस्थित हुए।

## शेन इंटरनेशनल स्कूल में दिवाली समारोह की धूम



जमशेदपुर। शेन इंटरनेशनल स्कूल में, दिवाली के एक जीवंत उत्सव ने परिसर को खुशी और सांस्कृतिक समृद्धि से रोशन कर दिया गया। इस उत्सव के अवसर पर समावेशिता को बढ़ावा देने और परंपराओं का सम्मान करने के लिए विविध भारतीय त्योहारों को अपनाने के स्कूल के लोकाचार का शानदार ढंग से उदाहरण दिया गया। पूरे स्कूल में उत्साह का संचार हो गया क्योंकि शिक्षकों और छात्रों ने एक साथ मिलकर पूरे स्कूल परिसर को जीवंत रंगोली सजावट से सजाया, जो हर कोने में दिवाली की भावना को दशार्ता है। छात्रों ने आश्चर्यजनक सजावटी दीये और तोरण बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। रमा श्रीनिवास, प्रिंसिपल, पुष्पा भल्ला, प्रिंसिपल (एडमिनिस्ट्रेशन), केया अदक, वाइस प्रिंसिपल और सिमरन सग्गू, हेडमिस्ट्रेस ने रोशनी के शुभ त्योहार को चिह्नित करने के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## सोना देवी यूनिवर्सिटी में मना दीपोत्सव

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। सोना देवी यूनिवर्सिटी एसडीयू-घाटशिला, के प्रांगण में दीपावली महापर्व के उपलक्ष्य में सत्र की छुट्टियों के पूर्व 'दीपोत्सव-दिवस' का आयोजना किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विवि के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ,कुलपति डॉक्टर जेपी मिश्र एवं कुलसचिव डॉक्टर गुलाब सिंह आजाद मौजुद रहे। कार्यक्रम का संचालन उमेश कुमार, अनसूया राय ,डॉक्टर राजन कुमार, डॉ पूजा तिवारी एवं धीरज शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में- रंगोली, गायन, संगीत आदि प्रतियोगिता का भी अयोजन किया गया। इस अयोजन को सफल बनाने में विवि के सभी प्रोफेसर, शिक्षक व गैर शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा अन्य सभी का योगदान रहा। इस अवसर पर अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का संदेश भी छात्रों को दिया गया।

## वल्लभ यूथ ऑर्गेनाइजेशन ने दृष्टिहीन दिव्यांगों को भेंट किया अत्याधुनिक स्मार्ट स्टिक

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। वल्लभ यूथ ऑर्गेनाइजेशन की ओर से जमशेदपुर प्रखंड के दलदली पंचायत के गोबिंदपुर माहतोबांध निवासी किष्टमणि प्रमाणिक एवं दिवाकर माहतो को अत्याधुनिक स्मार्ट स्टिक भेंट किया गया। शुक्रवार को नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाड़ंगी के पहल पर दोनों नेत्रहीन दिव्यांगों को संस्था वल्लभ यूथ ऑर्गेनाइजेशन की तरफ से स्मार्ट स्टिक मुहैया कराया गया। किष्टमणि प्रमाणिक एवं दिवाकर माहतो जन्म से ही देख पाने में अशामर्थ थे। जिसकी जानकारी समाजसेवी एवं जादूगोड़ा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह के माध्यम से नाम्या स्माइल फाउंडेशन के कुणाल षाड़ंगी को दी गयी। पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने मामले की गंभीरता समझते हुए वल्लभ यूथ ऑर्गेनाइजेशन की तरफ से स्मार्ट स्टिक की इंतजाम करवाकर दोनों को स्मार्ट स्टिक प्रदान की। इस दौरान कुणाल षाड़ंगी ने स्मार्ट स्टिक के बेहतर उपयोग एवं रखरखाव के संबंध में उन्हें पूरी जानकारी भी दी। इस अवसर पर कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि नेत्रहीन की डगर कितनी मुश्किल है, इशाका एहसास आपको तब होगा जब आप पल दो पल के लिए अपनी आंखें बंद कर कदम बढ़ाने क्टी क्टोशिश करेंगे।

## सामाजिक संस्था लोक समर्पण ने दीपावली सामग्री का किया वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। लौहनगरी जमशेदपुर की लोकप्रिय सामाजिक संस्था लोक समर्पण के तत्वावधान में शुक्रवार को जोन नं. 8, बिरसानगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में तीन सौ बच्चों के बीच दीया-बत्ती, तेल, खोई, फुलझड़ी, पटाखा, खिलौना आदि दीपावली सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या पूनम कुमारी, सहायक शिक्षक पी रामू राव, भाजपा नेता श्रीराम प्रसाद, बबलू गोप, बोल्टू सरकार, सरिता देवी, दीपक रविदास, प्रकाश रविदास, लखीचरण रविदास उपस्थित थे। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के बाद रविदास बस्ती, बिरसानगर में लोक समर्पण के अध्यक्ष ललित दास ने एक गरीब के घर दीया भी जलाया। इस दौरान उपस्थित बस्ती के लगभग 50 महिलाओं के बीच दीपावली पूजन सामग्री का वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान संस्था के अध्यक्ष ललित दास ने उपस्थित बच्चों से सुरक्षित दीपावली मनाने का आग्रह किया।

# सप्लाई चेन जेडीसी बना चैंपियन, सीआरएम उप-विजेता

टाटा स्टील का इंटर जेडीसी क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



चैंपियन टीम को शील्ड प्रदान करते टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी व उप सभापति शैलेश सिंह।



उप-विजेता टीम को शील्ड प्रदान करते अतिथिगण।

जमशेदपुर। टाटा स्टील के खेल विभाग द्वारा 26 अक्टूबर से 10 नवंबर 2023 तक आर्मरी ग्राउंड जमशेदपुर में इंटर क्रिकेट टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए और ग्रुप एचआर एवं आईआर के चीफ जुबिन पलिया सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्रतिभागियों की खेल भावना को प्रोत्साहन देने के लिए चीफ स्पोर्ट्स मुकुल चौधरी भी उपस्थित थे। टूर्नामेंट में टाटा स्टील की 35 जेडीसी इकाइयों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। इस वर्ष की प्रतियोगिता में 560 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। असाधारण कौशल और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए, सप्लाई चेन विजेता के रूप में उभरी, जबकि सीआरएम ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। इस टूर्नामेंट में कोक प्लांट दूसरे उपविजेता के रूप में उभरा। निष्पक्ष खेल और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए, टूर्नामेंट को प्रसिद्ध तकनीकी अधिकारियों की विशेषज्ञता से लाभ हुआ, जिनमें कुणाल मिश्रा, अमितेश कुमार मिश्रा, लालू प्रसाद यादव, सफदर शाहिद, देवराज सरकार, सनी कुमार नामता, अमित कुमार भारती और अनीश अब्राहम ने अपनी भूमिका सराहनीय ढंग से निभाई। खेल को प्रोत्साहन और अपने कार्यबल के बीच सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने के लिए टाटा स्टील की प्रतिबद्धता पूरे टूर्नामेंट में स्पष्ट रूप से दिखी। इस आयोजन ने कर्मचारियों को अपने क्रिकेट कौशल का प्रदर्शन करने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ावा देने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया।

## खबर एक नजर में

### बहरागोड़ा : आंध्र प्रदेश से आ रही दो कारों को पुलिस ने रोका, 100 किलो गांजा बरामद



जमशेदपुर। जमशेदपुर ग्रामीण पुलिस ने बहरागोड़ा थाना अंतर्गत एक गुप्त सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कारों से 100 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने इस क्रम में मारुति सुजुकी सियाज कार और टाटा इंडिगो मांजा कर को जब्त करके दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में घाटशिला मऊ भंडार निवासी 24 वर्षीय आकाश नामाता और घाटशिला के बनकटी पोस्ट ऑफिस कप्पगोड़ा निवासी 25 वर्षीय सौरभ कुमार दास शामिल हैं। यह जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने आज पत्रकारों को दी। ग्रामीण एसपी श्री गर्ग ने बताया कि गत 9 नवंबर को गुप्त सूचना मिली थी उड़ीसा राज्य की तरफ से टाटा इंडिगो माजा कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 05 ए वी 4968 और मारुति सुजुकी सियाज कार रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 05 बीडी 8237 में छुपा कर गांजा की तस्करी होने वाली है। ग्रामीण एसपी ने घाटशिला के एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया। इस दल ने एनएच- 49 पर जसोला पुल के पास सशस्त्र बल के साथ उक्त कारों को रोका और जांच की। जांच के दौरान मारुति सुजुकी सियाज से और टाटा इंडिगो मजा कर से चालक निकलकर भागने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी करके मारुति सुजुकी सियाज के चालक एवं उसके साथ के व्यक्ति को दौड़ा कर गिरफ्तार कर लिया जबकि टाटा इंडिगो मांझा कर का चालक एवं उस पर सवार एक अन्य व्यक्ति सड़क पर पुलिस की चेकिंग देखकर पीछे से ही सड़क के किनारे अपनी गाड़ी खरीद कर जंगल -झाड़ी का फायदा उठाकर भाग गए। पुलिस ने मारुति सुजुकी सियाज कर की डिक्की की जांच करने पर उसमें 10 पैकेट गांजा बरामद किया जिसका कुल वजन 49.2 किलोग्राम एवं टाटा इंडिगो मजा कर की डिक्की से भी 10 पैकेट गांजा बरामद किया गया जिसका वजन 51.170 किग्रा था। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों व्यक्तियों द्वारा बताया गया के लोग और आकू वाली आंध्र प्रदेश से गंजा खरीद कर ला रहे थे और इसे आदित्यपुर घाटशिला गालूडी धालभगढ़ जादूगोड़ा और आसपास के क्षेत्र में बेचने की योजना थी।

### कोल्हान वीरांगना ने दीपावाली से पहले जरूरतमंद बच्चों में बांटी दीये, मिठाइयां और फुलझड़ी



जमशेदपुर ।अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन की कोल्हान जोन ईकाई के द्वारा प्रदेश संरक्षक प्रभा सिंह के मार्गदर्शन में एवं लीगल एडवाइजर ऐडवोकेट दीपा सिंह के नेतृत्व में दीपावाली पूर्व जरूरतमंद बच्चों में मिठाइयां और फुलझड़ी पटाखे का वितरण किया गया। साउथ पार्क टीओपी, शिवमंदिर, प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में वीरांगनाओं ने कई जरूरतमंद बच्चों के बीच दीए, फुलझरियां, पटाखे और मिठाइयां वितरित की, ताकि उनकी भी दीवाली हंसी खुशी से मन सके। इस आयोजन में प्रदेश पदाधिकारी सरोज सिंह, कोल्हान वीरांगना की सचिव ललिता रॉय, पूर्वी सिंहभूम वीरांगना की उपाध्यक्ष कृष्णा सिंह, महासचिव मंजू सिंह, संरक्षक ज्ञानती सिंह, जिला पदाधिकरी पुर्णिमा सिंह, गोलमुरी अध्यक्ष कंचन सिंह, सरायकेला वीरांगना की महासचिव शशिप्रभा सिंह, कोल्हान जोन की महासचिव नीलू सिंह, सरायकेला की जिलाध्यक्ष संजू सिंह, महासचिव शशिप्रभा सिंह, उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह, सचिव रेनू सिंह, पूर्वी सिंहभूम की महासचिव मंजू सिंह, उपाध्यक्ष कृष्णा सिंह, सचिव पूर्णिमा सिंह, माधवी सिंह, साकची मण्डल अध्यक्ष सरोज सिंह, मानगो मंडल अध्यक्ष रेखा सिंह, गोलमुरी मंडल अध्यक्ष कंचन सिंह, महासचिव रिंकु सिंह, बिष्टुपुर मंडल की श्रीमती पुष्पा सिंह आदि उपस्थित थीं। आयोजन में एक दूसरे को सिंदूर लगाकर पारंपरिक कार्यक्रम भी किए गए।

### कपाली में एसएचजी की 60 महिलाओं को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का विजिट कराया गया

जमशेदपुर। कपाली नगर परिषद के महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के कुल 15 समूहों में से 60 महिलाओं को कमारगोड़ा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का एक्सपोजर विजिट कराया गया। कपाली नगर परिषद में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के इनिशिएटिव ₹वूमेन फॉर वॉटर वाटर फॉर वूमेन कैंपेन₹ अंतर्गत ₹जल दिवाली ₹ कार्यक्रम के तहत वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के एक्सपोजर विजिट से महिलाओं को शुद्ध जलापूर्ति की जानकारी दी गई। महिलाओं को जल शोधन की विधि, जल की गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जलापूर्ति से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रति महिलाओं में सेंस ऑफ ऑनरशिप विकसित करना है। इस मौके पर कपाली नगर परिषद के प्रशासक तर्निश कुमार हंस ने स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए पूरे वाटर प्लांट के कार्य प्रणाली से स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को अवगत कराया गया। इस मौके प्रशासक तर्निश कुमार हंस ने दिवाली को लेकर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के एक्सपोजर विजिट में शामिल महिलाओं को स्टील का बोतल तथा कपड़े से बने थैला देकर दीपावली की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम में नपं के प्रशासक तर्निश कुमार हंस, नगर प्रबंधक रंजन पांडेय व दिनेश्वर यादव , नगर मिशन प्रबंधक, राजन कुमार, कनीय अभियंता अल्फांसियस मरांडी एवं निशांत वर्मा एवं कार्यालय कर्मीगण मौजूद थे।

### एसडीएसएम स्कूल में वार्षिक प्रदर्शनी संपन्न



जमशेदपुर। एस. डी.एम. स्कूल फर एक्सीलेंस,सिदगोड़ा के प्रांगण में 10 नवंबर 2023, दिन शुक्रवार को वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा किया गया जिसका शुभारंभ प्राचार्य श्रीमती मौसमी दास उप-प्राचार्य और सभी विषय संयोजक द्वारा दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर इस प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया गया। विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं रचनात्मक मडल चार्ट एवं चित्रों तथा व्याकरण संबंधित रचनात्मक कार्यो को प्रदर्षित किया जो बहुत ही सराहनीय था। वार्षिक प्रदर्शनी में विद्यालय में विषय वार (हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, समाजशास्त्र, कला शास्त्र, कंप्यूटर विज्ञान, वाणिज्य शास्त्र तथा शारीरिक शिक्षण) शिक्षक- शिक्षकों द्वारा दिए गए विषयों पर बच्चों ने डीएनए फिंगरप्रिंट, चंद्रयान-3 ,वर्षा जल संचय ,सीता स्वयंवर, राम मंदिर और त्रित बुद्धिमता पर मॉडल बनाकर सभी अभिभावकों का मन मोह लिया। जिसमें कला एवं शिल्प विभाग तथा कंप्यूटर विभाग आकर्षण का केंद्र बना रहा। बहुत बड़ी संख्या में अभिभावकगण प्रदर्शनी का आनंद लेते हुए बच्चों द्वारा बनाए गए प्रदर्शनी की सराहना करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## स्पीड न्यूज

### आपत्तिजनक पोस्ट करने व करानेवाले बख्शे नहीं जायेंगे : एसपी



मेदिनीनगर। पलामू पुलिस ने दीपावली व छठ महापर्व को सौहार्द, शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारे के बीच मनाने की अपील की है। पलामू पुलिस कप्तान रीष्मा रमेसन ने कहा कि आपत्तिजनक पोस्ट, फोटो, वीडियो या भ्रामक सूचना सोशल मीडिया, व्हाटसप, फेसबुक व टियूटर पर न डालें। यदि किसी व्यक्ति के द्वारा ऐसा कृत्य किया जाता है तो वे बख्शे नहीं जायेंगे। वैसे लोगों के विरुद्ध सुसंगत धारा के तहत कार्रवाई की जायेगी। एसपी ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि आपके मोबाईल पर आपत्तीजनक, भड़काउ पोस्ट, फोटो, वीडियो यदि मिलता है तो उसे अन्य मोबाईल नंबर या सोशल मीडिया पर शेयर न करें। इसके बजाय जिला के कंट्रोल रूम के व्हाटस अप नंबर 99344665613 पर शेयर करें। पलामू पुलिस के टियूटर हैंडल @ पुलिस पलामू पर सूचना दें या संबंधित थाना के अलावे 100 नंबर पर सूचना दें। उन्होंने जिलेवासियों से अपील किया कि किसी भी पर्व त्योहार को आपसी सौहार्द के साथ मनायें। पुलिस को सहयोग प्रदान करें।

### बिश्रामपुर नगर परिषद द्वारा चलाया गया सिंगल यूज प्लास्टिक दान अभियान



विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर नगर परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शुक्रवार को स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली के तहत बी मोड़,रेहला स्टेशन रोड व शुक्र बाजार रोड में सिंगल यूज प्लास्टिक दान अभियान चलाया गया। इसके तहत डोर-टू-डोर,स्टोर-टू-स्टोर 'स्वेक्षा से सिंगल यूज प्लास्टिक दान स्वरूप लिया गया। दुकानदारों और आम लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक से हो रहे नुकसान के बारे में भी बताते हुए उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई। अभियान का नेतृत्व कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन खुद कर रहे थे। हुसैन ने कहा कि लोगों को अभी स्वेच्छा से सिंगल यूज प्लास्टिक दान देने का अवसर दिया गया है। कुछ दिन बाद अभियान चलाकर जब्त किया जायेगा। जिसके पास से भी सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद होगा उस पर जुमार्ना लगाते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। अभियान में सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, निवर्तमान वार्ड पार्षद मजमुदिन अंसारी, दिनेश शुक्ला, किरण शर्मा, विजय कुमार रवि, रामचंद्र राम, जेई विभूति भूषण, अजीत टुड्डू, सुबोध केशरी, रवि, मुरारी सहित कई लोग शामिल थे।

### संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



बिश्रामपुर (पलामू)। पूनम तिवारी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के दोनो शाखा बिश्रामपुर व पाटन में रंगोली प्रतियोगिता तथा दिया डेकोरेशन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें पहली कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक के छात्र छात्राएं शामिल हुईं। छात्राओं द्वारा कईतरह के आकर्षक रंगोली बनाई गई। प्रतियोगिता में 50 से अधिक रंगोली सजाई गई। प्रतियोगिता वरिष्ठ शिक्षिका निधि राय और कुमारी आरती की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में नाजमीन हाउस को प्रथम, माही हाउस को द्वितीय व अनु हाउस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका विद्यालय के प्राचार्य आर के सिंह ने निभाई। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं से दिवाली प्रदूषण मुक्त मनाने की अपील भी किया। डिप्टी डायरेक्टर पूनम तिवारी ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि बच्चों के द्वारा अलग-अलग थीम पर जो रंगोलियां बनाई गई है उसमे समाज हित का कई संदेश छुपा हुआ है। स्कूल के निदेशक एन के तिवारी ने विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कारों का वितरण किया। प्रतियोगिता में नंदनी कुमारी, निशा राज, शालू कुमारी, अनुप्रिया, नैतिक,शिवम शिव शंकर, सृष्टि, कृष, आयुष, हर्ष, रितिका, आशुतोष, ओम प्रकाश, महताब, रजिया, प्रजना, अंशिका सिंह, रिद्धिमा कुमारी, निशा कुमारी, आकांक्षा गुप्ता, खुशी कुमारी, प्रेरणा कुमारी, फरहाद, तन्वी कुमारी, मिस्टी, ऋषिका, आशा कुमारी, खुशी कुमारी, पायल सोनी की सराहनीय प्रस्तुति रही। मौके पर शिक्षिका रिंकी कुमारी, संध्या सिंह, नेहा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रितु कुमारी, विकास कुमार साहित सभी शिक्षक-शिक्षिका मौजूद थे।

### लालगढ़ मध्य विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



बिश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ मध्य विद्यालय में बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन लालगढ़ मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, पंसस सुरजमल राम, युनियन बैंक के शाखा प्रबंधक शशिकांत मितल, बैंक कर्मी दिनेश पाठक, बीआरपी मनोज पाठक, अखिलेश दुबे, प्रधानाध्यापक विनोद पांडेय, शिक्षक हरिशंकर मिश्रा, अखिलेश्वर प्रताप सिंह व विनय ओझा, ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष शकुन्तला देवी व संचालन विद्यालय के शिक्षक हरिशंकर मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने चित्रकला, पेंटिंग, गीत संगीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य विनोद पांडेय ने कहा कि अभिभावक बच्चों को मोबाइल से दूर रखने का प्रयास करें। बच्चों को किताबों के अध्यन हेतु प्रेरित करें। पांडेय ने बताया कि लालगढ़ मध्य विद्यालय 60 से अधिक बच्चे मेधा छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे हैं। हरिशंकर मिश्रा ने बताया कि विद्यालय की छात्रा सोनाक्षी कुमारी इंस्पायर अवार्ड में दिल्ली तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है। बीआरपी मनोज पाठक व अखिलेश दुबे ने कहा कि लालगढ़ मध्य विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम अन्य सरकारी विद्यालयों के लिए प्रेरणास्रोत जैसा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका मंजू देवी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर वार्ड सदस्य डबल सिंह, शिक्षक श्रीकांत ओझा, इंद्रजीत कुमार, अभिमन्यु चौधरी, देवेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

### पूर्व विधायक ने कई गांवो का दौरा कर लोगों को दी सोहराई की बधाई



हुसैनाबाद पलामू। पूर्व विधायक कुशवाहा शिव पूजन मेहता हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी खुर्द, बली बिगहा, सोनपुरवा, गजाधर बिगहा समेत कई गांवों का दौरा कर लोगो को सोहराई एवं दिपावली की बधाई दिया। वहीं कार्यकर्ताओं से मिल कर कुशल क्षेम पूछा। कई लोगो के घर भोजन व जलपान किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रामराज पासवान,सुबोध कुमार, किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश मेहता, विकास चंद्रवंशी, रंजीत कुमार, छात्र मोर्चा के अध्यक्ष मुकेश कुमार, राकेश मेहता, छोटन मेहता, रमेश मेहता, प्रभात मेहता, जगरनाथ चंद्रबंसी, कालू पांडेय, संतोष मेहता, जयदीप मेहता, रूपेश मेहता, चंद्रधान पासवान, जुगेश मेहता, मुखिया प्रत्याशी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पंडवा के सिम्पी ज्वेलर्स में सटर काट लाखों की चोरी



पंडवा (पलामू)। शिव मंदिर पंडवा के सामने अवस्थित सिम्पी ज्वेलर्स में गुरुवार को रात चोरों ने सटर काट कर नगदी एक लाख अस्सी हजार समेत पांच किलो चांदी और एक सौ तीस ग्राम सोना उड़ा ले गए। पंडवा थाना को दिए आवेदन में ज्वेलर्स मलिक पंकज कुमार सोनी ने कहा है कि जब शुक्रवार को सुबह नौ बजे दुकान खोलने गया तो साइड का सट्टर टूटा था।

# धनतेरस पर हुई धन की वर्षा, बाजार में ग्राहकों की उमड़ी भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पिछले कई महीनों से मंद हो चुके बाजार में धनतेरस ने जान फूंक दिया। धनतेरस के दिन धन की वर्षा हुई। इस दौरान बाजार में खुब भीड़ देखा गया। धनतेरस पर ग्राहकों ने अपने पसंद के सामग्री की खरीददारी की। इस वर्ष धनतेरस में करोड़ों के कारोबार का अनुमान लगाया जा रहा है। बाजार क्षेत्र में लोगों को परेशानी नहीं हो इस उद्देश्य से एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर बाजार के शहरी क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर बैरिकेटिंग कर पुलिस की तैनाती की गयी थी। वहीं पुलिस शहर के प्रमुख मार्गों में गश्ती करती रही। ताकि कहीं कोई होनी अनहोनी की घटना न घट सके। हालाकि दिन भर बाजार क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी रही।

## जमकर हुई खरीददारी






धन, वैभव व सुख-समृद्धि का प्रतीक धनतेरस पर इस बार लोगों ने जमकर खरीददारी की। पलामू ट्रेडर्स के प्रोपराइटर व्यवसायी प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष भी धनतेरस का बाजार पिछले साल की तरह ही रहा। ग्राहकों की संख्या व खरीदारी दोनों ही संतोषजनक नहीं रहा। वहीं लोगों ने जेवर, वाहन, बर्तन व इलेक्ट्रोनिक्स सामानों की जमकर खरीदारी की। इसके अलावे बात अगर इलेक्ट्रोनिक्स सामान की करें तो कंप्यूटर, लैप टॉप, मोबाइल फोन और होम थियेटर भी खूब बिके। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में धनतेरस की तैयारी व्यवसायियों ने जोरशोर से की थी। पिछले साल की तुलना में सोने चांदी के भाव में बढ़ोतरी के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। सोना महल के प्रोपराइटर धनंजय कुमार सोनी ने बताया कि ग्राहकों का जेवर व चांदी के सिक्कों पर ग्राहकों का विशेष रूझान रहा। उन्होंने कहा कि धनतेरस के पूर्व ग्राहकों ने अपने ज्वेलरी सामानों की बुकिंग कराकर धनतेरस के दिन प्राप्त किया। कमोबेश यही हाल इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर भी देखा गया। धनतेरस पर बर्तन बाजार में भी रौनक रही। स्टील बर्तन के साथ पीतल व कांसा निर्मित बर्तन लेने पर ज्यादा जोर रहा। घरेलू सामान के अलावे लोगों ने पूजा सामग्री व गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति खरीदारी भी की।

## दो व चार पहिया वाहनों की जबरदस्त बिक्री



### चांदी के सिक्के व मूर्तियां खूब बिकी

धनतेरस के दिन चांदी के सिक्का, जेवरात, लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों को खरीदने का रिवाज है। आभुषण की दुकानों में चांदी के सिक्के की मांग ज्यादा थी। इसके अलावे लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां भी दीपावली पर पूजा के लिए खरीदा गया।

बाइक की खरीदारी हो या कार,ऑटोमोबाइल का क्रेज पलामूवासियों पर सर चढ़कर बोल रहा है। धनतेरस पर जमकर बाइक की खरीदारी हुई। हीरो बाइक के अधिकृत बिक्रेता आनंद बाइक शो रूम के अलावा रतन लाल, शारदा ऑटोमोबाइल, जेपीएस बजाज शो रूम में धनतेरस में बाइक की खरीदारी पर ग्राहकों को विशेष उपहार भेंट किया गया। आनंद मोटर्स के युवा डायरेक्टर आकर्ष आनंद ने बताया कि जब बड़े शहरों में होस्टेज से वाहनों का डिलीवरी का कंसेप्ट है तो हम भी इस कंसेप्ट को लाकर शहर को बड़ा बनाने का प्रयास कर रहे है। इसके अलावा चार पहिया वाहनों की बिक्री भी धतनेरस के दिन हुई। जेपीएस ऑटो के प्रोपराईटर अभिषेक सिंह उर्फ बिट्टु सिंह ने बताया कि इस वर्ष धनतेरस में दो पहिया वाहन बजाज के प्रति विशेष रूझान रहा। महिंद्रा का शो रूम आनंद मोटर्स के जीएम प्रमोद श्रीवास्तव व मनप्रीत सिंह लक्की ने बताया कि ग्राहकों का रूझान महिंद्रा की स्कार्पियो समेत लगभग सभी वेरिएंट पर रही। टाटा मोटर्स के सतीश प्रसाद ने बताया कि नेक्सॉन पर ग्राहको का ज्यादा फोकस रहा।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक प्रदर्शनी सह लोक संगीत और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

# छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल प्रबंधन प्रतिबद्ध : डॉ मेहता

उन्नति की शिखर पर पहुंचने के लिए परिश्रम व प्रेरणा दोनों की जरूरत : रवि आनंद

प्रदर्शनी का उद्देश्य सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान का विकास : प्राचार्य डॉ एके सिंह





खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में दीपावली पूर्व प्रतिभा संगम (वार्षिक विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी), रंगोली एवं लोक संगीत प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय के निदेशक सह पांकी विधायक डॉ एस बी पी मेहता, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि आनन्द, उपविकास आयुक्त पलामू, एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ शशिभूषण मेहता, मुख्य अतिथि सह डीडीसी रवि आनंद एवं प्राचार्य डॉ ए के सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित अद्भुत मॉडल, परियोजना कार्य आदि प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य लोगों ने बड़े ही रूचीपूर्ण तरीके से सभी कलाकृतियों को देखा और उसकी सराहना की। प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने रवि आनन्द को शॉल ओढ़ा कर एवं विद्यालय स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डीडीसी रवि आनंद ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन कर कहा कि उन्नति के शिखर पर पहुंचने के लिए ऐसे ही परिश्रम और प्रेरणा की आवश्यकता होती है। विद्यार्थियों के द्वारा बनाई गई परियोजना कार्य की बहुत सराहना की। निदेशक डॉ मेहता ने मुख्य अतिथि समेत सभी लोगों को दीपावली की अग्रिम व हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बच्चों की प्रतिभा में निखार लाने की पूर्ण चेष्टा व भरपूर प्रयास विद्यालय करती रहेगी। दस दौरान चारों सदनों के विद्यार्थियों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का प्रदर्शन किया गया। जिसमें बालिका समूह में बायरन, इलियट प्रथम स्थान पर रहे। कीट्स शेक्सपीयर सदन द्वितीय स्थान रहे। बालक समूह में कीट्स सदन, बायरन सदन प्रथम स्थान पर, शेक्सपीयर सदन द्वितीय स्थान पर तथा इलियट सदन तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने कहा कि दीपावली सनातन संस्कृति का त्योहार है, जो भारत के सबसे बड़े और सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है।

## 21 नवंबर को कोयल नदी की तट से कलश लेकर यज्ञ स्थल पर पहुंचेंगे श्रद्धालु : गुरु पांडेय



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। जलयात्रा के दिन 21 नवंबर को महिला, पुरूष व युवा यज्ञ स्थल पर पहुंचे। यज्ञ स्थल से कलश लेकर गिरवर स्कूल स्थित कोयल नदी तट पर कलश में जल भराव करें। इसके अलावे चैनपुर क्षेत्र के श्रद्धालु सीधे गिरवर स्कूल कोयल नदी के तट पर पहुंचे। उक्त आह्वान श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा समिति के संयोजक अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय ने किया। वे गुरुवार की देर शाम जीएलए कॉलेज रोड स्थित भवानी नगर में स्थानीय निवासियों को यज्ञ में शामिल होने के लिए आमंत्रण देने पहुंचे थे। राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अर्जुन पांडेय ने क्षेत्र वासियों को राधा कृष्ण लिखित पट्टा पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी सनातनी यज्ञ में शामिल होकर पुण्य के भागी बनें। इस संबंध में वार्ड कमिश्नर मनोज प्रजापति को सामूहिक निमंत्रण पत्र दिया। साथ ही अपील किया कि जल यात्रा में शामिल होकर सनातन का जय घोष करें। कहा कि कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर वाराणसी से सीधे डालटनगंज स्थित शिवाजी मैदान में 10 बजे पहुंचेंगे। कलश का पूजा हुआ जल भराव के बाद यज्ञशाला के लिए प्रस्थान करेंगे। गुरु पांडेय ने राधा कृष्ण मंदिर के गुंबद निर्माण में आने वाले पूरे खर्च वहन करने का संकल्प दोहराया। कहा कि मंदिर की ढलाई होने के पश्चात वे आकर्षक गुंबद का निर्माण कराएंगे। इसके पूर्व राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने अर्जुन पांडेय समेत यज्ञ समिति के पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके पूर्व यज्ञ समिति के महासचिव विकास दुबे ने कहा कि जल यात्रा समाप्ति के बाद यज्ञ परिसर में सभी श्रद्धालुओं के लिए फलाहार की व्यवस्था की गई है। कहा कि प्रतिदिन 3 बजे से 7 बजे शाम तक देवकीनंदन ठाकुर जी का प्रवचन होगा। इसके पूर्व मंदिर निर्माण राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष अरविंद पांडेय ने कहा कि बड़ा यज्ञ कराना व देवकीनंदन ठाकुर जैसे ख्यात कथा वाचक को बुलाने का कार्य गुरु पांडेय ईश्वरीय कृपा से संभव करा रहे हैं। सचिव परशुराम सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन पंकज शुक्ला ने किया। मौके पर महायज्ञ समिति के महासचिव शैलेश दुबे, शैलेश तिवारी, विकास दुबे, नागेंद्र भारती, निलेश शुक्ला, अजीत कुमार, मनोज सिंह, शंभू जयसवाल, राधेश्याम जयसवाल, राहुल कुमार, अवधेश सिंह आदि मौजूद थे।

## डीटीओ के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान



मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देशानुसार परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने गुरुवार देर रात विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस अभियान में 7 ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की गयी जिसे जब्त कर टीओपी 2 थाना परिसर में रखा गया है। इस संबंध में डीटीओ ने कहा कि यह अभियान आगे भी इसी तरह चलाया जायेगा। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों व संचालकों से वाहन के परमिट व फिटनेस से संबंधित सारे कागजात दुरुस्त करने के पश्चात ही वाहन का परिचालन करने की अपील की।

## उपायुक्त ने मिशन इंद्रधनुष अभियान की समीक्षा की



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने सीएचसी, यूपीएचसी, यूसीएचसी, मेडिकल कॉलेज, सदर अस्पताल, एम्बुलेंस की स्थिति, ओपीडी रिपोर्ट, लैब रिपोर्ट, आधारभूत संरचना, एएनएम, डीएमएफटी से स्वीकृत मेडिकल स्टाफ एवं डॉक्टर, स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों, निमाणार्धीन भवनों आदि की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त द्वारा मिशन इंद्रधनुष 5.0 टीकाकरण अभियान को लेकर अब तक की गई तैयारियों का समीक्षा किया गया। उन्होंने कहा कि टीकाकरण कार्य में किसी प्रकार की चूक ना होने पाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान टीकाकरण से वंचित गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को विशेष तौर पर लाभान्वित किया जाएगा। इस दौरान पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से डीपीएम ने अब तक की तैयारियों के बारे में उपायुक्त को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उपायुक्त ने हरिहरगंज में जन औषधि केंद्र का निर्माण करने एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने का निर्देश सबंधित पदाधिकारी को दिया।

## विधायक आलोक ने किया छठ घाट का निरीक्षण



सतबरवा पलामू। डालटनगंज भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया ने शुक्रवार को सतबरवा स्थित राम और लक्ष्मण छठ घाट का निरीक्षण किया। वहीं चौरसिया ने लक्ष्मण घाट में विधायक कोटे की राशि से निर्माण हो रहे छठ घाट का भी निरीक्षण किया। मौके पर विधायक चौरसिया ने कहा कि छठ महापर्व पवित्रता और स्वच्छता से पुरे विधि विधान से किया जाता है। पुरे डालटनगंज विधानसभा में छठ घाट का सफाई किया जा रहा है, ताकि छठ व्रतियों को कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, राहुल दीवाना, सुरेन्द्र प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद,रवि प्रसाद, गुड्डू प्रसाद, मनोज सिंह, आशीष सिन्हा, रविन्द्र सिंह, कमलेश प्रसाद, ज्योति सिंह, अजय उरांव, अतुल समेत में लोग मौजूद थे।

## बेकाबू कार ने तीन लोगों को मारी टक्कर, भर्ती



चैनपुर पलामू। चैनपुर टेंपु स्टेंड के समीप शुक्रवार की सुबह एक बेकाबू कार ने सड़क किनारे तीन लोगों को टक्कर मार दी। सभी लोगों को इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती किया गया है। घटना के बाद पुलिस ने चालक और कार जिसका नंबर जेएच 01 ऐके 8551 को कब्जे में ले लिया है। लोगों के अनुसार चैनपुर की ओर से एक तेज रफ्तार कार चौक पार कर रही थी। इसी क्रम में कार ने सड़क किनारे खड़े एक महिला और दो युवकों को टक्कर मार दी। साथ ही एक गाय को भी चपेट में ले लिया। जख्मी होने वालों में चैनपुर निवासी 40 वर्षीय राजपतिया देवी 36 वर्षीय मुन्ना खान एवं अल्ताफ खान के नाम शामिल हैं। मुन्ना खान का पैर टूट गया है। सभी चैनपुर के निवासी हैं। लोगों ने कार चालक की पिटाई भी की।

## हिन्डालको ने किया क्वीज कंपीटिशन का आयोजन



पंडवा पलामू। हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम द्वारा गाड़ी खास मध्य विद्यालय में क्वीज कंपीटिशन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बीईओ हरेन्द तिवारी, कठौतिया माइंस के यूनिट एचआर हेड अरूप बनर्जी ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने किया। कंपीटिशन में कठौतिया मवि प्रथम, गाड़ी खास मवि द्वितीय व सिक्का मवि तृतीय स्थान पर रहा। अतिथियों ने तीनों स्कूलों के प्रतिभागी व शिक्षकों को ट्राफी एवं सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बीईओ हरेन्द तिवारी ने कहा कि सरकारी स्कूलों के बच्चों के बीच इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित कर हिन्डालको प्रबंधन ने सराहनीय कार्य किया है। आज के प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा दिए गए जवाब यह साबित कर दिया कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा निखरेगी। प्रतियोगिता का संचालन अदिति व लोकेश ने किया। इस मौके पर माइंस के संतन चक्रवर्ती, दीपनारायण सिंह, संजय, ब्रजेश सिंह, सतीश शुक्ला, बिजेंद्र, विजय, इन्द्रपाल सिंह,काशीनाथ राम, सुहानी, अनीता भगत, प्रिंस सिंह, देवेन्द्र सिंह, दिलीप सिंह आदि मौजूद थे।

## दीयों की रौशनी से जगमग हुआ लिलिपुट प्ले स्कूल



मेदिनीनगर। नावाटोली स्थित लिलिपुट... ए प्ले स्कूल में शुक्रवार को दिवाली बड़े ही हर्ष उल्लास से मनाई गयी। इस खास दिन के मौके पर स्कूल को रंगोली, दीपों और झूमर द्वारा बड़े ही आकर्षक रूप से सजाया गया। बच्चों ने खूब मौज मस्ती की। स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने बच्चों संग मिलकर पटाखे जलाएं। स्कूल के डायरेक्टर राजीव गोयल ने दिवाली पर्व क्यों मनाते हैं, इससे सभी बच्चों को अवगत कराया। दिवाली के इस शुभ अवसर पर स्कूल परिवार ने सभी अभिभावकों को दीवाली की बधाई दी। इस मौके पर मन्नत सिंह, राना अमित, श्याम तिवारी, अनामिका, अंजलि, रानी, फलक, सपना, आंचल, कणार्ली, अरीबा, पलक, खुशी, आशी, अदिति, मुस्कान, निधि, नगमा, स्वीटी, नंदिनी, ईशु, नमिता, निशा, नैंसी, अनन्या, आयुषी, तनु, लक्ष्मी, वंशिका, अतिका, प्रिया, ज्ञानवी,वंदना मौजूद थे।

## सगुना मुखिया ने बच्चों के बीच वस्त्र व जूता का किया वितरण



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के सगुना मुखिया मंजु देवी और समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह के द्वारा ग्राम सगुनी मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच वस्त्र और जुता-मोजा वितरण किया गया। मौके पर स्कूल प्रबंधन के द्वारा मुखिया, समाज सेवी, वार्ड सदस्य इमामुदीन अंसारी को माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर मुखिया ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना शत प्रतिशत क्षेत्र में लागु हो इसका हर संभव प्रयास किया जा रहा हैं। क्षेत्र में कराये गये कार्य पारदर्शी है जनता खुद आकलन कर सकती है। कुछ लोग हमारी निस्वार्थ भाव से किए काम को देखकर घबरा कर अनावश्क बयान बाजी करते चलते हैं। मौके पर शिक्षक सुनिल पांडेय, मजलूम अंसारी, सदुल अंसारी, रुस्तम अंसारी, सुभाष सिंह समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

## सुआ कौड़िया घाट से मुखिया ने किया 100 रू प्रति ट्रैक्टर चालान की दर से बालू उठाव शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदनीनगर। सदर प्रखंड के अंतर्गत पंचायत सूआ कौड़िया पंचायत मुखिया ने पंचायत से बालू घाट चालू कर दी है। इस कार्यक्रम में सदर प्रमुख बसंती देवी, उप प्रमुख शीतल, जिला परिषद बासु देवी, सूआ मुखिया दुलारी देवी, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, पंचायत सचिव अजय सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सतीश तिवारी और पिंटू तिवारी, मुखिया पति उपाध्याय सिह, अवधेश विश्वकर्मा ने मिलकर ट्रैक्टर को बालू घाट से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। आपको बता दे कि सुआ कौड़िया में मुखिया द्वारा पिछली बार भी पंचायत द्वारा सरकार के गाइडलाइन के तहत बालू का उठाव किया गया था। 100 रुपया प्रति ट्रैक्टर बालू सरकारी योजना से दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास पीसीसी पथ निर्माण, सरकारी कार्य में जो बालू नहीं मिलने के कारण बंद पड़ा था अब योजनाओं का काम तेजी से होगी। इस मौके पर सुआ पंचायत के मुखिया दुलारी देवी ने बताया कि यह सरकार द्वारा बहुत अच्छा पहल है जो पंचायत को विश्वास कर हम लोगों को बालू जो हमारे पंचायत में कई योजनाओं अधूरा थी वह अब तेजी से काम होगी। इस मौके पर सदर प्रमुख बसंती देवी ने बताया कि आज लोगों के चेहरा पर खास कर गरीब मजदूर चेहरे पर मुस्कान देखने का मौका मिल रहा है। बालू उपलब्ध नहीं होने के कारण कितने गरीब मजदूर के यहां आर्थिक तंगी का बहुत बड़ा सामना करना पड़ता था। इधर जिला परिषद बसो देवी देवी ने बताया कि सबसे पहले हम झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को बधाई देंगे जो पंचायत को इतना बड़ा जिम्मा सौंपा है। सभी मजदूर को अब अपने ही क्षेत्र में सरकारी योजना चालू होंगे तो अब मजदूरों को दूर कमाने नहीं जाना होगा।

# श्रीरेलवे क्लब दुर्गा पूजा समिति को मिला स्वच्छता का प्रथम पुरस्कार

रेलवे परिवार को समर्पित है यह पुरस्कार : बीएम पाण्डेय





खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। श्री केन्द्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वावधान में शहर थाना परिसर मेदिनीनगर में सम्मान समारोह सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेदिनीनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, मेदिनीनगर के थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, सुधीर सिंह, ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह, श्री केन्द्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी, संरक्षक सोनू सिंह नामधारी, अविनाश देव, बब्लू गुप्ता, संजय राज, मनीष तिवारी, जितेन्द्र सोनी, रंजीत कुमार, अनिल दुबे समेत बड़ी संख्या मे दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारीगण व सदस्य उपस्थित थे। मंच का संचालन श्री केन्द्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष बी एम पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम मे स्वच्छता का प्रथम पुरस्कार श्री रेलवे क्लब दुर्गा पूजा समिति, पूर्व मध्य रेलवे, डालटनगंज को दिया गया। रेलवे क्लब से बी एम पाण्डेय, संजय पासवान, अनिल कुमार, जयपाल, मनीष मिश्रा ने पुरस्कार प्राप्त किया। समिति के उपाध्यक्ष बीएम पाण्डेय ने कहा कि यह पुरस्कार पूरे रेलवे परिवार को समर्पित है। उन्होंने कहा कि श्री रेलवे क्लब दुगार्पूजा समिति का हमेशा प्रयास रहेगा की सामाजिक सरोकार से लेकर स्वच्छता के क्षेत्र मे अव्वल रहे।

# धनतेरस पर धनबाद, बोकारो, बेरमो के बाजारों में धनवर्षा

## दीपोत्सव शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** दीपोत्सव शुक्रवार को धनतेरस के साथ शुरू हुआ तो फुसरो बाजार में जमकर धन वर्षा हुई। देर शाम तक बाजारों में खरीदारी होती रही। कारोबारियों के अनुसार बाजार में पांच करोड़ से अधिक कारोबार का अनुमान है। सबसे ज्यादा कारोबार इलेक्ट्रोनिक्स व बर्तन बाजार में हुआ। खूब बिके इलेक्ट्रोनिक्स उत्पाद इलेक्ट्रोनिक्स कंपनियों ने कई दिन पहले ही अपने मॉडल और स्कीम जारी कर दी थी। धनतेरस के मौके पर इलेक्ट्रोनिक्स आइटम की खूब डीमांड रही। टीवीए फ्रीजए वाशिंग मशीनए एलसीडी सहित अन्य इलेक्ट्रोनिक आइटमों की खरीद के लिए लोग जुटे रहे। अकेले इलेक्ट्रोनिक्स कारोबार एक करोड़ तक जा पहुंचा।



### बर्तन बाजार की चमक बढ़ी, जमकर हुई खरीदारी

धनतेरस पर बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसे में शुक्रवार को बर्तन की दुकानों पर खड़े होने की भी जगह नहीं दिखी। पीतलए स्टील के दीये के अलावा थाली.लोटा से लेकर चम्मचए गिलास तक की लोगों ने खरीदारी की। विनोद स्टील के प्रोपराइटर बताते हैं कि पिछले साल के मुकाबले इस साल अच्छी बिक्री हुई। उनके अनुसार बर्तन बाजार में भी लगभग 50 लाख का कारोबार का अनुमान है।

### ऑटो मोबाइल्स बाजार ने भी भरा फर्राटा

ऑटो मोबाइल कंपनियों के मुताबिक फुसरो में विभिन्न कंपनियों के अलावे दो पहिया वाहनों की खूब बिक्री हुई। इस व्यापार में एक करोड़ से अधिक के कारोबार का अनुमान है। दुकानदार ने बताया कि दोपहिया वाहनों में सबसे ज्यादा बिक्री स्कूटी की हुई है। धनतेरस को लेकर करगली जरीडीह बाजारए कथारा के बाजारों के सभी छोटी. बड़ी दुकानों को दुल्हन की तरह सजाया गया था। सुबह से ही बाजार में झाड़ू व सोना.चांदी की दुकानों में धनतेरस को लेकर महिलाओं की काफी भीड़ लगी रही। बाजार में इन दिनों पटाखो व लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा की बाजार में खूब बिक्री की जा रही है। दीपावली को लेकर बच्चों में काफी खुशी देखी जा रही है।

## एनपी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दीपोत्सव

बोकारो। बोकारो के चीरा चास स्थित एनपी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज एवं एनपी संध्याकालीन स्नातक महाविद्यालय में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव प्रमोद सिंह एवं एचओडी संजीव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने दीप एवं रंगोली बनाकर दीपों का त्योहार मनाया। मौके पर सचिव प्रमोद सिंह ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए अभिभावक अपने बच्चों को ग्रीन पटाखा जलाने को दें, जिससे वातावरण शुद्ध रहे और हम सब सुरक्षित रहें। हमें दिवाली इस तरह से मनाना चाहिए कि दूसरे को परेशानी ना हो। साथ ही साथ बोकारो सहित राज्य और देश के निवासियों को दीपावली और छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। मौके पर महाविद्यालय के शालिग्राम सिंह व्याख्याता रिमझिम सिंह रूप लता सिंह सीमा सिंह कुमकुम कुमारी भारती कुमारी संचित गोस्वामी नीलू कुमारी भारती कुमारी एवं सभी शिक्षकेत्तर कर्मी और छात्र छात्राएं मौजूद थे।



## स्पीड न्यूज

### जन शिकायत कोषांग पदाधिकारी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**धनबाद।** जन शिकायत कोषांक के प्रभारी पदाधिकारी श्री नियाज अहमद ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर संबंधित पदाधिकारी को शिकायत एवं समस्याओं के निष्पादन हेतु भेजा गया।जनता दरबार में पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले, प्रमाण पत्र निर्गत करने, मारपीट के मामले, लॉ एंड आर्डर से संबंधित मामले सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

### बीएसएल में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से नवंबर में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने हेतु एचआरडी में एक नए सफर की शुरूआत नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक कार्मिक फाइनल सेटलमेंट अंकिता देव ने नए मेडिक्लेम योजना एनपीएस योजना इत्यादि की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। मेडिकल ऑफिसर डॉ रमेश कुमार हेम्ब्रम और योग विशेषज्ञ डॉ नवधा ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। एचडीएफसी बैंक के मुख्य प्रबंधक हरीश तपारिया ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। एसीटी सुश्री संगीता कुमारी ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक अंकिता देव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ।

### बीएसएल में दिलाई गई गुणवत्ता की शपथ

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में आयोजित विश्व गुणवत्ता दिवस दिवस पर इस्पात भवन परिसर में बीएसएल के ईडी संकार्य बीके तिवारी ने उपस्थित समूह को गुणवत्ता शपथ दिलाई। कार्यक्रम में ईडी चितरंजन महापात्रा सुरेश रंगानी अमिताभ श्रीवास्तव राजन प्रसाद सीएमओ प्रभारी डॉ बीबी करुणामय सहित विभिन्न विभागों के सीजीएम विभागाध्यक्ष अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। जीएम अनुपमा तिवारी ने सभी का स्वागत करते हुए विश्व गुणवत्ता दिवस की पृष्ठभूमि की जानकारी दी। जीएम बी बनर्जी ने निदेशक प्रभारी का संदेश पढ़ा। जीएम अमरेश सिन्हा ने विश्व गुणवत्ता दिवस दिवस की थीम अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को पहचानना के बारे में बताया। ईडी श्री तिवारी ने गुणवत्ता के महत्व को रेखांकित करते हुए संगठन की गुणवत्ता क्षमता की प्राप्ति हेतु सभी की सक्रिय सहभागिता का सन्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक सागरिका साहू ने तथा धन्यवाद ज्ञापन बिजनेस एक्सेलेंस विभाग के सहायक अबू नसर ने किया। इसके बाद परिसर में सभी को गुणवत्ता की शपथ दिलायी गई।

## वासेपुर में अपराधियों ने घर पर फेंका बम

### घर के लोगों से की मारपीट, केस दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के वासेपुर पांडरपाला के रहनेवाले मो शाहजहां के घर पर अपराधियों ने हरवे-हथियार के साथ हमला कर दिया। इस दौरान अपराधियों ने घर पर बमबाजी भी की। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। वहीं घटना में एक महिला समेत दो लोग घायल हुए हैं। घायलों का ईलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है। सभी नामजद अभियुक्त भूली ओपी क्षेत्र रहमतगंज के निवासी हैं। मो शाहजहां ने पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी भूली ओपी में दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि अपराधियों द्वारा बमबाजी किया गया था। इसका विरोध करने पर बुजुर्ग महिला और अन्य के साथ जमकर मारपीट किया गया, जिसमें हाजरा खातून घायल हो गई। बीच बचाव करने पँहुचे मो. सलीम ,मो.शाहजहा के साथ भी मारपीट किया गया। पीड़ित पक्ष ने भूली ओपी में सभी के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करा कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## मरीजों की सेवा भाव के लिए खुला है मां अस्पताल : डॉ सीजी साहा

**सिंदरी।** सिंदरी बलियापुर रोड के किनारे बलियापुर हवाई पट्टी के सामने कई रोंगो के इलाज के लिए अस्पताल निदेशक सिंदरी के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सी जी साहा और उनकी धर्मपत्नी दीपा साहा ने फीता काटकर शुक्रवार को माँ अस्पताल का उद्घाटन किया। इसकी शुरूआत 10 बेड से की गई है। इस अस्पताल से सिंदरी, बलियापुर के शहरी क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को तुरंत इलाज की सुविधा मिल सकेगी। अस्पताल निदेशक डॉ सी जी साहा ने कहा कि इस अस्पताल को पैसा खींचने के लिए नहीं बल्कि सेवा भाव के लिए खोला गया है। बच्चों को माँ के समान सेवा प्रदान करने के लिए इस अस्पताल का नाम माँ अस्पताल रखा गया है। इसमें गायनो, सर्जरी, हड्डी संबंधित, गैस्ट्रो, नस संबंधित, हर्ट से संबंधित इलाज सहित ओपीडी की सुविधा उपलब्ध होगी। अस्पताल के माध्यम से 24 घंटे एंबुलेंस की सुविधा भी मिलेगी। इसके साथ ही दवाओं के लिए कहीं भी भटकने की जरूरत नहीं है। खाने पीने की सुविधा भी अस्पताल में ही की गई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही अन्य बिमारियों के इलाज की सुविधा और आयुष्मान भारत के द्वारा इलाज की सुविधा भी शुरू की जाएगी।

## एक नजर में

### डीसी-एसपी संग मंत्री योगेंद्र पहुंचे लुगुबाबा गुफा



**बेरमो/ललपनिया।** शुक्रवार को माननीय मंत्री ;दर्जा प्राप्तद्ध योगेंद्र प्रसाद महतो ललपनिया श्यामली गेस्टहाऊस पहुंचे। मंत्री योगेंद्र महतो जी ने यहां से उपायुक्त बोकारो कुलदीप चौधरी एवं एसपी प्रियदर्शी आलोक के साथ लुगू पहाड़ में 7 किलोमीटर ऊपर चोटी पर स्थित लुगू बाबा गुफा पूजा स्थल के लिए चढ़ाई शुरू की। माननीय मंत्री के साथ दर्जनों कार्यकर्ता शुभचिंतक एवं समर्थक भी साथ में हैं।माननीय मंत्री श्री महतो ने कहा कि आगामी कार्तिक पूर्णिमा पर 26 एवं 27 नवंबर को होने वाले 23वें अंतर्राष्ट्रीय संताल महा सम्मेलन में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं को व्यवस्थापित कराने के सरकार के निदेर्शानुसार यह दौरा किया जा रहा है। इसके पूर्व में ही मंत्री श्री महतोए उपायुक्त व एसपी ने घँटाबाड़ी का निरीक्षणकर सम्मेलन तैयारी का जायजा लिया। इस अवसर पर लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ समिति अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया बबुली सोरेन व समिति के कई सदस्यगण उपस्थित थे।

### डीपीएस बोकारो के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरी सतरंगी छटा



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में वार्षिकोत्सव एवं मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह नक्षत्र में गीत संगीत व नृत्य प्रस्तुतियों की सतरंगी छटा उतरी रही। शैक्षणिक सत्र 2022 23 में बेहतर प्रदर्शन के लिए कुल 316 मेधावी विद्यार्थी सम्मानित किए गए। उम्दा प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को ग्रीन बैज ब्लू बैज और ब्लू ब्लेजर से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोयला प्रक्षेत्र बोकारो के डीआईजी पटेल मयूर कन्हैया लाल ने सभी बच्चों को सम्मानित किया। विद्यालय द्वारा अभिवंचित वर्ग के बच्चों के शिक्षार्थ संचालित दीपांश शिक्षा केंद्र के नन्हे विद्यार्थियों के बीच स्वेटर का वितरण भी किया गया।

## कुमारधुबी में गुरु गोष्ठी सह समीक्षा बैठक में विचार-विमर्श

**कुमारधुबी।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक अंचल निरसा-3 के सभी नया प्राथमिक/ प्राथमिक/ उत्क्रमित /मध्य विद्यालयों के प्रधान शिक्षक की गुरु गोष्ठी सह समीक्षात्मक बैठक निरसा प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निरसा - सह-समन्वक प्रखंड संसाधन केंद्र निरसा सपन कुमार मंडल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समीक्षात्मक बैठक में विद्यार्थियों का खाता जांच ,स्कूल पोशाक कक्षा प्रथम द्वितीय की उपयोगिता ,पोशाक के लिए कक्षा तृतीय से अष्टम तक खाता विवरणी, मध्यान भोजन में छात्रों उपस्थित, पोषण वाटिका प्रगति से संबंधित प्रतिवेदन ,विद्यालय विकास अनुदान राशि का खर्च उपयोग एवं भुगतान तथा उपयोगिता, यू डाइस प्लस से संबंधित कार्य करने, विद्यालय प्रबंधन समिति प्रशिक्षण से संबंधित खर्च की स्थिति, प्रयास कार्यक्रम रेल प्रोजेक्ट से संबंधित प्रतिवेदन, ई विद्या वाहिनी में नए छात्र-छात्राओं की प्रविष्टि, साइकिल मांग प्रतिवेदन अहर्तापूर्ण रखने वाले विद्यार्थियों का मतदाता सूची में नाम प्रविष्टि हेतु प्रपत्र छह आदि विषयों पर चर्चा हुई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सपन कुमार मंडल ने कहा कि विभागीय आदेश का सभी शिक्षक अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

## डीपीएस बोकारो में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



### बच्चों को किया गया पुरस्कृत

समूहवार प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक साबित होता है और डीपीएस बोकारो इस दिशा में सतत प्रयासरत है।

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में चल रही चार दिवसीय फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के समापन समारोह में नन्हे छात्र छात्राओं की मनोहारी वेशभूषा उनकी सुंदर रूप सज्जा आकर्षण का केंद्र रही। चार दिनों की अवधि में बच्चों ने अलग अलग समूहों में विभिन्न श्रेणियों के तहत अपनी प्रस्तुतियां देकर सबकी भरपूर सराहना बटोरी। पहले दिन बच्चे अंग्रेजी के अक्षरों के साथ रैंप वॉक करते पशु पक्षियों के वेश में नजर आए। दूसरे दिन आत्मविश्वास से लबरेज विद्यार्थियों ने कठपुतलियों जोकर नर्तक और गैजेट का वेश धर उनकी महत्ता बताई। तीसरे दिन बच्चों ने प्रसिद्ध राजा रानी और देवी देवताओं के वेश में अपने हुनर का परिचय दिया। अंतिम दिन विद्यार्थियों ने मॉडल विभिन्न खाद्य सामग्रियों व किताब की कहानियों के सुंदर पात्रों को रेखांकित करती मनोरम प्रस्तुति दी।

## सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में सम्मान समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** शुक्रवार को अपने विद्यालय*सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में सम्मान आयोजित कर ऐसे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने क्षेत्रीय एवं अखिल भारतीय स्तर पर खेलकूद , विज्ञान प्रश्न मंच एवं गणित-विज्ञान मेला में भाग लेकर जीत हासिल की। आज दिनांक 10 नवंबर 2023 को विद्यालय स्तर पर एक सम्मान समारोह आयोजित कर सभी प्रतिभागी विजेता भैया-बहनों को प्रमाण पत्र, मेडल, पदक एवं ट्रैकसूट देकर सम्मानित किया। अखिल भारतीय विज्ञान प्रतियोगिता में सम्मान पाने वालों के तरुण वर्ग में बहन लेया दयाल, बहन अंजली शर्मा एवं भैया आशीष कुमार वर्मा थे जिन्होंने अखिल भारतीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी ओर किशोर वर्ग में सम्मान पाने वाले भैया ऐशिक चंद्र, भैया नीलेश शर्मा एवं बहन रूबी मुखर्जी ने अखिल भारतीय विज्ञान प्रश्न मंच में तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता दिनांक4,5 6 एवं7 नवंबर 2023 को अमृतसर में संपन्न हुई थी। इसके पहले क्षेत्रीय प्रतियोगिता, जो दिनांक 30 ,31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को मुजफ्फरपुर बिहार में संपन्न हुई थी , उसमें विद्यालय के 19 भैया -बहनों में से 15 भैया-बहनों ने पुरस्कार प्राप्त किया था, उन्हें भी आज सम्मानित किया गया। दूसरी ओर अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता, जो दिनांक 4 नवंबर से 8 नवंबर 2023 तक बेतिया, बिहार में संपन्न हुई। इसमें छात्रा रेणु कुमारी ने तृतीय, अंशु कुमारी ने तृतीय, वंदना कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### जगेश्वर अध्यक्ष और सचिव बनीं संगीता

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत भवन में वन अधिकार समिति का गठन करने को लेकर शुक्रवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पंचायत की मुखिया पार्वती देवी ने किया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य महेश रविदास उपस्थित थे। ग्रामीणों ने सर्वसहमति से वनअधिकार समिति का गठन किया। बैठक में वन अधिकार से संबंधित मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया और सर्वसहमति से वन अधिकार समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद के लिए जगेश्वर महली व सचिव संगीता देवी को चुना गया।

## ग्रामीण परिवेश की थीम पर बन रहा पूजा पंडाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** श्री श्री सार्वजनिक काली पूजा समिति पोस्ट ऑफिस गली के द्वारा शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन पूजा पंडाल के प्रांगण में किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समिति के ईश्वरी नारायण पांडे एवं सौरभ सिंह ने बताया कि इस वर्ष ग्रामीण परिवेश के ऊपर थीम के तहत पूजा पंडाल का निर्माण कार्य किया जा रहा है एवं धनबाद जिला प्रशासन को पंडाल के माध्यम से यह संदेश देने का काम किया जा रहा है कि कतरास में अधिकांश क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र है। इसलिए कतरास को नगर निगम क्षेत्र में न रखकर ग्राम पंचायत में रखा जाए।इस वर्ष पूजा पंडाल का बजट लगभग 11 लख रुपए का है। थीम का काम धनबाद जिले के अखिलेश चौहान के द्वारा किया जा रहा है। बताते चले की पोस्ट ऑफिस गली काली पूजा समिति के द्वारा पिछले 23 वर्षों से पूजा का भव्य आयोजन किया जाता रहा है। प्रेस वार्ता में ईश्वरी नारायण पांडे, सौरभ सिंह, राहुल रजक ,उत्तम चौरसिया, मनीष चौरसिया, अमर राजगढ़िया बिनोद रजक, अरविंद राजगढिया, अमिताभ ठाकुर ऋषभ रजक दिवाकर झा, जीत कुमार, पृथ्वीराज, विष्णु चौरसिया, अमन सिन्हा, संकेत राजगढ़िया, अंजनी पांडे, प्रकाश पटवा, राज सिन्हा, अमन रजक अन्य लोग शामिल थे।

## दीप सज्जा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

### सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में हुआ कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह विद्यालय में दीप महोत्सव के उपलक्ष्य पर बच्चों के बीच थाल सज्जा प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, दीप सज्जा प्रतियोगिता बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस महोत्सव में सुनिता खेमका मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप खेमका विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। महोत्सव में आये सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर एवं तिलक लगाकर किया गया। मुख्य अतिथि सुनिता खेमका एवं विशिष्ट अतिथि प्रदीप खेमका ने दीप प्रज्वल एवं सरस्वती वन्दन के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दीप महोत्सव में बच्चों का उत्साह देखते बनता था। बच्चों में प्रतिस्पर्धा दिखाई पड़ रही थी। एक से एक रंगोली एवं थाल सज्जा से विद्यालय परिसर सजा हुआ था। चतुर्थ से लेकर दशम तक के बच्चे-बच्चियों ने थाल सज्जा, रंगोली एवं दीप सज्जा प्रतियोगिता में भाग लिया। इस आयोजन में बतौर निर्णायक मुख्य अतिथि सुनिता खेमका एवं विशिष्ट अतिथि प्रदीप खेमका उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य अभिमन्यु कुमार ने कहा कि कला के क्षेत्र में बच्चों ने अद्भुत प्रतियोगिता का परिचय दिया। रंगोली प्रतियोगिता में अपने देश, परिवार व समाज एवं संस्कृति को बच्चों ने आत्मसात किया । प्राचार्य श्री अभिमन्यु ने कहा कि बच्चों की उत्सुकता देखने लायक थी ,वे अपना सर्वश्रेष्ठ दिखाने की कोशिश कर रहे थे। जिसमें उन्हें सफलता भी मिली। इस तरह का आयोजन प्रति वर्ष हमारे विद्यालय में होता है एवं प्रतियोगिता में बच्चे बढ़चढ़कर भाग लेते है जिसमें उनके अभिभावकों का पूर्ण सहयोग रहता है। बच्चों के मनोबल बढ़ाने में सुनिता खेमका का मार्गदर्शन तथा आचार्य एवं बच्चों के सहयोग से महोत्सव का सफल आयोजन हुआ। इस महोत्सव में विद्यालय के सचिव विक्रम कुमार राजगढ़िया, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार चौधरी, प्राचार्य अभिमन्यु कुमार, श्रेया सरकार, आचार्य- दीदीजी, अभिभावक बन्धु संयुक्त रूप से शामिल हुए।

### बच्चों के आपस में घुलने-मिलने से होती है मदद

श्रीमती खेमका ने अपने संबोधन में बताया कि बच्चों के बीच इस तरह का आयोजन बच्चों के घूलने मिलने में मदद करते हैं और सफलता असफलता कोई मायने नहीं रखता सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चे सांस्कृतिक तरक्की हासिल करें। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी आगंतुक अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया जिन्होंने बच्चों के बीच अपना स्नेहाशीष देकर भैया–बहनों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय के अध्यक्ष श्री प्रदीप खेमका जी ने प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं सभी को दीपावली कि शुभकामनाएं दी। विद्यालय के सचिव विक्रम कुमार राजगढ़िया ने सभी का आभार प्रकट किया जिन्होनें समय निकाल कर इस महोत्सव को सफल बनाया एवं सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। रंगारंग कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण के बाद कार्यक्रम को समाप्त किया गया।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

पुनः अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 30/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 17.11.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 18.11.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 18.11.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला योजना अनावद्ध निधि

| क्र0 स0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ईचाक | ग्राम पंचायत गोबरबन्दा में ग्राम सिजूआ में एन0एच0–33 हार्दिक पेट्रोल पम्प के बगल से आर0ई0ओ0 रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1235400.00 | 2500.00 | 24800.00 | तीन माह |
| 2 | ईचाक | ग्राम पंचायत बरियठ में एन0एच0–33 से मुरली राणा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1259700.00 | 2500.00 | 25200.00 | तीन माह |
| 3 | ईचाक | ग्राम अलौंजा कला में सुरेश तुरी के घर से लेकर नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 721200.00 | 1250.00 | 14500.00 | दो माह |
| 4 | विष्णुगढ़ | पंचायत गैड़ा के ग्राम बोकना में खेड़ो नदी में छठ घाट एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 497600.00 | 750.00 | 10000.00 | दो माह |

नोट :–1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR.NO.311191 District(23-24):D

## सात करोड़ नौकरी

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा है, लेकिन अपनी बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त रोजगार पैदा करने के लिए उसे 8 प्रतिशत से अधिक तेजी से बढ़ना होगा। भारत को जनसंख्या की नौकरी की जरूरतों को पूरा करने के लिए 8-8.5 प्रतिशत की विकास दर का लक्ष्य रखना चाहिए। हालांकि अन्य देशों की तुलना में 6-6.5 प्रतिशत की वृद्धि अच्छी है, लेकिन अपेक्षाकृत धीमी है, जहां एक बड़ी युवा आबादी को रोजगार की जरूरत है। मुंबई स्थित सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी की रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर में कुल बेरोजगारी दर 10.05% तक पहुंच गई, जो दो सालों में सबसे अधिक है। अनुमान है कि भारत को अगले दशक में 7 करोड़ नई नौकरियां पैदा करनी होंगी। यहां तक कि 7.5 प्रतिशत की विकास दर के साथ भी, इस रोजगार चुनौती का केवल दो-तिहाई समाधान ही किया जा सकेगा। राजन के मुताबिक, भारत को चीन और वियतनाम जैसे स्किल्ड मैन्युफैक्चरिंग देशों के साथ कंपटीशन करने के लिए अपनी वर्कफोर्स को प्रशिक्षित करने पर फोकस करना चाहिए। जबकि भारत प्रगति कर रहा है, खासकर आईफोन पार्ट्स के प्रोडक्शन में, देश को कंपलीट सेल फोन बनाने से पहले अभी भी काफी दूरी तय करनी है। इस वृद्धि का श्रेय इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बढ़ते सरकारी खर्च, बैलेंस शीट को साफ करने के प्रयासों और अपर मिडिल क्लास की मांग को दिया। हालांकि, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत चिप निर्माण इनोवेशन में चीन से काफी पीछे है। दूसरी ओरअमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी होने की संभावना है, और मंदी की भी आशंका है। विश्व में युद्ध और इसके बढ़ने की आशंका से भी बड़ें निवेश प्रभावित हो रहें है जबकि भारत को इसकी बड़ी आवश्यकता है।

## मोइत्रा निष्कासित !

लोकसभा की आचार समिति ने रिश्वत लेकर प्रश्न पूछने संबंधी आरोपों के मामले में टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा को संसद के निचले सदन से निष्कासित करने की सिफारिश कर दिया है। भाजपा के सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने बैठक की, जिसमें समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया गया। बैठक के बाद सोनकर ने कहा कि समिति के 6 सदस्यों ने रिपोर्ट को स्वीकार करने का समर्थन किया और 4 ने इसका विरोध किया। सूत्रों ने बताया कि समिति ने मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश की है। अब रिपोर्ट आगे की कार्रवाई के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेजी जाएगी।

सांसद महुआ मोइत्रा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर दावा किया कि एक निजी समाचार चैनल ने उनसे जुड़े मामले पर संसदीय समिति की गोपनीय मसौदा रिपोर्ट हासिल की है जो विशेषाधिकार का घोर उल्लंघन है। मोइत्रा ने एक्स पर इस पत्र की एक प्रति साझा करते हुए पोस्ट किया, माननीय लोकसभा अध्यक्ष को लिखे मेरे पिछले पत्र का कोई जवाब नहीं मिला है, लेकिन फिर भी मैं इसे रिकॉर्ड पर रख रही हूं। उन्होंने कहा लोकसभा की सभी प्रक्रिया और नियम पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं। मोइत्रा का कहना था, हालांकि, रिकॉर्ड के तौर पर मैं इस गंभीर उल्लंघन को आपके तत्काल ध्यान में लाना चाहती हूं। संसद की गरिमा के विपरीक्ष टीएमसी के सांसद पर जो आरोप लगे हैं उन्हें साफ तौर पर नकारानहीं जा सकता है। संसद देश का सर्वोच्च संस्थान है और यह देश की गरिमा का प्रतीक भी है। अगर इस प्रकार इसकी गोपनीयता को तोड़ा गया तो इसके बड़ें गंभीर परिणाम हो सकते हैं। निश्चित ही क्षणिक लाभ और लोभ से प्रभावित होना, देश की गरिमा से खिलवाड़ की सजा तुरंत मिलना ही चाहिए।

# साहित्य का महत्व अखबारों में स्थापित रहे





- फिरदौस खान

> वर्तमान में मीडिया समाज के लिए मजबूत कड़ी साबित हो रहा है। अखबारों की प्रासंगिकता हमेशा से रही है और आगे भी रहेगी। मीडिया में बदलाव युगानुकूल है, जो स्वाभाविक है, लेकिन भाषा की दृष्टि से अखबारों में गिरावट देखने को मिल रही है। इसका बड़ा कारण यही लगता है कि आज के परिवेश में अखबारों से साहित्य लोप हो रहा है, जबकि साहित्य को समृद्ध करने में अखबारों की महती भूमिका रही है।

साहित्य समाज का आईना होता है। जिस समाज में जो घटता है, वही उस समाज के साहित्य में दिखलाई देता है। साहित्य के जरिये ही लोगों को समाज की उस सच्चाई का पता चलता है, जिसका अनुभव उसे खुद नहीं हुआ है। साथ ही उस समाज की संस्कृति और सभ्यता का भी पता चलता है। जिस समाज का साहित्य जितना ज्यादा उत्कृष्ट होगा, वह समाज उतना ही ज्यादा सुसंस्कृत और समृद्ध होगा। प्राचीन भारत की गौरवमयी संस्कृति का पता इसके साहित्य से ही चलता है। प्राचीन काल में भी यहां के लोग सुसंस्कृत और शिक्षित थे, तभी उस समय वेद-पुराणों जैसे महान ग्रंथों की रचना हो सकी। महर्षि वाल्मीकि की रामायण और श्रीमद भागवत गीता भी इसकी बेहतरीन मिसालें हैं। हिन्दुस्तान में संस्कृत के साथ हिन्दी और स्थानीय भाषाओं का भी बेहतरीन साहित्य मौजूद है। एक जमाने में साहित्यकारों की रचनाएं अखबारों में खूब प्रकाशित हुआ करती थीं। कई प्रसिद्ध साहित्यकार अखबारों से सीधे रूप से जुडे हुए थे। साहित्य पेज अखबारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हुआ करता था, लेकिन बदलते वक़्त के साथ-साथ अखबारों और पत्रिकाओं से साहित्य गायब होने लगा। इसकी एक बड़ी वजह अखबारों में गैर साहित्यिक लोगों का वर्चस्व भी रहा। उन्होंने साहित्य की बजाय सियासी विषयों और गॉसिप को ज्यादा तरजीह देना शुरू कर दिया। अखबारों और पत्रिकाओं में फि ल्मी, टीवी गपशप और नायिकाओं की शरीर दिखाऊ तस्वीरें प्रमुखता से छपने लगीं।

एक मुलाकात के दौरान इसी मुद्दे पर मशहूर फि ल्म गीतकार जावेद अख़्तर साहब से गुफ़्तगू हुई थी। उन्होंने अखबारों से गायब होते साहित्य पर फिक्र जाहिर करते हुए कहा था- यह एक बहुत ही परेशानी और सोच की बात है कि हमारे समाज में जुबान सिकुड़ रही है, सिमट रही है। हमारे यहां तालीम का जो निजाम है, उसमें साहित्य को, कविता को वह अहमियत हासिल नहीं है, जो होनी चाहिए थी। ऐसा लगता है कि इससे क्या होगा। वही चीजें काम की हैं, जिससे आगे चलकर नौकरी मिल सके, आदमी पैसा कमा सके। अब कोई संस्कृति और साहित्य से पैसा थोड़े ही कमा सकता है। पैसा कमाना बहुत जरूरी चीज है। यह फैसला इंसान का मजहब और तहजीब करते हैं कि वह जो पाएगा, उसे खर्च कैसे करेगा। जब तक आम लोगों खासकर नई नस्ल को साहित्य के बारे में, कविता के बारे में नहीं मालूम होगा, तब तक जिन्दगी खूबसूरत हो ही नहीं सकती। अगर आम इंसान को इसके बारे में मालूम ही नहीं होगा तो फिर वह अखबारों से भी गायब होगा, क्योंकि अखबार तो आम लोगों के लिए होते हैं। मैं समझता हूं कि हमें अपने अखबारों पर नाराज होने और शिकायतें करने की बजाय अपनी शैक्षिक व्यवस्था को दुरुस्त करना होगा। हमें साहित्य को स्कूलों से लेकर कॉलेजों तक महत्व देना होगा। अपनी रोजमर्रा की जिन्दगी में भी साहित्य को जगह देनी होगी। जब हम खुद साहित्य की अहमियत समझेंगे, तो वह किताबों से लेकर पत्र-पत्रिकाओं में भी झलकेगा।

वरिष्ठ साहित्यकार असगर वजाहत साहब भी अखबारों से गायब होते साहित्य पर फि क्रमंद नजर आते हैं। उनका कहना है कि अखबार समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। मौजूदा दौर में अखबारों से साहित्य गायब हो गया है। इसे दोबारा वापस लाया जाना चाहिए, क्योंकि आज इसकी सख़्त जरूरत है। अनेक वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार इस पर चिंता व्यक्त करते रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय प्रभाष जोशी का मानना था कि अखबारों से साहित्य गायब होने के लिए सिर्फ़ अखबार वाले ही ज़िम्मेदार नहीं हैं। पहले जो पढ़ने-लिखने जाते थे, वही लोग अखबारों के भी पाठक होते थे। पहले जो व्यक्ति पाठक रहा होगा, उसने शेक्सपियर भी पढ़ा था। उसने रवींद्रनाथ टैगोर को भी पढ़ा था। उसने प्रेमचंद, शरतचंद्र, मार्क्स और टॉलस्टाय को भी पढ़ा था। लेकिन सरकार के साक्षरता अभियान की वजह से समाज में साक्षरता तो आ गई, लेकिन पढ़ने-लिखने की प्रवृत्ति कम हो गई। नव साक्षरों की तरह ही नव पत्रकारों को भी साहित्य की ज्यादा जानकारी नहीं है। पहले भी साहित्य में रुचि रखने वाले लोगों को अखबारों से पर्याप्त साहित्य पढ़ने को कहां मिलता था। वे साहित्य पढ़ने की शुरूआत तो अखबारों से करते थे, लेकिन साहित्यिक किताबों से ही उनकी पढ़ने की ललक पूरी होती थी। अब लोग अखबार पढ़ने की बजाय टीवी देखना ज्यादा पसंद करते हैं। ऐसे में अखबारों से साहित्य गायब होगा ही। वर्तमान में मीडिया समाज के लिए मजबूत कड़ी साबित हो रहा है। अखबारों की प्रासंगिकता हमेशा से रही है और आगे भी रहेगी। मीडिया में बदलाव युगानुकूल है, जो स्वाभाविक है, लेकिन भाषा की दृष्टि से अखबारों में गिरावट देखने को मिल रही है। इसका बड़ा कारण यही लगता है कि आज के परिवेश में अखबारों से साहित्य लोप हो रहा है, जबकि साहित्य को समृद्ध करने में अखबारों की महती भूमिका रही है। मगर आज अखबारों ने ही खुद को साहित्य से दूर कर लिया है, जो अच्छा संकेत नहीं है। आज जरूरत है कि अखबारों में साहित्य का समावेश हो और वे अपनी परंपरा को समृद्ध बनाएं। हिन्दी पत्रकारिता के सुप्रसिद्ध पत्रकार राजेंद्र माथुर अखबार को साहित्य से दूर नहीं मानते थे, बल्कि त्वरित साहित्य का दर्जा देते थे। अब न उस तरह के संपादक रहे, न अखबारों में साहित्य के लिए स्थान। साहित्य महज साप्ताहिक छपने वाले सप्लीमेंट्स में सिमट गया है। अब वह भी ब्रांडिंग साहित्य की भेंट चढ़ रहे हैं। पहला पेज रोचक कहानी और विज्ञापन में खप जाता है। अंतिम पेज को भी विज्ञापन और रोचक जानकारियां सरीखे कॉलम ले डूबते हैं। भीतर के पेज 2-3 में साप्ताहिक राशिफल आदि स्तंभ देने के बाद कहानी-कविता के नाम कुछ ही हिस्सा आ पाता है। ऐसे में साहित्य सिर्फ़ कहानी-कविता को मानने की भूल भी हो जाती है। निबंध, रिपोर्ताज, नाटक जैसी अन्य विधाएं तो हाशिये पर ही फेंक दी गई हैं।

आज भी चंद अखबार साहित्य को अपने में संजोए हुए हैं। वक़्त बदलता रहता है, हो सकता है कि आने वाले दिनों में अखबारों में फिर से साहित्य पढ़ने को मिलने लगे। कहते हैं, उम्मीद पर दुनिया कायम है। (लेखिका कांग्रेस पार्टी दिल्ली इकाई से जुड़ी हुई हैं।)

### खास बात

## मंदिर में कांग्रेस

**मृत्युंजय दीक्षित**

**कुछ** वर्ष पूर्व तक भारतीय जनता पार्टी की ओर से नारा लगाया जाता था, रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे और विरोधी दल पलटवार करते हुए कहते थे, ह्लरामलला हम आएंगें मंदिर वहीं बनाएंगें किंतु तारीख नहीं बताएंगेह्व। अब सब कुछ परिवर्तित हो चुका है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आ जाने के बाद अयोध्या नगरी में दिव्य-भव्य गगनचुम्बी राम मंदिर का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर है। रामलला के विराजमान होने की तिथि भी आ गई है। आगामी 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम अपने अस्थायी मंदिर से नए मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव प्रचार में भाजपा के सभी प्रचारक अयोध्या की बात कर रहे हैं। मध्य प्रदेश में इस वजह से कांग्रेस असहज महसूस कर रही है। वजह यह है कि भापजा की ओर से अब केवल यह कहा जा रहा है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में सबसे बड़ी बाधक कांग्रेस ही रही है । प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित बड़े नेता चुनाव सभाओं में जनता-जनार्दन को अयोध्या दर्शन के लिए आमंत्रित कर रहे हैं ।

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का चुनाव घोषणापत्र जारी करते हुए शाह ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन करेंगे। छत्तीसगढ़ में रामलला दर्शन योजना शुरू की जाएगी।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जनसभा में कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण देश में रामराज्य का आरम्भ होगा, जहां जाति और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। राजस्थान में भी भाजपा की ओर से समग्र हिन्दुत्व की विचारधारा व उसके विकास को समाहित करते हुए चुनाव प्रचार किया जा रहा है। राजस्थान में नाथ संप्रदाय का बहुत महत्व है और जनसंख्या के आधार पर कुछ सीटों पर वह असरकारी भी है। यही कारण है कि योगी अपना चुनाव अभियान अजमेर में उसी जगह से प्रारम्भ किया जहां पर प्रशासन ने 300 साल पुराने एक शिव मंदिर को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया था।

## राम से चर्चा

### विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**विश्वरथ** अपने तप के बल पर विश्वामित्र बने। वे बक्सर में आकर गुरु आज्ञा से राम का इतंजार किया। जबकि समाधि की स्थिति को प्राप्त करने के बाद भी अहंकार के कारण ब्रम्हर्षि का पद पाने के लिये उन्हें महर्षि वशिष्ठ के संवाद और आज्ञा का सहारा मिला। इसके बिना उनका तप किसी हाल में पूरा नहीं होता। गुरु का पद सबसे उपर है। यह सभी प्रकार के व्यक्ति का परिष्कार हो जाता है। विश्वरथ राजा थे और तपोबल से उन्होंने जो कुछ प्राप्त किया वह गुरु के आर्शिवाद और मार्गदर्शन क५ बिना अधूरा ही रहा। इस पूरे प्रकरण की चर्चा वशिष्ठ जी श्री राम के सामने तुलसीदास रचित रामचरित मानस के उत्तर कांड में करत हैं। महर्षि वशिष्ठ भगवान श्री राम से कहते हैं कि राम दुनिया में जप, तप, योग, नियम अथवा जो कुछ भी आगम निगम में साधन बताया गया हैये सब मैल ही पैदा करता है, अहंकार पैदा करता है। केवल प्रेम ही ऐसी चीज है तो हृदय को अहंकार से रहित करता है। अतः निष्कर्ष यह है कि ज्ञान बिना भक्ति के नहीं हो सकता है।

पूरे प्रकरण का सारांश यह है कि साधन माध्यम से कभी भी मनुष्य चाहे कि ज्ञान हो जाये तो यह संभव नहीं होगा। विश्वामित्र जी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। कभी भी साधन मनुष्य को ज्ञान संपन्न नहीं करा सकता है। जब भी ज्ञान संपन्न करेगा जो गुरु के प्रति जो भक्ति है वहीं ज्ञान संपन्न कर सकता है। विश्वामित्र जी इसके श्रेष्ठ उदाहरण हैं। (ब्रम्ह विद्यालय एवं आश्रम)

होटवार जेल में बंद घोटालेबाज कैदियों को उड़ीसा और बंगाल छोड देश के अन्य राज्यों की जेल में शिफ़्ट कराए ईडी 2015 से अब तक राज्य के सत्ताशीर्ष पर बैठे लोगों के नाक का बाल रहे ये कैदी जेल से प्रशासन को हांक रहे हैं,शासन में प्रभावी हस्तक्षेप कर रहे हैं। ईडी इसे गंभीरता से ले। **– सरयू राय, विधायक**

### आपके ट्वीट



**सदभावना** के बिना विकास नहीं, विकास के बिना प्रगति नहीं, प्रगति के बिना जॉब नहीं फिर कैसे होगा सशक्त भारत का निमार्ण।

**–राहुल गांधी**



**अगर** डॉ रमण सिंह जी मुख्यमंत्री रहते तो क्या कवर्धा में कर्फ्यू लगता? क्या रामनवमी के जुलूस को कोई बैन करता? क्या गोकशी और गो-तस्करी का अड्डा छत्तीसगढ़ बन पाता? सबका उपचार आपका एक वोट है... **– योगी आदित्यनाथ**

# महाश्वेता देवी का पूरा जीवन समझा आदिवासियों का मर्म

**कृपाशंकर चौबे**

### संस्मरण

**आदिवासियों** के बीच उन्होंने 1965 में काम शुरू किया था और मृत्यु पर्यंत उनके कल्याण के लिए संघर्षरत रहीं। उनकी लड़ाई मैक्लुक्सीगंज से आरंभ हुई थी। 1965 से 1975 तक हर वर्ष दो-तीन बार वे मैकलुक्सीगंज जाती थीं। महाश्वेता आदिवासियों की पीड़ा देखतीं तो उनके जंग में शामिल हो जातीं। 1981 में रामेश्वरम और दूसरे साथियों के साथ मिलकर पलामू के सेमरा गांव में बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराने के लिए महाश्वेता ने बंधुआ मुक्ति समिति बनाई थी। मजदूरों का उसी वर्ष सम्मेलन आयोजित किया था।

महाश्वेता देवी भाषा शोध और प्रकाशन केंद्र के न्यौते पर वेरियर एलिन स्मृति व्याख्यान देने 14 मार्च 1998 को बदौड़ा गई थी। वहां से लौटकर इन पंक्तियों के लेखक को वहां का वृतांत सुनायाः वहां व्याख्यान का विषय था ह्यभारत में अपराधी आदिवासीह्न। अधिसूचित आदिवासियों के बीच मैं 1978 से ही काम कर रही हूं। इसीलिए व्याख्यान देने का न्यौता कबूल किया। यह भी सही है कि जन आदिवासियों को 1871 में ब्रिटिश सरकार ने अपराधी आदिवासियों के रूप में अधिसूचित किया और जिन्हें 1952 में भारत सरकार ने गैर अधिसूचित किया उन पर मैं अधिकारपूर्वक कुछ कह सकती हूं। पश्चिम बंगाल के लोधा शबर, खेड़िया शबर कभी अपराधी आदिवासी के रूप में अधिसूचित हुए थे, उसी कारण आज वे न्यूनतम मानवाधिकारों से वंचित हैं। पश्चिम बंगाल के आदिवासियों के साथ सरकारी सलूक देख मैं बहुत निराश हूं। राज्य सरकार शबर आदिवासियों को सम्मानपूर्वक जीने नहीं देती। पुलिस और राजनीतिक पार्टियां नहीं चाहतीं कि शबर जिंदा रहें। अपराधी आदिवासी अधिनियम के तहत एक जिले में जिस समूह को अपराधी आदिवासी घोषित किया गया, उसे पड़ोस के जिले में किंतु अपराधी नहीं घोषित किया गया। कहीं कहीं तो उन्हें जाति ही माना गया। पुरुलिया के खेड़िया शबर जन्मोपराधी हैं पर पास के सिंहभूम और रांची के शबर जन्मजात अपराधी आदिवासी नहीं हैं। 1952 में अपराधी आदिवासी अधिनियम को भारत सरकार ने ह्यडिनोटिफाइडह्न किया फिर भी आईपीएस के प्रशिक्षुओं से कहा जाता है कि वे इन्हें अपराधी आदिवासी ही मानें। इसीलिए बड़ौदा में मैंने कुछ सवाल उठाए। हमारी तरह जो भी सोचने वाले लोग हैं, सबने हमारी मांग का समर्थन किया। इस मांग को पूरा कर ही आदिवासियों के बारे में भारत की स्थाई रूप से बन गई विकृत छवि दूर होगी। बड़ौदा सम्मेलन में यह समवेत मांग हुई कि भारत सरकार बताए कि 1952 में 1871 के अधिनियम को कागज पर खत्म करने का कारण क्या था? और उसी अधिनियम को व्यवहार में जिंदा रखने का कारण क्या है? वह व्यवहार में जिंदा है तभी तो पुलिस को हिटलर की तरह शक्तियां प्राप्त हैं जिससे वह डिनोटिफाइड और नोमेडिक ट्राइब्स को मारती रहती है। बड़ौदा सम्मेलन ने इस बर्बर व्यवहार को फौरन खत्म करने और भारत में सभी गैर अधिसूचित आदिवासियों की सभी मौतों और उनके लापता होने के मामलों की व्यापक जांच सुनिश्चित करने के लिए नया कानून बनाने की मांग की। आदिवासियों पर जुल्म ढाने के अपराध में पुलिस को यथोचित दंड देने की मांग भी की गई। इस तरह के मामलों की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच आयोग बनाने की मांग भी हुई। ये मांगें पूरी नहीं हुईं तो क्या हम-आप अगली सदी में आदिवासियों की इसी दशा के साथ प्रवेश करेंगे? देश की सर्वोच्च अदालत के सामने यह अहम सवाल है। गैर अधिसूचित आदिवासी आपको एक जिम्मेदार भारतीय के रूप में अगली सदी में प्रवेश करने का अवसर दे रहे हैं? समाप्त (साभारः लोकमत समाचार )

### कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

### लेटर टू एडिटर

#### विसंगतियों की शिक्षा

**आर्थिक** मंदी के चलते मध्य वर्गीय परिवार के लिए मोबाइल-कंप्यूटर खरीद पाना बस की बात नहीं है। शिक्षा नीति योजना के संभावित परिणामों पर विचार किये बिना ही लागू कर दी गयी। घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा ने लाभ की अपेक्षा अधिकतर विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से कमजोर अवश्य कर दिया है। यह बड़ी चिंता का विषय है।

**–अनिल कौशिक, रांची**

#### शासन की जवाबदेही

**पुलिस** और आबकारी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और मिलीभगत के बिना अवैध शराब का उत्पादन और बिक्री सम्भव नहीं। अनेक मामलों में उच्च स्तर पर सरकारी संरक्षण उजागर हुआ है। बिहार में नशाबंदी लागू कर नीतीश सरकार ने कमाल किया है। आबकारी कर से धन अर्जित करने वाली सरकार का दायित्व है कि उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण शराब उपलब्ध कराये।

**–सुखबीर, जमशेदपुर**

# कांग्रेस को नुकसान पहुंचाते कमलनाथ-दिग्विजय

### सामयिक

**अखिलेश** यादव के प्रकरण ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया है की मध्य प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की जोड़ी कांग्रेस आलाकमान पर भारी पड़ती हुई नजर आ रही है।

अखिलेश यादव प्रकरण में भी कुछ-कुछ ऐसा ही होता नजर आ रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में किसी भी कीमत पर नरेंद्र मोदी को हराकर प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए बेचैन कांग्रेस ने या यूं कहें कि कांग्रेस आलाकमान ने अपने तमाम मतभेदों को किनारे रखकर कई विपक्षी दलों के साथ बैठना स्वीकार किया। हालांकि कांग्रेस ने भाजपा को हराने के लिए विपक्षी एकता की शुरूआत इंडिया गठबंधन बनने से काफी पहले महाराष्ट्र में उस समय ही शुरू कर दी थी जब गांधी परिवार ने शरद पवार के कहने पर उस शिवसेना के सुप्रीमो उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाना स्वीकार कर लिया था जो शिवसेना कांग्रेस से ज्यादा सीधे कांग्रेस आलाकमान यानी गांधी परिवार पर हमला बोला करती थी। बाद में जब कांग्रेस के कहने पर नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों को एकजुट करना शुरू किया तो अपने राज्य के नेताओं की मांगों, यहां तक कि लोकसभा में अपने नेता अधीर रंजन चौधरी की मांग को नजरअंदाज कर कांग्रेस आलाकमान ने बड़ा दिल दिखाते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बैठना भी मंजूर कर लिया जिन पर पश्चिम बंगाल के कांग्रेस के अपने नेता यह आरोप लगाते रहते हैं कि उनकी सरकार बंगाल में कांग्रेस कार्यकताओं की हत्या तक करवा रही है। गांधी परिवार ने आम आदमी पार्टी के उन मुखिया अरविंद केजरीवाल तक के साथ बैठना स्वीकार कर लिया जो केजरीवाल साहब अन्ना आंदोलन के समय गांधी परिवार को पानी पी-पीकर कोसा करते थे और जिनकी पार्टी ने पंजाब में न केवल कांग्रेस का सुपड़ा साफ कर उसे सत्ता से बाहर कर दिया, दिल्ली में कांग्रेस के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया बल्कि गुजरात में चुनाव लड़कर कांग्रेस को सबसे बड़ी हार के कगार पर पहुंचा दिया। केजरीवाल अब यहीं तक नहीं रुक रहे हैं बल्कि आने वाले पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव में भी पूरे दम-खम के साथ चुनाव लड़ रहे हैं।

कांग्रेस के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की जोड़ी ने समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव को नाराज कर विपक्षी गठबंधन के भविष्य पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। अखिलेश यादव दावा कर रहे हैं कि मध्य प्रदेश प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सपा को 6 सीटें देने का वादा किया था लेकिन बाद में मुकर गई। इस बारे में जब कमलनाथ से सवाल पूछा गया तो वह बहुत ही हल्के अंदाज में यह कहते नजर आए की ₹अरे भई, छोड़ो अखिलेश-वखिलेश₹। अब आप खुद सोचिए की एक ऐसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जो जिनकी पार्टी सबसे ज्यादा ताकतवर उत्तर प्रदेश में है जहां से लोकसभा में 80 सांसद चुनकर आते हैं और जिनके साथ कांग्रेस एक बार गठबंधन करके चुनाव लड़ चुकी है। उस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बारे में इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करने का मतलब सीधा एक ही होता है कि आप अपने ही पार्टी के राष्ट्रीय आलाकमान की मेहनत पर पानी फेरते हुए नजर आ रहे हैं क्योंकि यहां इस बात को ध्यान रखना जरूरी है कि शुरूआत में अखिलेश यादव इस गठबंधन में शामिल नहीं होना चाहते थे।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### आईलेक्स सिनेमा का हुआ उदघाटन



**रामगढ़।** थाना चौक स्थित आईलेक्स सिनेमा हॉल का शुक्रवार को मुख्य अतिथि ज्योत्सना ज्येत्सना बंसल, विशिष्ट अतिथि फागु बेसरा, कुमार महेश सिंह, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, आकाश जालान, मिलन बसंत ने विधिवत रूप से फीता काटकर उदघाटन किया। इस मौके पर सिनेमा हॉल प्रबंधन की ओर से बताया गया की हॉल में दो स्क्रीन हैं। डेली 10 शो चलाये जायेंगे। बताया की दर्शक ऑनलाइन टिकट बूक करवा सकते हैं। मौके पर अनमोल सिंह, इंद्रपाल सिंह सैनी, विजय मेवाड़, मनजी साहनी आदि मौजूद थे।

### किसानों को दी गयी जानकारी

**टाटीझरिया।** दारू प्रखंड के बरवार गांव में किसानों को पायोनियर 27 की खरी फसल दिखाकर धान के गुण और विशेषता के बारे में जानकारी दी गई। पायोनियर के क्षेत्रीय प्रबंधक समित कुमार ने किसानों को बताया कि पायनियर 27,37 धान दो नंबर जमीन के लिए एक बेहतर हाइब्रिड धान हैं जिसकी बाली दूसरे धान की अपेक्षा लंबी और गुछेदार होती है जिससे किसानों को प्रति एकड़ 3 से 4 कुंटल अधिक उपज प्राप्त होता है। फसल प्रदर्शनी के दौरान किसानों को 10 बालियों का वजन करके भी दिखाया गया जिसमे पायोनियर 27ढ37 धान 130 ग्राम आया जबकि अन्य सभी काफी कम 66 ग्राम आए। विजेता किसान को कंपनी के प्रतिनिधि ने गमछा और मेडल पहनाकर समानित किया। मौके वीरेंद्र यादव, संतोष यादव, इंदर, सहदेव यादव, रामप्रसाद यादव, अनिल यादव एवं कंपनी का क्षेत्रीय अधिकारी राजेश कुमार एवम कपिलदेव वर्मा आदि मौजूद थे।

### दीपोत्सव रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी

**विष्णुगढ।** विष्णुगढ़ प्रखंड में स्थित उत्क्रमित हाई स्कूल बरांय में दीपोत्सव रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा प्रथम से दशम् तक के सभी छात्र छात्राओं ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार के रंगोली बनाकर ममत्व,अपनत्व एवं भाईचारे को प्रदर्शित किया। विद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों एवं दौलत महतो मेमोरियल शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय के बी०एड० सत्र 2022-24 के प्रशिक्षु विवेक कुमार, योगेंद्र कुमार महतो और प्रकाश कुमार महतो ने कहा कि दीपावली का त्यौहार एक साथ मिलकर खुशियां मनाने के साथ-साथ अंतसन्मन में भरे विकारों को हटाकर मन मंदिर में प्रेम व सौहार्द की दीप ज्योति जलाना है। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेश राम, मिथिलेश कुमार, रवि कुमार राहुल, ब्रजभूषण कुमार दास, सागर कुमार, संजय कुमार साव, मोहम्मद आबिद हुसैन,विद्यालय अध्यक्ष राजेश कुमार मंडल समेत सैकड़ो विद्यार्थियों उपस्थित थे।

### सदर विधायक ने भेंट किया नमो श्रद्धांजली किट

**दारु।** सदर विधायक मनीष जायसवाल आम जनता के जरूरतों को पुरा करने के लिए हमेशा तत्पर रहते है। दारु प्रखंड क्षेत्र के इरगा पंचायत के सुल्तानी यादव टोला मे कुछ दिन पूर्व 12 वर्षीय शंकर यादव की डोभा मे डूबने से मौत हो गयी थी। सदर विधायक द्वारा उपलब्ध कराये गये किट को विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू ने मृतक के भाई को नमो श्रद्धांजली किट सौपा। इस किट मे कच्चा राशन विधायक के सौजन्य से दिया जाता है। श्रद्धांजलि किट पाकर मृतक के परिजन व ग्रामीणों ने विधायक को धन्यवाद देते हुए उनका आभार प्रकट किया। इस मौके पर अशोक प्रसाद कुशवाहा, देवदत्त प्रसाद, मृतक का भाई शिव नारायण यादव, प्रेमचंद यादव, संजय कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

### भेलवारी को हरा लवाकुदर बना चैंपियन

**कटकमसांडी।** प्रखंड के आराभूषाई महुंवाई में आयोजित फुटबॉल टूनामेंट का आज महुंवाई मैदान में इस टूनामेंट का भव्य समापन किया गया। इस टूनामेंट में टोटल 16 टीमों ने भाग लिया था। इस फुटबॉल टूनामेंट के भव्य समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हजारीबाग समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा आराभुषाई पंचायत के मुखिया आदित्य दांगी ने इस टूनामेंट के किक व फीता काट कर किया उद्घाटन । आराभुषाई पंचायत के मुखिया आदित्य दांगी ने बताया कि इस तरह का फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन होती है तो गांव अस्तर के खिलाडियों को एक अपना कला दिखाने के अवसर प्राप्त होती है। उद्घाटन मैच भलवारी बनाम लवाकुदर के बीच खेला गया। जिसमें अंतिम में पेनाल्टी शूट आउट किया गया जिस में लवाकुदर 5-2 से विजय हुआ। विजेता टीम को 20 हजार वा मेडल और रनर विजेता को 10 हजार और मेडल दे कर नवाजा गया।

### अज्ञात चोरों ने की घर से बाईक चोरी

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं तेजी बढ़ गई हैं।बीते रात चरही थाना क्षेत्र के लाल बंगला,शिव मंदिर परिसर व ईश्वर महतो के घर के एक किरायेदार की बाईक अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गए। उक्त मकान में लोयला नामक विद्यालय के सीसी कैमरे के सामने से चोर ने बाइक को उठा ले गया। घटना गुरुवार की रात लगभग 11 बजे के आस पास बताई जाती है। चोर मंदिर के पीछे से घुसा, सीसी कैमरे को छेड़ छाड़ करने की कोशिश भी की। बाइक की लॉक तोड़कर भाग गया। चोर की सारी करतूत सीसी कैमरे में दिखाई दी है। इस संबंध में भुक्त भोगी बाइक का मालिक दीपक कुमार द्वारा चरही थाना में लिखित शिकायत की गई है।

### हाइवा ने टेंपो को मारी टक्कर, एक घायल



**भुरकुंडा।** रीवर साइड आकाशदीप कॉलोनी के पास हाइवा ने टेंपो को पीछे से टक्कर मार दी। घटना में टेंपो सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय लोगो की मदद से घायल को भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही भुरकुंडा पुलिस हाइवा और टेंपो को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई। जानकारी के अनुसार सेंट्रल सौंदा निवासी बिटका कंदेल 30 वर्ष टेंपो नंबर जेएच 09 क्यू 9067 में सवार होकर भुरकुंडा बाजार आ रहा था। इसी क्रम में रीवर साइड आकाशदीप कॉलोनी के पास पीछे से आ रही हाइवा नंबर जेएच 02 बीके 4524 ने टेंपो को धक्का मार दिया। टक्कर लगने से टेंपो पलट गया। घटना में टेंपो में सवार बिटका कंदेल के सीने और चेहरे मे गंभीर चोटे आई। स्थानीय लोगो की मदद से घायल युवक को भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल लाया गया। जहां घायल युवक का प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया।

# धनतेरस पर करोड़ों का हुआ कारोबार, देर रात तक उमड़ी ग्राहकों की भीड

## वाहन, जेवर, इलेक्ट्रोनिक्स, बर्त्तन, सजावट के समान और मिठाईयों की जमकर हुइ खरीदारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के बाजारो में धनतेरस पर धनलक्ष्मी की खूब वर्षा हुई। कोयलांचल के बाजारों में शुक्रवार को करीब करीब साढ़े चार पांच करोड़ का कारोबार हुआ है। सुबह से लेकर देर रात तक खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान जाम की स्थिति बनी रही। दुकानदारों द्वारा ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दिये गये ऑफरों का लोगों ने जमकर फायदा उठाया। वाहन, जेवर, इलेक्ट्रेनिक्स, स्टील, बर्त्तन, सजावट के सामान व मिठाईयों की जमकर बिक्री हुई। इसके अलावे दिपावली पर्व को लेकर दीया, मुर्ति, पुजा सामग्री और पटाखों की भी खून बिक्री हुई। धनतेरस पर्व को के भुरकुंडा बाजार में रीवर साइड, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, भदानीनगर, चिकोर, लपंगा, देवरिया, महुआटोला, पाली, सांकी, मतकमा, कुरसे, बलकुदरा, चैनगड्डा, उरीमारी, सयाल, बींजा, छापर, बड़कागांव, हेन्देगीर, गिद्दी, अरगड्डा, बासल आदि इलाकों के हजारों ग्राहक सामानों की खरीददारी के लिये पहुंचे।



खरीदारी के लिए भुरकुंडा बाजार में उमड़ी लोगों की भीड़

### चांदी के सिक्कों की ग्राहकों ने की जमकर खरीदारी

धनतेरस के अवसर पर कोयलांचल सहित ग्रामीण इलाकों के ग्राहकों ने चांदी का सिक्का जमकर खरीदा। इसके अलावे जेवर व सोने के सिक्कें भी कई जगहों पर बिकें। जेवर विक्रेता विजय ज्वेलर्स के संचालक किशोरी वर्मा व विजय वर्मा ने बताया कि चांदी के सिक्कों की ज्यादा बिक्री हुई है। साथ ही भगवान गणेश व मां लक्ष्मी की चांदी से बने प्रतिमा की भी खूब बिक्री हुई। उन्होंने कहा कि इस बार का बाजार बेहतर रहा।

**ब्रांडेड सामानों की खूब हुई बिक्री**

धनतेरस में इलेक्ट्रानिक सामानों में ब्रांडेड कंपनियों की सामानों की जमकर बिक्री हुई। इसमें विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के एलईडी टीवी, फ्रीज, वॉशिंग मशीन, ऑवेन, मिक्सर ग्रांइडेड, आलमीरा, गीजर, पंखा, आयरन, म्यूजिक सीस्टिम सहित अन्य सामानें प्रमुख रूप से शामिल थें। इलेक्ट्रोनिक सामानों के विक्रेता ने बताया की मारकेट में सैमसंग, सोनी, एलजी, गोदरेज, वीडियोकोन, जब्रोनिक्स, एमआई, एसर, पेनासोनिक, वर्लपूल, हायर, इनटेक्स आदि कंपनियों की डिमांड सबसे अधिक रही।

**ढाई सौ से अधिक बिके दोपहिया वाहन**

धनतेरस के अवसर पर भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रों में लगभग तीन ढाई सौ से अधिक दो पहिया वाहनो की बिक्री हुई। इसमें हीरो, होंडा, बजाज, टीवीएस, यामाहा, महेंद्रा, सहित अन्य कंपनियों के बाइक, स्कूटी व चार पहिया वाहन शामिल थें।

### धनतेरस पर चरही व कोयलांचल में भी जमकर खरीददारी

चरही। दीपावली व धनतेरस को लेकर चरही कोयलांचल के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। धनतेरस के पहले दिन में चरही चौक से लेकर मनोकामना कॉम्पलेक्स मार्केट में बर्तन दुकान,पूजा सामग्री,मिट्टी के बर्तन, दिया, फोटो मूर्ति, पटाखे और मिठाइयों की दुकान सज-धजकर तैयार है। धनतेरस के पहले दिन लोग स्टील, तांबा,कसा,पीतल,सोने,चांदी के बने समाने एवं आभूषणों की खरीदारी जमकर की गई। दीपावली को लेकर बिजली से संचालित लाइट, जुगनू, एलइडी, वेपर,हलोजन की सामानों भी बिक्री जोरों पर हुई। इसके साथ ही कपड़े के दुकानों में भी बाजार गर्म है। पूजा के लिए झाडू की खरीदारी देर शाम तक किया गया।

## एक नजर में

### साइंस लैब विकसित करने के लिए जिला प्रशासन, एवं सीसीएल दरभंगा हाउस के बीच हुआ एमओयू



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत एसएस उच्च विद्यालय पतरातु, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पतरातु, जनता उच्च विद्यालय चैनपुर मांडू एवं तोपा पिंडरा मांडू में साइंस लैब विकसित करने हेतु जिला प्रशासन रामगढ़ एवं सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची के बीच एमओयू किया गया। इस दौरान सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची की तरफ से जीएम एसडी एवं सीएसआर लादी बालकृष्ण एवं जिला प्रशासन, रामगढ़ की तरफ से जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम शर्मा द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। गौरतलब है की एमओयू के उपरांत सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची के द्वारा सीएसआर के तहत 26 लाख 91 हजार 733 रुपए की राशि से चार सरकारी विद्यालयों में साइंस लैब (फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी) विकसित किए जाएंगे। जिससे लगभग 4000 विद्यार्थियों को फायदा होगा।

### कोटरेवा पयोनियर धान बीज कंपनी ने किया फसल प्रदर्शनी का आयोजन



**कुजू।** कोटरेवा पयोनियर धान बीज कंपनी द्वारा गुरूवार को बड़की डूंडी पंचायत में फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शामिल कंपनी के जिला प्रतिनिधि अजहरूद्दीन, क्षेत्रीय प्रखंड के अशोक कुमार गिरि, जीतु प्रजापति ने किसानों को पयोनियर 27पी37 अत्यधिक पैदावार वाला हाइब्रिड धान बताया। साथ ही धान की बाली अन्य धान के मुकाबले लंबी और गुच्छेदार एवं वजनदार होने की बात कही। वहीं किसानों को धान के फसल में लगने वाले बीमारियों व किट से संबंधित कई जानकारी दी गयी। साथ ही जिन-जिन किसानों ने कंपनी का धान लगाया था उन किसानों को प्रतिनिधियों ने सम्मानित किया। मौके पर उप मुखिया बृजलाल महतो, कृष्णा महतो, बालदेव महतो, जतरू महतो, पवन महतो सहित काफी संख्या में किसान शामिल थे।

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कई कार्यक्रम प्रस्तुत



**बरही।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के प्रांगण में विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा निखारने के कार्य निरन्तर जारी रहता है। जिसके तहत विद्यार्थियों ने दीवाली और छठ पूजा को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमे कक्षा अरुण में विभिन्न आकृतियों में अबीर भरना, उदय में दीपक को रंगना, प्रभात में कागज के दिये सह रंगोली बनाना प्रथम में कंदील, द्वितीय में कलश सजाना, तृतीय में श्रीफल सजाना तथा चतुर्थ में सूप को सजाना आदि। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य रजनीश पांडे ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चो को भारतीय संस्कृति से अवगत कराते हुए संस्कारवान बनाने का प्रयास किया जाता है।वही उनमें आध्यात्मिक विकास भी कराया जाता है। साथ ही प्रकृति से जुड़े रहने की सीख मिलती है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमित कुमार साहू सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### नावाटांड़ में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन



**विष्णुगढ़।** बनासो पंचायत के नावाटांड़ में डीवीसी के सामुदायिक भवन में सी. एस. आर. द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह वर्तमान मांडू विधायक जे पी भाई पटेल एवं कोनार डैम डीवीसी के उप महाप्रबंधक बीजी होलकर, उप महाप्रबंधक अजय कुमार, सीएस आर के कार्यपालक सुनील कुमार द्वारा संयुक्त रूप से उद्धघाटन किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य बनासो राधा रानी,भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष भवन निर्माण सुरेश राम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधन करते हुए मुख्य अतिथि जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि डीवीसी द्वारा अच्छा पहल है। महिलाएं और बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना आर्थिक स्थिति सुधार सकते हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं, बच्चियों एवं ग्रामीणों को दीपावली एवं छठ के अग्रिम बधाई देते हुए सभा को समाप्ति की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित, दीनाराम राजू यादव, राजू महतो,सुनील कुमार, सुरेश राम, शंभू यादव, बालेश्वर महतो,प्रशिक्षक रंजू देवी, सहिया मंजू देवी,पिंकी देवी ,सी एसआर टेकलाल महतो, डेगालाल, कौशल, दामोदर, वीरेंद्र, शिक्षिका रेखा कुमारी आदि उपस्थित थे।

### बीडीओ ने बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**दारू।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के लेकर बैठक की गई। इस बैठक में बीडीओ ने बताया कि यह कार्यक्रम 24 नवंबर से शुरू होकर 6 दिसंबर 2023 को समाप्त होगी। कार्यक्रम में वन अधिकार पट्टा, अबुआ आवास के संबंध में भी विशेष जानकारी दी गई। बीडीओ ने कहा कि वैसे लोग जो 13 दिसंबर 2005 से 75 वर्ष पूर्व वन क्षेत्र में रह रहे हैं या खेती कर रहे हैं उन्हें जमीन का पट्टा दिया जाएगा। फॉर्म वन अधिकार समिति के पास जमा करना होगा। वन अधिकार समिति ग्राम सभा के माध्यम से आवेदन को अनुमोदित कर प्रखंड स्तरीय प्राधिकार समिति को अग्रसारित करेगी। इसके बाद इसे अनुमंडल और फिर जिला के लिए अनुमोदन करने के लिए भेजा जाएगा। बैठक में अंचलाधिकारी अदिति गुप्ता, बीपीओ स्वाति वर्मा, मुखिया सुनील कुमार, अनीता देवी, सीमांत दास, सुरेश प्रसाद, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक विजय कुमार, बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी की सुपरवाइजर अंजनी कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दीपोत्सव का समापन



**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में शुक्रवार को दीप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें रिया कुमारी प्रथम स्थान, संजय कुमार व गुड़िया कुमारी द्वितीय और बिंदु कुमारी, निशा रानी एवं नूतन इक्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही कालेज में दो दिवसीय दीपोत्सव का समापन हो गया। पहले दिन बीएड कॉलेज सत्र 2022-24 और 2023-25 के प्रशिक्षुओं ने प्रांगण में दो दिवसीय दीपोत्सव का शुभारंभ किया था। पहले दिन प्रशिक्षुओं ने मिलकर आकर्षक और मनोहारी रंगोली बनाई थी। फिर उस पर 1011 दीपों की लरियां सजाईं थीं। इस मौके पर प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव, आईक्यूएसी की समन्वयक डॉ बसुंधरा कुमारी, सहायक प्राध्यापिका डॉ पुष्पा कुमारी, कुमारी अंजलि, पुष्पा कुमारी, महेश प्रसाद, अनिल कुमार, जगेश्वर रजक, एसएस माइटी, दीपमाला, रचना कुमारी, दशरथ कुमार, संदीप खलखो, गुलशन कुमार, दिलीप कुमार सिंह, संदीप कुमार सिन्हा समेत पूरा कॉलेज परिवार मौजूद था।

# प्रेस क्लब का चुनाव संपन्न

## लकी ड्रॉ से अध्यक्ष बने रितेश ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता




**बड़कागांव।** प्रेस क्लब हजारीबाग के द्वारा बड़कागांव प्रखंड में प्रेस क्लब बड़कागांव का बड़कागांव पश्चिमी पंचायत चुनाव किया गया। शुक्रवार को हुए चुनाव में रितेश ठाकुर ने दिनकर प्रसाद कुशवाहा उर्फ पिंटू कुशवाहा को लॉटरी के माध्यम से हरा कर अध्यक्ष बने। निर्धारित कुल 27 पत्रकार मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें दोनों को 13-13 वोट पड़ा। जिसमें एक पर्ची में दोनों अध्यक्ष प्रत्याशी को वोट दे देने के कारण रद्द पाया गया। सचिव पद में रियासत हसन ने 3 वोट से जीत हासिल की जिसमें रियासत को 15 वोट तथा शिव शंकर कुमार को 12 वोट प्राप्त हुए। वही एक अन्य संघर्ष मुकाबले में शमशेर आलम ने रंजीत साव को एक वोट से हराकर कोषाध्यक्ष बने शमशेर को 14 एवं रंजीत को 13 वोट प्राप्त हुए। वहीं चुनाव में बेलाल सगीर केंद्रीय सदस्य, शहजाद राही उपाध्यक्ष, राजेश कुमार उपसचिव पद के लिए निर्विरोध चुने गए। वहीं पांच अन्य कार्यकारिणी सदस्य में राजकिशोर सोनी ,मोहम्मद मोइनुद्दीन, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र कुमार, संजय राम निर्विरोध चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारीओ एवं सदस्यों को मुख्य अतिथि बीडियो जितेंद्र कुमार मंडल एवं कृषि पदाधिकारी रवि रंजन के हाथों प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। चुनाव में मुख्य रूप से मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव वीडियो जितेंद्र कुमार मंडल, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, प्रेस क्लब हजारीबाग पर्यवेक्षक कुणाल भारद्वाज एवं अनिल राणा, चुनाव प्रभारी आरिफ वकार उर्फ शहंशाह, बसंत कुमार महतो, वरिष्ठ पत्रकार उग्रसेन गिरी, संजय सागर, दीपक सिंह, सदानंद कुमार शर्मा, आनंद कुमार पासवान, रेहान फजल, विक्की करमाली, शिवनारायण साहू, ज्ञानी कुमार, जुबेर आलम, हरिश्चंद्र प्रसाद आदि शामिल थे।

### श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**बरही।** प्रखण्ड अंतर्गत देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में दीपावली के अवसर पर रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।अध्यनरत विद्यार्थियों ने अपनी कला कौशल का परिचय देते हुए बहुत ही आकर्षक एवं सुंदर रंगोली बनाए। जिनमें कक्षा चतुर्थ से लेकर कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं, ऐसे में उनकी इस प्रतिभा को सही मार्गदर्शन एवं दिशा के साथ-साथ अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व है। जिसका दायित्व हम भली भांति करते रहे हैं। इन बच्चों ने अपनी सोच एवं सृजनशीलता का परिचय दिया है। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के बीच मानसिक तथा भौतिक ज्ञान बढ़ता है। विद्यालय में पढ़ाई के साथ साथ इस तरह के कार्यक्रम होते रहते हैं। उन्होंने कहा कि रंगोली प्रतियोगिता को लेकर छात्रों में काफी उत्साह देखने को मिला। विद्यालय विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में कौशल व उनकी प्रतिभा का विकास में पहल करता रहेगा। जिन विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया उसमें रानी, सुहानी, मिष्टी, मानसी, परी, रिया रानी, आभा, लक्की, सनी, तन्मय, अभिनव, वंदना, उपासना, ज्योति, खुशी, प्रिंसी, अंशु, सुनैना, सोनल, श्रेया, रूपा, अंजली, खुशबू अनमोल रिया, प्रिया आदि शामिल हैं।

### कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति ने रोजगार को लेकर उपायुक्त को सौंपी सूची



**बड़कागांव।** कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात की। इस दौरान उपायुक्त को विस्थापित बेरोजगार ग्रामीणों की सूची उपलब्ध कराते हुए कंपनी में 75% पदों पर स्थानीय को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया। विदित हो कि स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद की मौजूदगी में विगत दिनों जिला प्रशासन, कंपनी प्रबंधन एवं विस्थापित ग्रामीणों की मौजूदगी में एक बैठक संपन्न हुई थी जिसमें यह निर्णय लिया गया था कि स्थानीय विस्थापित 300 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। जिसके आलोक में करणपुरा खनन स्थापित विकास समिति के कार्यालय में प्राप्त सभी आवेदनों की सूची बनाकर समिति द्वारा उपायुक्त को सौपा गया। वही उपायुक्त ने कहा कि प्रथम चरण में सिर्फ 300 शुद्ध विस्थापितों को ही रोजगार में प्राथमिकता दिया जाएगा। मौके पर समिति अध्यक्ष मोहम्मद फयुम,सचिव मोहम्मद शमीम,कुलेश्वर राम,पदुम साव व मसकूर आलम मौजूद थे।

# स्वच्छता, शुद्धता मानवता की सीख देता है : फणीन्द्र नाथ झा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार को शुभ दीपावली पर्व के पूर्व दिवस पर शिशु वाटिका, कक्षा अरुण से द्वितीय तक के भैया-बहनों के लिए मूर्तिकला तथा नवम से द्वादश के बहनों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी कल्पना को नई उड़ान देते हुए विभिन्न सुंदर आकृति को प्रदर्शित किया वहीं शिशु वाटिका के नन्हें-मुन्ने भैया-बहनों द्वारा गीली मिट्टी से अपनी कल्पना को विभिन्न आकृतियों में ढालकर मनपसन्द मूर्तियों का रूप दिया। विद्या विकास समिति, झारखण्ड के राँची विभाग के निरीक्षक फणीन्द्र नाथ झा इस अवसर पर मौजूद थे। उन्होंने बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए दीपावली पर्व की शुभकामना दी और कहा कि दीपावली स्वच्छता, शुद्धता रचनात्मकता एवं मानवता की सीख देता है, इसे जीवन में आत्मसात करना चाहिए। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने बच्चों को दीपावली का पर्व स्नेहपूर्वक, संस्कार, वातावरण में मनाने की प्रेरणा दी। छात्रों के अवकाश के बाद आचार्यों के साथ बैठक में झा ने सबों को दीपावली की शुभकामना देते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में नूतन प्रयोग, चिंतन एवं नवीन उत्साह के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# बिहारी दुर्गा मंडप चित्रगुप्त पूजा को लेकर तैयारी पूरी

- 15 नवंबर को किया जाएगा चित्रगुप्त महाराज की पूजा
- 15 को कोलकाता से आए कलाकारों का होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम
- 16 नवंबर को भैयारी और शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता




**हजारीबाग।** श्री चित्र पूजा महासमिति बिहार दुर्गा मंडप प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ 15 नवंबर को चित्रगुप्त का आयोजन करने जा रहा है। 15 नवंबर को ही सुबह के 9:00 बजे से पूजा प्रारंभ होगी और 11:00 बजे से प्रसाद वितरण शुरू किया जाएगा। पूजा के अवसर पर बुधवार को संध्या 7:00 बजे से तपस्या म्यूजिकल ग्रुप और आर्केस्ट्रा बिहार दुर्गा मंडप प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेगी। जिसमें प्रसिद्ध गायिका सुनीता सिंह और पौलवी विश्वास शामिल है। समिति के अध्यक्ष भैया अभिमन्यु प्रसाद ने शुक्रवार को बिहार दुर्गा मंडप प्रांगण में प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया कि स्थानीय कलाकारों को भी कार्यक्रम में शामिल किया गया है ताकि वे भी अपना हुनर प्रस्तुत कर सके। महासमिति के मुख्य संरक्षक पूर्व सांसद सह वित्त एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा है वो भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। पूजा उत्सव में समाज के अन्य लोगों को भी ई-निमंत्रण के जरिए निमंत्रण दिया जा रहा है। हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा जो समिति के संरक्षक हैं कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहेंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि लगभग 50 हजार समाज के लोगों को इस बार जोड़ा गया है जिसमें 35 हजार परिवार शामिल है। 15 नवंबर बुधवार को 1:00 बजे से पेंटिंग प्रतियोगिता 3:00 बजे से म्यूजिकल चेयर 4:00 बजे से वाद विवाद प्रतियोगिता और संध्या 5:00 बजे संगीत प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें चित्रांश परिवार के अलावा दूसरे समाज के बच्चे भी हिस्सा भी ले सकते हैं।

समिति ने यह भी फैसला लिया है कि आने वाले दिसंबर माह में ही चुनाव कराया जाएगा ताकि 1 साल तक इस पूजा की तैयारी की जा सके. समाज के लोगों को जोड़ा जा सके। संध्या 5:00 बजे से शोभायात्रा निकाला जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान मनोज कुमार, सुबोध आकाश, कृष्ण किशोर प्रसाद, रमेश चंद्र प्रसाद उर्फ पिंटू जी, भैया मनोरंजन, प्रोफेसर अरविंद सहाय, प्रोफेसर सुरेंद्र सिन्हा, दिलीप कुमार, हरीश श्रीवास्तव, असित सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### डीएवी स्कूल में दीपावली पर्व पर विविध कार्यक्रम का आयोजन

**गुमला।** दीपावली के शुभ अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में विद्यार्थियों के मध्य कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा रमाकांत साहू ने बच्चों को दीपावली पर सुरक्षित, सावधानी और प्रदूषण मुक्त पटाखा जलाने का संदेश देते हुए सभी को दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज की प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने जिस उत्साह के साथ भाग लिया है वह काबिलेतारीफ है। क्योंकि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में रचनात्मक एवं गुणात्मक क्षमता का विकास होता है. साथ ही उन्होंने वोकल फार लोकल की बात करते हुए कहा कि हम मिट्टी के दीए जलाएँ और स्थानीय कला को आगे बढ़ाने में योगदान दें। कक्षा प्री नर्सरी से यूकेजी के लिए दीये का रंगीन चित्र निर्माण प्रतियोगिता, कक्षा प्रथम से द्वितीय के लिए पेपर लैंप निर्माण प्रतियोगिता, कक्षा षष्ठ से द्वादश के लिए प्रदूषण रहित दीपावली विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। सीसीए इंचार्ज श्रीमती संजुक्ता खटवा ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझाना तथा अपनी ज़िम्मेदारियों का एहसास दिलाना था।

### 15 नवंबर को विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना देगा भाकपा माले

**गुमला।** भाकपा माले व झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा की संयुक्त बैठक शुक्रवार को जिला सचिव गजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रभारी मोहन दत्ता शामिल हुए। बैठक में 15 नवंबर को भाजपा भगाओं देश बचाओं नारा के साथ धरना देने का निर्णय लिया गया। साथ ही धरना के माध्यम से मनरेगा, वनाधिकार कानून, भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन देने, समय पर मजदूरी भुगतान करने , बुर्जुगों का पेंशन तीन हजार करने आदि की मांग की जाएगी। बैठक में महेंद्र जक्शन उरांव, सुषमा देवी, बंधा उरांव, दर्शन उरांव, रवि उरांव, प्रसाद केरकेट्टा, शुकरा उरांव, जुगल मुंडा आदि उपस्थित थे।

### लोहरदगा में धनतेरस पर 10 करोड़ का हुआ कारोबार,आधी रात तक बाजार रहा गुलजार

**लोहरदगा।** जिले में धनतेरस के मौके पर जमकर खरीदारी हुई। धनतेरस को लेकर लोगो में इस बार खासा उत्साह का माहौल देखने को मिला। शहरी क्षेत्र में धनतेरस को लेकर सभी दुकानें सजी हुई थी। इस बार बर्तन दुकान,ज्वेलर्स दुकान,दिया,मूर्ति कपड़े के दुकानों में लोगो की काफी भीड़ देखी गई। एक अनुमान इस बार जिले में धनतेरस के मौके पर लगभग10 करोड़ का कारोबार हुआ। मोटरसाइकिल शो रूम में भी लोगो की भीड़ उमड़ी। धनतेरस को लेकर पूरा बाजार सजा हुआ था,भीड़ का आलम ये था कि जगह जगह पर जाम की स्थिति बनी हुई थी,शाम के बाद भीड़ में काफी बढ़ोतरी हुई। जिसके कारण रात 11 बजे तक बाजार गुलजार रहा। वही पठाखे दुकानों में भी लोगो को भीड़ देखने को मिली।

### कुंए से एक व्यक्ति का शव घाघरा पुलिस ने किया बरामद


घटनास्थल पर शव का पंचनामा करती पुलिस।

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के कुंदो गांव में एक कुआं से घाघरा पुलिस ने शुक्रवार को दिन कुंदों ग्राम निवासी बंधनु उरांव का शव बरामद किया। घटना के बाबत मृतक के परिजनों ने बताया कि वह मवेशी खरीद बिक्री का काम करता था और शुक्रवार को लगभग 9:00 बजे घर से निकला था। जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। गांव के लोग जब किसी काम से कुंआ के पास गए थे तो देखा कि कुंआ में एक शव तैर रहा है। जिसके बाद इसकी सूचना गांव में फैली। वहीं अन्य ग्रामीण के साथ हम सभी भी कुआं के समीप पहुंचे तो देखा। उसके परिजनों ने शव को बंधनु के रूप में पहचाना। घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर कुंआ है। जहां बंधनु के कुआं में डूबने से मौत हो गई है जिसके बाद घाघरा थाना को सूचना दिया गया। इसके बाद पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर पंचायत समिति सदस्य श्रवण उरांव गांव पहुंचे परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया।

### बगड़ू विस्थापित संघर्ष समिति ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**लोहरदगा।** हिंडाल्को कंपनी के खिलाफ बगड़ू विस्थापित संघर्ष समिति ने शुक्रवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन उपायुक्त कार्यालय के गेट के सामने किया। जिसकी अध्यक्षता बगड़ू विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवेंद्र उरांव ने की। अध्यक्ष देवेंद्र उरांव ने कहा कि हिंडाल्को कंपनी ने जो घोषणा और वादा रैयतों से किया था वह अब तक पुरा नही किया गया। जिसके चलते बगड़ू विस्थापित संघर्ष समिति आंदोलन कर रही है और आगे भी करती रहेगी। मुख्य अतिथि पवन तिग्गा ने कहा कि ग्रामीणों की मांगे अगर पुरी नही हुई तो जल्द ही आमरण अनशन की जाएगी। इसके लिए प्रशासन और हिंडाल्को कंपनी जिम्मेवार होगी।

### बचपन प्ले स्कूल में प्रकाश पर्व दीपावली पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**गुमला।** लोहरदगा रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल एवम बैंक कॉलोनी स्थित बचपन प्राइमरी विंग में दीपावली पर्व पर कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें आउटडोर विजिट में बच्चे टोटो के पास के कुम्हार बस्ती में चाक द्वारा दीया और मिट्टी के बर्तनों को बनाने के गुर सीखे। मिट्टी के दीये खरीदे। बच्चों ने जरूरत मंद बच्चों के लिए पटाखे, मिठाइयां एवम कपड़े डोनेट किये। जिसे शनिवार को सीलम स्थित उनके परिसर में बच्चों के साथ बाटेंगे। वर्ग एक और दो के बच्चों ने दीये बनाकर उसे डेकोरेट किया।

## सांसद के गांव डुमरी टांगरडीह में हुआ समापन, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

# भारत माला परियोजना के विरोध में आयोजित तीन दिवसीय अस्तित्व बचाओ पदयात्रा संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पदयात्रा में शामिल लोग।

**गुमला।** भारत माला परियोजना के खिलाफ अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अस्तित्व बचाओ पदयात्रा का समापन 85 किलोमीटर की दूरी तय कर सांसद सुदर्शन भगत के गांव डुमरी टांगरडीह में समाप्त हुआ। समापन के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा सांसद सुदर्शन भगत को सम्बोधित अलग-अलग मांग पत्र प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, बीपीओ डुमरी को सौंपा गया। पीएम को संबोधित मांग पत्र में कहा गया है कि हमारी 80 फीसदी जमीन जिसमें आजिविका के लिए धान की फसल होती है। उसमें एक्सप्रेस वे निर्माण पर रोक लगाई जाए। गरीबी,बेरोजगारी और पलायन इस क्षेत्र की पूर्व से ही गम्भीर समस्या है। इसमें और इजाफा करने का काम न किया जाए। वहीं सांसद सुदर्शन भगत को सम्बोधित मांग पत्र में कहा गया है कि हम आप के गांव टांगरडीह इस उम्मीद के साथ आए थे कि यहां हमारी बात सुनी जायगी ।लेकिन यहां के सन्नाटे में हमारी बात सुनने वाला कोई नहीं है ।हमारे प्रति आपकी उदासीनता एवं असंवेदनशीलता से हमें अत्यंत निराशा हुई है। पदयात्रा के समापन के पूर्व आगामी 23 नवंबर को जिला मुख्यालय गुमला में विशाल रैली आयोजित करने तथा पीएम, राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी तथा सांसद सुदर्शन भगत का पुतला दहन करने का निर्णय लिया गया है। मौके पर जिलाध्यक्ष सनिया उरांव, लोथे उरांव, सुरेश कुमार, प्रसाद यादव, अनिल उरांव, चापा उरांव, गुंजरी लकड़, प्रबोध मिंज, धर्मवीर उरांव, निलेश खलखो, बहुरन उरांव, गोस्सनर लकड़ा, मनबहाल मिंज, विजय खलखो, विकास तिग्गा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित थे।

## मीडिल स्कूल परिसर घाघरा में चल रहा शिक्षकों का योग प्रशिक्षण हुआ संपन्न


प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** हेल्थ एवं वैलनेस एंबेसडर द्वारा घाघरा मीडिल स्कूल परिसर सभागार में आयोजित पांच दिवसीय सरकारी शिक्षकों का योग प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हो गया। योग प्रशिक्षक तुलसी कुमार द्वारा 5 दिनों तक सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को योग से संबंधित प्रशिक्षण दी। जिसमें प्राणायाम, कपालभाती, अलोम विलोम सहित कई योग विधि सिखाई गई। ताकि वह अपने विद्यालय में बच्चों को योग करा सके और योग के माध्यम से बच्चे निरोग रहे। सरकारी विद्यालयों में बच्चों को प्रशिक्षित शिक्षक योग का क्लास भी लेंगे ।वही आयुष चिकित्सक प्रभारी डॉ अनिल कुमार ने कहा कि आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक बच्चों को योग सीखाये ताकि बच्चे खुद भी योग करें और अपने माता-पिता और परिवार को भी योग करने की विधि सिखाएं और सभी निरोग रहे। योग करने से कई बीमारियों से छुटकारा लोगों को मिलता है। इस मौके पर आयुष चिकित्सा डॉ अनिल कुमार, बसंत साहू, नरेश लोहरा, बिनोद सिंह, मिथिलेश मणि पाठक, अमृत लाल कुजुर सहित कई शिक्षक शिक्षिका शामिल थे।

# धरती आबा प्रश्नमंच में ज्योति प्रिया बनी विजेता

▸▸ मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस पर प्रश्नमंच का हुआ आयोजन

**खबर मंत्र संवाददाता**


अतिथियों के साथ विजेता।

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर धरती आबा प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में सभी प्रश्न भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी और उपलब्धियां से पूछे गए। कक्षा 11वीं के भगवान बिरसा मुंडा सदन से ज्योति प्रिया कुजूर प्रतियोगिता की विजेता बनी। दूसरा स्थान तिलकामांझी सदन से किरण कुमारी और तीसरा स्थान फूलों-झानो सदन से अनाया सिंह ने प्राप्त किया। दर्शक दीर्घा से प्रश्नचक्र में पुरस्कार जीतने वालों में अभय साहू, नितेश उरांव, पलक कुमारी, अजय उरांव, रितु कुमारी एवं रंजीत टोप्पो शामिल है। प्रश्नकर्ता की भूमिका प्रीति कुमारी गुप्ता और निर्णायक की भूमिका चेतना प्रिया तथा टाइम कीपर की भूमिका कविता कुमारी ने निभाई। सभी विजेताओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में रंगोली एवं डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन

▸▸ प्रतियोगिता में कक्षा दशम के पायल ग्रुप प्रथम, कक्षा अष्टम के मीनाक्षी ग्रुप द्वितीय व अर्शिया ग्रुप तृतीय स्थान पर रहे


रंगोली का निरीक्षण करते अतिथि व अन्य।

**गुमला।** पालकोट रोड स्थित संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को दीपावली पर्व पर रंगोली एम डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पना को रंगोली से साकार रूप देकर एक से बढ़कर एक कलाकृति बनायी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कक्षा 10 के पायल ग्रुप, द्वितीय कक्षा 8 की मीनाक्षी ग्रुप, तृतीय कक्षा 9 की अर्शिया ग्रुप एवं सांत्वना पुरस्कार कक्षा 8 के संदीप ग्रुप को दिया गया। विशेष पुरस्कार में प्रथम कक्षा 8 के अंजलि ग्रुप, द्वितीय कक्षा 10 के रिया ग्रुप, तृतीय कक्षा 9 के जैनब ग्रुप एवं सांत्वना पुरस्कार माही ग्रुप को दिया गया। विजेता प्रतिभागियों को जिला भाजपा महामंत्री मिशिर कुजूर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष यशवंत सिंह के हाथों पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता, विद्यालय विभाग अध्यक्ष गायत्री गुप्ता, शिक्षिका मैत्री अधिकारी, रीता कुमारी, पूनम प्रसाद, अमृता श्रीवास्तव, अनु कुमारी, सरिता गुप्ता, शोभा तिर्की, विनीत गुप्ता, किरण गुप्ता, कविता कुमारी मालती कुल्लू, सुनैना साहू, कीर्ति कुमारी, उषा रानी, प्रिंसी गुप्ता, विनीता भगत, सुमन शाह, पायल साहू, विजय लक्ष्मी यादव एवं काफी संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावक मौजूद थे।

## जारी पुलिस ने सुमन एक्का हत्याकांड का किया उदभेदन, दो अभियुक्त गिरफ्तार, गये जेल


गिरफ्तार अभियुक्त के साथ एसपी, थाना प्रभारी व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जारी पुलिस ने कटिंबा निवासी 32 वर्षी सुमन एक्का हत्याकांड का उदभेदन कर लिया है। हत्याकांड में शामिल दो अभियुक्त कटिंबा निवासी 26 वर्षीय विनय तिग्गा व कटिंबा सरनाटोली निवासी 20 वर्षीय प्रवीण बरवा को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लकड़ी का बेट लगा लोहा, खूल लगा ट्राउजर व जैकेट बरामद किया है। इस संबंध में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक हरिवंदर सिंह अपने कार्यालय परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि मृतक को सरसाही टांढ जाने वाले तेलांगाजाम रास्ते के पास स्थित नाले में हत्या कर फेंक दिया गया। जिसके बाद मृतक के पिता ने जारी थाना में कांड पंजीकृत करवाया था। उक्त मामले में पुलिस ने त्वरित कांड का अनुसंधान करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिसमें विनय तिग्गा पिता नजजारियुस तिग्गा और सरना टोली निवासी 20 वर्षीय प्रवीण बरवा पिता ओहमन बरवा शामिल है। दोनों अभियुक्तों ने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि 6 नवंबर की शाम करीब 6:00 बजे मृतक सुमन अपने बैल को बांधने के लिए विनय से टॉर्च मांगा था। विनय के द्वारा मृतक को टॉर्च नहीं देने पर गाली गलौज किया गया। जिसको लेकर विनय एक्का को गुस्सा आ गया। कुछ देर बाद विनय मृतक सुमन एक्का के घर गया एवं चिड़िया मारने चलो बोलकर साथ में ले गया। वहीं प्लान के तहत दोनों आरोपी ने सरसाही टांढ जाने वाले रास्ते के पास पहुंचकर विनय ने अपने जैकेट में छुपाए टांगी से सुमन पर प्रहार कर मौत की नींद सुला दिया। फिर दोनों मिलकर शव को छुपाने की नीयत से तेलंगा जाम नाल में फेंक दिया। छापामारी दल में थाना प्रभारी मनीष कुमार, पुअनि देवानंद राणा, सअनि किस्टो राम, सअनि विनोद शर्मा सहित थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# प्रखंड महिला विकास मंडल की महिलाओं ने जेएसएलपीएस कार्यालय का किया घेराव

▸▸ अस्थाई कर्मचारियों को हटाने की मांग के साथ आम सभा का डेट में बदलाव की हुई मांग

**खबर मंत्र संवाददाता**


जेएसएलपीएस कार्यालय का घेराव करती महिलाएं।

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा प्रखंड परिसर में स्थित प्रखंड स्तरीय महिला विकास मंडल के अस्थाई कर्मचारी और महिला मंडल की दीदियों से हुए विवाद के बाद गुस्साए महिलाओं ने शुक्रवार को जेएसएलपीएस कार्यालय का घेराव किया। महिला विकास मंडल की अध्यक्ष प्रेममनी पन्ना के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाओ ने अस्थाई कर्मचारीयो पर अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाते हुए अस्थाई कर्मचारियों को हटाने का और नए कर्मचारियों की बहाल करने का मांग करते हुए धरने पर बैठ गई। महिला विकास मंडल की महिलाओ ने महिलाओ के साथ हुए मारपीट और अभद्र व्यवहार पर सेन्हा थाना और एसटी एससी थाने में लिखित आवेदन देकर करवाई की मांग किया है। महिला विकास मंडल सेन्हा के अस्थाई कर्मचारियों ने अध्यक्ष प्रेममनी पन्ना को सूचना दिए बगैर ही अध्यक्ष सचिव और नए समिति के गठन के लिए आम सभा कराने की नोटिस जारी कर दिया गया। जिसके बाद महिला विकास मंडल अध्यक्ष और अस्थाई कर्मचारियों के बीच विवाद बढ़ता चला गया और नौबत मारपीट तक पहुंच गई। महिला विकास मंडल के अध्यक्ष एंव अन्य पदाधिकारियों ने इस पूरे मामले को लेकर प्रखंड कार्यालय में तालाबंदी कर अधिकारियों को सूचना देते हुए अस्थाई कर्मचारियों को हटाकर नए अस्थाई कर्मचारियों की बहाल कर नए समिति के लिए आम सभा कराने की मांग पर अड़े हुए है।

महिला विकास मंडल, सेन्हा की अध्यक्ष प्रेममनी पन्ना ने पूरे मामले पर बताया कार्यालय में अस्थाई कर्मचारी अपना मनमानी करते हैं और किसी भी कार्यों की सूचना समिति और अध्यक्ष को नहीं देते है। जिसके कारण कई गांवों तक महिलाओ के विकास कार्य प्रभावित होते हैं साथ ही अस्थाई कर्मचारियों द्वारा महिलाओ के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की घटना को भी अंजाम दिया जाता है। हमारी मांग है अस्थाई कर्मचारियों को हटाकर नए अस्थाई कर्मचारियों की बहाली किया जाए और हमारे साथ जो अभद्र व्यवहार हुआ है उसके लिए इनपर करवाई किया जाए।

महिला विकास मंडल की कोषाध्यक्ष गीता उरांव ने कहा समिति द्वारा अस्थाई कर्मचारियों को हटा दिया गया था लेकिन वे जबरदस्ती कार्य में आते हैं और महिला मंडल के महिलाओ को एक दूसरे के खिलाफ बरगलाने का काम करते हैं। अस्थाई कर्मचारियों द्वारा नियम के विरुद्ध कार्य किया जा रहा ये बिलकुल गलत है जबतक हमारी मांगे पूरी नहीं होती तबतक कार्य बाधित रहेगा। इस मौके पर सेन्हा प्रखंड प्रमुख फुलझरी उरांव, महिला विकास मंडल समिति की अध्यक्ष प्रेममनी पन्ना, कार्यकारणी सदस्य शुशीला उरांव, राजमनी उरांव, राजश्री उरांव, सुनीता लकड़ा सहित सैकड़ों की संख्या में महिला विकास मंडल की दीदी उपस्थित रही।

## वन अधिकार का लाभ सामुदायिक रूप में लिया जाए : डीसी

# जिला स्तरीय बैठक-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खबर मंत्र संवाददाता**


उपस्थित जनप्रतिनिधि।


सम्बोधित करते डीसी।

**लोहरदगा।** जिला प्रशासन, लोहरदगा अंतर्गत कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण की ओर से वन अधिकार अधिनियम, 2006 को लेकर शुक्रवार को नगर भवन में जिला स्तरीय बैठक-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि वन अधिकार का लाभ सामुदायिक रूप में लिया जाए। जो सही मायने में इसके हकदार हैं उन्हें मिलना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम नवंबर और दिसंबर में सभी पंचायतों आयोजित किया जाएगा। आप सभी जनप्रतिनिधि, प्रखण्ड पदाधिकारी, अंचल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जनता को राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करें। लोहरदगा जिला में यह कार्यक्रम 24 नवंबर से प्रारंभ होगा जो 29 दिसंबर 2023 तक चलेगा। अगर किसी क्षेत्र में सड़क, पुल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय आदि बुनियादी संरचना में किसी प्रकार की समस्या है या आवश्यकता है तो उससे संबंधित आवेदन इसमें प्राप्त किया जा सकता है। इसी प्रकार राजस्व विभाग से संबंधित म्युटेशन के आवेदन या सक्सेसन म्युटेशन से संबंधित अन्य आवेदन इस अभियान में प्राथमिकता के तौर पर लिये जाएंगे। साथ ही, अन्य विभागों की योजनाओं से संबंधित भी आवेदन लिये जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि सरकार ने अबुआ आवास योजना प्रारंभ की है। इसमें वैसे जरूरतमंद लोगों को जोड़ा जाएगा जिन्हें बीते कई वर्षों में भी आवास मिला है। इसमें वैसे जरूरतमंदों की पहचान कर इस सूची में शामिल किया जाए। कार्यक्रम में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत वनाधिकार समिति का गठन किया जाना है। वन अधिकार का लाभ प्रथम चरण में वर्ष 2009 से 2012 तक, द्वितीय चरण में वर्ष 2015 से 2018 तक दिया गया। अब सरकार तीसरा चरण प्रारंभ कर रही है। इसमें व्यक्तिगत पट्टा और सामुदायिक पट्टा जाएगा। लाभुकों के चयन में सावधान बरता जाना अतिआवश्यक चरण है। इसमें ग्रामसभा की भूमिका अहम है। वनाधिकार समिति में उक्त गांव के 50 प्रतिशत व्यस्क सदस्य भाग लेंगे जिनमें 10 से 15 सदस्यों का चयन किया जाएगा। इसमें दो तिहाई अनुसूचित जनजाति वर्ग के सदस्य होंगे। अनुसूचित जनजाति वर्ग के सदस्य नहीं होने पर एक तिहाई महिला सदस्य होना आवश्यक है। व्यस्क मतदाताओं की सूची का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से किया जाएगा। लाभुकों के सूची की जांच में वनकर्मी का उपस्थित रहना आवश्यक है ताकि सही सामुदाय या व्यक्ति को उसका लाभ मिल सके।

### गुरुकुल एकेडमी में रंगोली व दीया बनाओ दीया सजाओ प्रतियोगिता आयोजित

**कुडू।** प्रखंड के गुरूकुल एकेडमी स्कूल मे शुक्रवार को दिया बनाओ दिया सजाओ प्रतियोगिता आयोजित किया गया । जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने भाग लिया। शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को प्रेरित किया और बच्चों ने भी खूब आनन्द लिया। मौके पर विद्यालय के सचिव अनुराधा आनंद ने कहा की मिट्टी के दीये घरों में जलाये। इससे मिट्टी के दीये बनाने वाले कारीगरों को रोजगार भी मिलेगा। भारतीय संस्कृति में भी मिट्टी के दीये जलाने की परंपरा रही है। उन्होंने दीपावली को प्रेम और सद्भाव से मनाने व प्रदूषण रहित दीपावली पर जोर दिया। सफल प्रतिभागी को विद्यालय की ओर से पुरस्कार वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अरमाना, जेबा, दीपशिखा, कोमल सफरिन एवं साहिल सर का अहम योगदान रहा ।

### मासिक धर्म जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन


जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद बच्चियां।

**कैरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में प्रेमसागर फाउंडेशन की ओर से महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु मासिक धर्म जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन गया। जिसमें प्रेमसागर फाउंडेशन से आए सुमित्रा कुमारी, अनिशा कुमारी एवं उत्का, कैरो के निवासी योगेश कुमार प्रजापति के सहयोग से दोनों ही विद्यालयों की बालिकाओं एवं महिला शिक्षकों को एकत्रित करके मासिक धर्म जागरूकता अभियान के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति प्रोजेक्टर, कंप्यूटर, वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। इस विद्यालयों के लगभग 100 बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिनको कार्यक्रम के उपरांत प्रेमसागर फाउंडेशन की ओर से सेनेटरी नैपकिन पैड भी निशुल्क में वितरित किया गया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार एवं बालिका शिक्षा व्यक्तित्व विकास प्रभारी रीता यादव ने इस कार्यक्रम की बड़ी ही सराहना की और भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम को आयोजित करने की इच्छा जाहिर की। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी एवं बहनों ने भाग लिया।

# धनतेरस पर खरीददारी करने उमड़ी भीड़

## लगा रहा सड़कों पर जाम, आभूषणों, कार-बाइक, वर्तन दुकानों में सबसे ज्यादा रही भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** धनतेरस पर्व को लेकर पूरे अभ्रकांचल में शुक्रवार को जिले के विभिन्न बाजारों में खरीदारी के लिए ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने सोना, चांदी, बर्तनों, आभूषणों तथा दूसरे सामानों की जमकर खरीदारी की। दुकानदारों ने धनतेरस त्योहारों पर बिक्री बढ़ाने के लिए तरह तरह की लुभावने ऑफर के स्टिकर फ्लेक्स के जरिये, ग्राहकों को अपनी ओर खींच रहे थे। जिसका लोगों ने जमकर लाभ उठाया। बाजार में ग्राहकों को लुभाने के लिए हर दुकानदार अपनी अपनी दुकान के आगे सेल काउंटर भी लगाए हुए थे। दोपहर के बाद झुमरीतिलैया में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिसके कारण झंडा चौक आसपास के इलाकों में भारी जाम की स्थिति नजर आई। लोग चांदी के गणेश, लक्ष्मी की मूर्तियों की खरीदारी करते नजर आए। वहीं महिलाओं की ज्यादा भीड़ ज्वेलर्स दुकानों में सोने व चांदी के सिक्कों की खरीदारी के लिए देखी गयी। कई दुकानों में खरीददारी के लिए लंबी कतार देखी गई। वहीं विभिन्न बाइक शोरुम में युवाओं की अच्छी खासी भीड़ बाईक खरीदारी को लेकर नजर आई। जबकि शहर के चुनिंदा कार शोरुम में भी लोगों की भीड़ देखी गई। बाइक व कार खरीदने वाले लोगों ने कई दिन पूर्व ही बुकिंग ऑफर के जरिये अपनी पसंद की कार बुक कराई थी, जिसकी डिलेवरी लेने पहुंचे। धनतेरस को लेकर झुमरीतिलैया समेत विभिन्न शहरी इलाकों में खरीदारी को लेकर भीड़ रही। कोडरमा व झुमरीतिलैया बाजार में धनतेरस की शाम करीब 70 करोड़ की खरीदारी का अनुमान है। कोडरमा व झुमरीतिलैया में भीड़ को नियंत्रण रखने के लिए जगह जगह पर पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। वहीं खरददारी का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। वहीं मरकच्चो प्रखंड में भी धनतेरस पर खूब धन बरसा, करीब 5 से 10 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान जताया जा रहा है। वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने जेवरात, सोने-चांदी के सिक्के, इलेक्ट्रॉनिक सामान, गिफ्ट आइटम, बर्तन, मोबाइल, बाइक, स्कूटी से लेकर घरेलू साज-सज्जा का सामान खरीदा। वहीं प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो से लेकर ग्रामीण इलाकों में बाजार सुबह से ही गुलजार रहे, बर्तनों की दुकानों पर सुबह से ही भीड़ उमड़ने लगी। दोपहर होते-होते ऑटो, इलेक्ट्रानिक्स, कपड़ा व अन्य बाजार भी जगमग हो गये। वहीं महिलाओं से लेकर बच्चे, बड़े और बुजुर्ग सबने जमबर खरीददारी की।

### धनतेरस पर खूब हुई झाड़ू की बिक्री



चतरा। शहर में दीपावली पर्व के धनतेरस पर शुक्रवार को बाजार भीड़ से गुलजार रहे। दुकानों पर जमकर बिक्री हुई। धनतेरस के दिन ज्वेलरी दुकानों पर खासकर महिलाओं ने अपनी पसंद के आभूषण की खरीदारी की। लक्ष्मी पूजन के के लिए चांदी सिक्के एवं बही खाते, डायरी दवात, पेन, केलेंडर भी लोगों ने खरीदे। मिष्ठान दुकानों सहित किराना पर खासी बिक्री हुई तो गारमेंटस दुकाने युवक, युवतियों के आकर्षण का केंद्र रहे। आटोमोबाइल्स सेक्टर में भी अच्छी बिक्री रही। इस दौरान देर शाम तक बाजारों में बर्तनों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड जुटी रही।

फटाखों की दुकान पर भी ग्राहकों की खासी भीड नजर आई। इस दौरान कोई थालियों की खरीदारी कर रहा था तो कोई अपने नए घर के लिए पूरा बर्तनों का सेट खरीद रहा था। धनतेरस को लेकर बाजारों में अलग ही उत्साह देखने को नजर आ रहा था।

## स्पीड न्यूज

### महिला सहायक पुलिस ने एसिड पीकर आत्महत्या का किया प्रयास



**चतरा।** पुलिस लाइन चतरा में कार्यरत सहायक पुलिस राखी कुमारी ने एसिड पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि राखी को उसके महिला सहायक पुलिस कर्मी असीम लकड़ा, निर्मला तिर्की, मंजू कुमारी और पिंकी ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद राखी कुमारी ने एसिड का सेवन कर लिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि पहले इन महिला पुलिस कर्मियों ने 8 नवंबर को मारपीट की। इसके बाद 9 नवंबर की शाम उसके मारपीट की। इसके वह एसिड का सेवन कर लिया। इस दौरान राखी में सार्जेंट पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि सार्जेंट उसकी बातों को नहीं सुनते हैं। उन्होंने बताया कि सार्जेंट अपने रूम पर बुलाते हैं और उनकी पत्नी को तेल लगाने के लिए बोलते हैं। इधर चिकित्सक डॉक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि महिला ने विषपान कर लिया है। फिलहाल स्थिति ठीक है।

### नहीं रहे आरएनएम कॉलेज हंटरगंज के पूर्व प्राचार्य प्रो अजय सिंह



**चतरा।** आरएनएम कॉलेज हंटरगंज के पूर्व प्राचार्य सह सदर प्रखंड क्षेत्र के कमात गांव निवासी प्रो अजय कुमार सिंह नहीं रहे। शुक्रवार की दोपहर लगभग 1:00 बजे उनका निधन हो गया। प्रो अजय सिंह पिछले कुछ माह से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज वेल्लोर के अस्पताल में चल रहा था। वेल्लोर से लौटने के क्रम में रांची के आसपास रास्ते में ही उनका निधन हो गया। प्रो अजय सिंह अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड़कर गए हैं। इनके बड़े पुत्र चंद्रकांत कमल चतरा कॉलेज में प्रोफेसर हैं। जबकि छोटे पुत्र सूर्यकांत कमल चतरा जिले में पत्रकारिता जगत का जाना पहचाना नाम है। प्रो अजय सिंह की मौत की सूचना के बाद शिक्षा जगत में शोक की लहर है। उनके पैतृक गांव कमात में भी शोक की लहर है। प्रो अजय के पुत्र चंद्रकांत कमल व पत्रकार सूर्यकांत कमल ने बताया कि शनिवार की सुबह उनके पैतृक गांव कमात में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### जिप उपाध्यक्ष ने किया आयुवेर्दा चिकित्सालय का उद्घाटन



**चतरा।** सदर प्रखंड के ऊंटा मोड़ में पल्लवी आयुवेर्दा केन्द्र का भाजपा नेता सह जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के मौके पर स्थानीय मुखिया अनिता यादव समेत आयुवेर्दा संस्थान के अधिकारी उपस्थित थे। डॉ श्याम लाल साव ने मुख्य अतिथि जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी को बुके देकर स्वागत किया। साथ ही सभी अतिथिओं का स्वागत किया गया। ड्रा श्याम लाल ने कहा आयुदेर्दा में किडनी, लिवर, डायबीटीज, थाइराइड, स्त्री रोग, दमा, लिवर, घुटनो का दर्द समेत बिमारियों का इलाज किया जाता है। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा आज के दौर में लोग अंग्रेजी दवाओं पर भरोषा करते है। लेकिन आयुर्वेदिक व होमियोपैथी के इलाज से गंभीर से गंभीर रोग ठीक हो सकता है। मौके पर डॉ सुरेंद्र भारती, डॉ शंकर, प्रदीप कुमार, आरा मुखिया अजय यादव, दुलारचंद यादव, रोहित भारती, गणेश नारायण साव, लखन साव, विशु दांगी,अशोक भारती, गुड़िया देवी, धर्मनाथ ठाकुर, केदार दांगी, संजय यादव, लखन साव, बनवारी साव, तापेश्वर सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### ब्लॉक प्रमुख ने किया निरीक्षण



निरीक्षण करती ब्लॉक प्रमुख

**केतार।** ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी ने केतार प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में समीक्षा बैठक के उपरांत करीब 11:30 बजे प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि ज्यादातर ब्लॉक कर्मी अपने नियत समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। किसी किसी कार्यालय में ताला लटका हुआ था। इस पर प्रमुख ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए बीडीओ को निर्देश हुए कहा कि जो कर्मी उपस्थित नहीं हैं, उनका एक दिन का वेतन काटते हुए उन पर उचित कार्रवाई करें। कड़ी चेतावनी देते हुए प्रमुख ने कहा कि यदि यहां काम करना हो तो समय पर आएं वरना यहां से अपना तबादला करा लें। मौके पर समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद, राजनाथ जायवाल, उदय प्रसाद, रामभजन गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### लंबी बीमारी से जूझ रहे शिक्षक की मौत

**गढ़वा।** रंका प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुरदाग में पदस्थापित शिक्षक रैमन्त कुमार का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सहायक शिक्षक थे। उन्हें वर्ष 2014 से वेतन नहीं मिल रहा था। इस कारण वे काफी टेंशन में रहा करते थे। पिछले कुछ दिनों से वेतन को लेकर विभाग का चक्कर लगा रहे थे। परिजनों ने बताया कि शिक्षा विभाग के पदाधिकारी व कर्मी उनको काफी परेशान कर रहे थे। विभाग के इस रवैया के कारण वे गंभीर बीमारी से ग्रसित हो गये थे। अंततः उनकी मौत हो गई।

## रोशनी से जगमग हुआ ग्रिजली विद्यालय किया गया दिवाली उत्सव का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जीवंत रंगों और हर्षोल्लास के जश्न में ग्रिजली विद्यालय में शानदार दिवाली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन की शुरूवात छात्रों के द्वारा विघ्नहर्ता भगवान गणेश और धन की देवी माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर की गई। वहीं सीईओ प्रकाश गुप्ता ने छात्रों को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा की दिवाली सिर्फ एक त्योहार नहीं है परंतु यह अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव है। वहीं छात्र अनीश, माही, लवली, मयंक और आयुष ने शानदार रंगोली बनाकर अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा युकेजी के छात्रों आद्या, अक्षिता, दिव्या, आव्यम और सान्वी के द्वारा एक शानदार समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया एवं कक्षा द्वितीय के छात्र संकेत ने दिवाली पर भाषण प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा यूकेजी के छात्र अव्यम ने श्लोक उच्चारण किया। वहीं कक्षा एलकेजी से पंचम तक के छात्रों ने आर्ट एवं क्राफ्ट के माध्यम से पॉट और लैंप डेकोरेशन में भाग लेते हुए शानदार कलाकृति का प्रदर्शन किया।

### दीप कलश सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बांझेडीह रोड नंदनगर व पिपराही बेहराय स्थित संजीवनी अकादमी में शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता एवं दीप कलश सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने कई रंगोली बनाएं। वहीं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश भी दिया। वहीं पिपराही बेहराय में दीप-कलश सजाओ प्रतियोगिता में नंदनी कुमारी, राधा शिवम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही रंगोली में विनीता व ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चंदवारा मुख्य शाखा में वर्ग षष्ठ व सप्तम की छात्रा ने प्रथम, वर्ग चतुर्थ व पंचम के छात्र ग्रुप द्वितीय, वर्ग षष्ठ व सप्तम के छात्र ग्रुप तृतीय, वर्ग तृतीय के छात्र चतुर्थ व वर्ग द्वितीय के छात्र पंचम स्थान प्राप्त किया।

## एक नजर में

### झारखंड पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**कोडरमा।** झारखण्ड पब्लिक स्कूल में विज्ञान दिवस एवं दीपावली के अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल्स तैयार कर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार के रंगोली बनाकर दिवाली महोत्सव का भी आनंद उठाया। बच्चों ने अपने-अपने मॉडल्स का परिचय कराते हुए उसके क्रियाकलाप के बारे में भी बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने की कोशिश की। वहीं मॉडल्स के रूप बच्चों ने वाटर हारवेसि्ंटग, प्रदूषण निवारक, सौरमंडल व्यवस्था, पवन चक्की, एटीएम मशीन, वाटर क्लीनर, चंद्रयान, प्रोजेक्टर आदि पूरे बत्तीस प्रकार के मॉडल्स बनाकर विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया। बच्चों के इस प्रदर्शनी में विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने निरीक्षण किया एवं उनके उत्साह को बढाते हुए प्रधानाचार्य अब्दुल रहमान ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है एवं समूह में कार्य करने की प्रेरणा भी मिलती है। रंगोली कार्यक्रम में भाग लेकर बच्चों द्वारा एक से एक रंगोली भी बनाया गया।

### राज इंटरनेशनल स्कूल में दीपावली की रही धूम




**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में दीपावली का त्योहार धूम धाम से मनाया गया। जहां बच्चों ने रंगोलियां बनाई एवं फूलझड़ियां छोड़ी। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर कक्षा सप्तम तक के छात्रों ने मोमबत्तियों के दिया बनाया। वहीं चेयरमैन राम लखन सिंह एवं सी.इ.ओ. एके लाल ने दीप प्रजव्लन कर समारोह का शुभ प्रारम्भ किया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से लेकर कक्षा सप्तम के छात्रों ने भाग लिया तथा कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा युकेजी के छात्रों ने फैंसी ड्रेस कम्पटीशन में भाग लिया। बच्चों ने वेस्ट मटेरियल, कॉटन, लकड़ी का बुरादा, चावल, फूल से रंगोली बनाई। इस मौके पर बच्चों ने निर्त्य कला एवं नाट्य कला के जरिए सम्पूर्ण राम लीला को प्रदर्शित किया, जिसे विद्यालय के सचिव एवं सभी शिक्षकों ने सराहा। मौके पर श्रुति, पूजा, इकबाल, अनीता, प्रीति, करिश्मा, इंदू आदि मौजूद थे।

### जीएस पब्लिक स्कूल में बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर स्थित जी.एस. पब्लिक स्कूल में दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाया। प्रतियोगिता का आयोजन सीसीए कोऑर्डिनेटर इलियास अंसारी तथा आरूषी कुमारी के दिशा निर्देश पर किया गया, जिसमें बच्चों को दो ग्रुप में शामिल किया गया। जिसमें ग्रुप ए में वर्ग पांचवीं से वर्ग सातवीं तक एवं ग्रुप बी में वर्ग आठवीं से दशवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। वहीं निदेशक नितेश कुमार ने सभी बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं व अपने आशीर्वचन दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म ग्रंथों के अनुसार, रंगोली को कोई भी शुभ काम शुरू करने से पहले बनाने से वहां पर सकारात्मक ऊर्जा पैदा होने के साथ उस स्थान पर कोई भी नकारात्मक ऊर्जा हो तो उसका भी नाश हो जाता है। उन्होंने बताया कि खासकर मां लक्ष्मी के घर में आगमन के लिए रंगोली मुख्य द्वार में बनाना शुभ माना जाता है।

## स्वदेशी अपना कर ही हम राष्ट्र का विकास कर सकते हैं: शालिनी

### अहिवरण वंशज ने शिल्पकारों का किया सम्मान, खरीदे दीये

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मेरी माटी मेरा देश के तहत शुक्रवार को झुमरीतिलैया के शिव शक्ति नगर में दिया एवं मिट्टी के घरोंदे व अन्य सामग्री बनाने वाले शिल्पकारों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अहिवरण वंशज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शिल्पकारों के बीच अंग वस्त्र के साथ साथ मिठाई बिस्कुट, टॉफी एवं पटाखा आदि का वितरण किया। इससे शिल्पकारों के साथ-साथ बच्चों के चेहरे भी खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि नगर प्रशासक हर्ष वर्धन, अतिथि सिटी मैनेजर डॉ. अरविंद मोदी, निवर्तमान पार्षद बालगोविन्द मोदी, अहिवरण वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी, सचिव पंकज कुमार बर्णवाल, परियोजना निर्देशक अजय बर्णवाल आदि मौजूद थे। वहीं पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपना कर ही हम राष्ट्र का विकास कर सकते हैं। आज के दौर में दिया-बाती का उपयोग हर घर में हो रहा है और हमें दिया खरीद कर इन शिल्पकारों की मेहनत को बढ़ावा देना है। वहीं नगर प्रशासक हर्षवर्धन ने कहा कि जो संस्कृति 5000 वर्षों से चली आ रही है, उसको आज भी वर्तमान समय के शिल्पकार (कुम्हार) इसे बरकरार रखें हैं यह अतुलनीय है।

## रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



रंगोली बनाती छात्राएं

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के ऊँचरी गांव स्थित आरके पब्लिक स्कूल में विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय के निर्देश पर कक्षा प्रथम से दशम तक के छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे छात्राओं के अलग अलग ग्रुप द्वारा भगवान राम व माता सीता, फूलों के बीच राष्ट्रीय पक्षी मोर की मनमोहक रंगोली एवं कई तरह के फूल की आकृति की रंगोली बनाई गई। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार पांडेय द्वारा सभी छात्राओं को एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट रंगोली बनाने पर प्रोत्साहित किया गया। मौके पर रूपेश पांडेय, अनुज शर्मा, राकेश प्रजापति, संतोष गुप्ता, गीतांजलि देव, धीरेंद्र पांडेय, प्रिती द्विवेदी, संयुक्ता ठाकुर, कौशलेश दुबे, स्नेहा सिंह, आकांक्षा प्रिया, हनीफ अंसारी, दिव्या सिंह, सर्वजीत कुमार, सुनिधि पांडेय, अनामिका देव, ममता सिंह, सुप्रिया गुप्ता, आशीष पांडेय एवं संजय यादव उपस्थित थे।

## वॉलीबॉल अंतर जिला प्रतियोगिता को लेकर डीडीसी ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते लोग

**गढ़वा।** गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में 22 नवंबर से 26 नवंबर तक गढ़वा में आयोजित होने वाले वॉलीबॉल अंतर जिला प्रतियोगिता को लेकर परिषद भवन में उप विकास आयुक्त आयुक्त राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में खिलाड़ियों को ठहरने, भोजन व्यवस्था, उन्हें लाने ले जाने के लिए व्यवस्था सहित कई बिंदुओं पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान संघ के सदस्यों ने डीडीसी उप से इसकी तैयारी की रूप रेखा पर चर्चा किया। जिस पर उन्होंने विभिन्न सुझाव दिया। साथ ही कुछ और चीज जोड़ने की बात कही। संघ के सदस्यों ने बताया कि सभी खिलाड़ियों को रखने, उन्हें खेलने के लिए स्थानीय गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में मैच का आयोजन किया जाएगा। संघ के लोगों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। संघ के सचिव ओम प्रकाश तिवारी ने कहा कि पहली बार यहां इस तरह का आयोजन हो रहा है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि ना हो इसके लिए पुनः एक बार आयोजन कमेटी की बैठक कर समीक्षा की जाएगी। मौके पर गढ़वा एसडीओ विजय कुमार, मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, नगर परिषद के विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, चिकित्सा पदाधिकारी कौशल सहगल, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार नरेंद्र नारायण, जिला खेल प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, वालीबाल संघ के सचिव ओमप्रकाश तिवारी, अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष नवीन कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश चौबे, श्याम नारायण पांडेय, कमलेश पांडेय, विवेक तिवारी,अखिलेश प्रसाद, पंकज मिश्रा, अंशु दुबे, रमाशंकर सिंह, प्रभात तिवारी, राज कुमार सोनी, सुमित मिश्रा, विशाल पांडेय, विकास तिवारी, कुलदीप गौड़ सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सांसद ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



शिलान्यास करते सांसद व अन्य

**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत तीन कालीकरण सड़क व एक उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास पलामू सांसद बीडी राम व भाजपा नेता इश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने संयुक्त रुप से किया। शुक्रवार को शिलापट्ट का अनावरण कर धूप अगरबती जलाकर व नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। जिसमें सोहगाड़ा मोड़ से गरदाहा मोड़ तक 5 किमी 650 मीटर, चौड़ाई 12 फीट 4 इंच लागत राशि 4 करोड़ 54 लाख, मोखापी मोड़ से कांडी लम्बाई 8 किमी 850 मीटर, चौड़ाई 18 फीट लागत राशि 9 करोड़ 42 लाख व मरहटिया से बेलहथ लम्बाई 5 किमी 720 मीटर, चौड़ाई 12 फिट 4 इंच लागत राशि 4 करोड़ 41 लाख रुपये का योजना शामिल है। सभी सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वास्तिक इंटर प्राइजेज के तत्वाधान में बनेगी। वहीं कांडी मोखापी मुख्य सड़क स्थित टेढ़ा नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण 3 करोड़ 21 लाख रुपए के लागत से होगा।

इस पुल का निर्माण नंदनी इंटर प्राइजेज के तत्वाधान में होगा। मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने सभी गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की शुरूआत की थी।

उनके इसी संकल्प को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में गरीबों के सच्चे हितैषी नरेंद्र मोदी ही हैं, जो गरीबों को सशक्त व सबल बनाने के अभियान में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नरेंद्र मोदी के सिवा कोई बेहतर व्यक्ति भारत में नहीं है। ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व वर्तमान सांसद बीडी राम दोनों गार्जियन के नेतृत्व में गढ़वा जिला में विकास का कार्य हो रहा है।

### चतरा होमगार्ड कार्यालय के मुंशी अनुज प्रधान को एसीबी ने 3000 घुस के साथ किया गिरफ्तार

**चतरा।** होमगार्ड कार्यालय के होमगार्ड जवान (मुंशी) अनुज प्रधान को एसीबी की टीम ने 3000 रुपये घुस के साथ गिरफ्तार किया है। प्रधान ड्यूटी देने के नाम पर अवैध पैसे की वसूली करता था। वह प्रमोद कुमार यादव से डियूटी देने के लिए 3000 रुपये घुस मांगा था। जिसके बाद प्रमोद यादव ने एसीबी टीम को सूचना दी थी। जिसके बाद एसीबी की टीम ने आज अनुज प्रधान को 3000 रुपये घुस के साथ गिरफ्तार किया है। एसीबी टीम ने गिरफ्तार कर उसे हजारीबाग ले गई है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता

**गढ़वा।** शहर के नवादा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाया। प्रतियोगिता में सातवीं की छात्रा सादिया मुस्कान ने प्रथम, जोया परवीन, जस्मीन खान व अदीबा खातून ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा शुभम कुमार, पीयूष कुमार, सादिया परवीन, छोटू कुमार एवं हरिओम कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता के संयोजक नीरज श्रीधर ने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा में पहली बार रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

# धनतेरस पर गुलजार हुआ चंदवा का बाजार, लोगों ने जमकर की खरीददारी

# सोने-चांदी के आभूषण, बाइक व इलेक्ट्रॉनिक की जमकर हुई खरीददारी


दुकान में खरीदारी करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** धनतेरस पर शुक्रवार को चंदवा शहर में दिनभर बाजार गुलजार रहा। सुबह से लेकर देर रात तक दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ती रही। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों ने तरह-तरह के आफर दिए। लक्ष्मी पूजन की तैयारियों से जुड़ी सामग्री से लेकर बर्तन, आभूषण, कपड़ा, इलेक्ट्रानिक्स, आटोमोबाइल, किराना, मिठाई-ड्राईफ फर्नीचर, सौंदर्य प्रसाधन और तमाम तरह के सजावटी सामानों की जमकर खरीदारी की गई। इससे काफी समय से ग्राहकों के इंतजार में मायूस बैठे दुकानदारों और व्यापारियों के चेहरे पर चमक दौड़ गई। उन्होंने भी ग्राहकों के स्वागत के लिए अपने प्रतिष्ठानों को आकर्षक तरीके से सजाया था। फूलों की खुशबू और रंग-बिरंगी झालरों की चमक मन में उत्साह भर रहे थे। शहर में सुभाष चौक से लेकर इंदिरा चौक से लेकर गलियों तक में सजावट, खील-बताशे, खिलौने और मूर्तियों की अस्थाई दुकानें सजाई गई है। लोगों की भीड़ भी सबसे ज्यादा इन्हीं दुकानों पर उमड़ी। इसके अलावा बर्तन, आभूषण और तमाम तरह के सजावटी सामानों की खरीदारी की गई। बर्तनों के बाजार से लेकर आभूषण विक्रेताओं के दुकानों पर लोग खरीदारी करते नजर आए। विभिन्ना प्रकार के डिजाइनर और छोटे-बड़े बर्तनों की खरीदारी के साथ लोगों ने धनतेरस की खरीददारी की। छोटे-बड़े बर्तन बाजारों में लोगों ने बर्तन की खरीदारी की। लोगों ने नए सामान, गहने-आभूषण व चांदी-सोने के सिक्कों की भी खरीदारी प्रमुखता से की। हालांकि लोगों में इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल की खरीदारी को लेकर उत्सुकता अधिक रही। महंगाई के बावजूद दुकानदारों, व्यापारियों और ग्राहकों में इसके लिए खासा उत्साह देखने को मिला। लक्ष्मी-गणेश और शुभ दीपावली के कैंडिल, प्लास्टिक, कपड़े में कई डिजाइन वस्तु लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया।

## धनतेरस को लेकर शहर में जमकर हुई खरीदारी



**लातेहार।** शहर में धनतेरस को लेकर जमकर खरीदारी हुई। धनतेरस में दुकानदारों ने बर्तन, ज्वेलरी, इलेक्ट्रीक समेत कई दुकान की खुब सजावट की थी, जिससे ग्राहक आकर्षित हो। वहीं दुकान में ग्रहकों के द्वारा देर रात तक खरीदारी करते देखे गये। लोगों में त्योहार को लेकर गजब का उत्साह था। क्या महिलाएं क्या बच्चे सबका उत्साह देखने लायक था। शाम होने से पहले ही बाजार रोशनी एवं रंग बिरंगी सामानों से जगमगा रहा था। जिससे लोग आकर्षित होकर सामानों को खरीदारी कर रहे थे। आभूषण और बर्तन की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही थी। हर कोई धनतेरस के मौके पर कुछ न कुछ खरीद लेना चाहता था। दुकानदारों के चेहरे भी खुशी झलक रही थी। लोगों की भीड़ व जमकर हुई खरीदारी से दुकानदार गदगद थे। जहां ग्राहक आयरन से लेकर फ्रीज, टीवी, वाशिंग मशीन, अलमीरा और इन्वर्टर तक की खरीददारी कर रहें थे।

## धनतेरस पर घंटों लगा रहा जाम, वाहनों के प्रवेश से दुकानदार रहे परेशान


मुख्य मार्ग में लगा जाम।

**बरवाडीह।** शुक्रवार को धनतेरस पर अधिकांश दुकानें सड़क पर लगने से मार्केट में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिससे खरीदारों को काफी परेशान होना पड़ा। बाजार में दो पहिया वाहन भी घुसना और निकलना मुश्किल हो गया। ऐसे में कई वाहन चालक अपने चार पहिया वाहनों को भी बाजार में घुसा दिए। जिससे स्थिति पूरी तरह गंभीर हो गई। बड़े वाहनों के फंस जाने के कारण बाजार में घंटों जाम लग गया। कई दोपहिया वाहन चालकों ने बताया कि बस स्टेंड अंबेडकर चौक से बाजार तक आने में उन्हें दो घण्टे मशक्कत करने पड़ गए। इससे परेशान होकर कई दुकानदारों ने जाम का वीडीओ बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी की। दुकानदार नियाज अहमद ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी हम छोटे दुकानदारों को ही उठानी पड़ती है। क्योंकि मॉल के सामने ही उनकी छोटे मोटे कपड़े की दुकान है, और पूरे महीने यहां जाम लगता रहता है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है की वह जाम को लेकर आवश्यक कदम उठाने का काम करें ताकि छोटे मोटे दुकानदारों को इस समस्या से निजात मिल सके।

## स्पीड न्यूज

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ मुरपा मोड़ में शुक्रवार को दो मोटरसाइकिल की हुई आमने-सामने टक्कर में नरेंद्र यादव 20 वर्ष पिता कमलू यादव एवं सागर कुमार दोनों ग्राम भैसादोन एवं दूसरे मोटरसाइकिल में सवार विजय महतो 26 वर्ष पिता वासुदेव महतो ग्राम ईचाक हजारीबाग एवं रामदेव यादव 40 वर्ष पिता शुकर यादव ग्राम बड़गांव चतरा घायल हो गया।

### अभाविप ने बिहार के मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन



**लातेहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लातेहार के नगर इकाई के द्वारा शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार का पुतला जिला समाहरणालय गेट के समक्ष दहन किया गया। वहीं प्रदेश सह मंत्री रमेश उरांव ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री दो दिन पहले विधानसभा में महिलाओं को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग किए थे जो की माताएं एवं बहनों सहित समाज को शर्मसार करने के जैसा शब्द बोले थे। इसी के विरोध में पुतला दहन किया गया है। पुतला दहन नगर मंत्री मुकेश यादव के नेतृत्व में किया गया। मौके पर सोनू गुप्ता, राहुल गुप्ता, सनोज गुप्ता, प्रभात कुमार, रोहित कुमार, उज्जैन कुमार अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### बारियातू बाजार में धनतेरस के अवसर पर खरीदारी जोरों पर



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड में धनतेरस के अवसर पर बाजार में खरीदारी जोरों पर की गई। बारियातू प्रखंड के सभी नौ पंचायत अमरवाडीह, सिबला, टोटी, बलुभाँग, साल्वे, फूलसु, डाढा, गोनिया पंचायत के बारियातू मुख्य बाजार पहुंचे जहाँ धनतेरस के अवसर पर खूब खरीदारी किया। बताया जाता है की धनतेरस में कोई भी सामग्री खरीदना शुभ माना जाता है। शुक्रवार व सोमवार को बारियातू में साप्ताहिक बाजार लगता है। शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार करने आए लोगो ने भी धनतेरस के अवसर पर झाड़ू, वर्तन, पूजा सामग्री, सहित कई अन्य घरेलु उपयोगी सामान खरीदारी किया। बाजार में काफी रौनक देखा गया। इधर सुरक्षा के दृष्टि से बरियातू पुलिस चौक-चौराहा मे मुस्तैद दिखे।

### मनिका प्रखंड क्षेत्र में धनतेरस के पहले दिन बाजारों में दिखी रौनक



**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में दीपावली पर्व को लेकर धनतेरस के पहले दिन शुक्रवार को बाजारों में रौनक का माहौल बना रहा क्षेत्र के दुकानदार अपनी अपनी दुकानों में सामग्री सजाकर ग्राहकों के स्वागत में लग रहे। वहीं सोने,चांदी,दोपहिया वाहन,इलेक्ट्रॉनिक सामग्री,समेत आदि के खरीदारी पर दुकानदारों के द्वारा ग्राहकों को विशेष छूट दी जा रही है जिसका भरपूर लाभ उठाते ग्राहक देखे गए। वहीं छोटे दुकानदार अपने दुकानों में फोटो,कैलेंडर,पटाखे,लाइट बेचने में लगे हुए थे। लोगों का मानना है कि धनतेरस के दिन खरीदारी करने पर शुभ होता है और घरों में लक्ष्मी माता का आगमन होता है। आज प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न दुकानों में ग्राहकों की भारी भरकम भीड़ लगी रही लोग कई तरह के अपने जरूरत से जुड़ी सामग्री खरीदते हुए देखे गए। पूरे प्रखंड क्षेत्र में दीपावली पर्व को लेकर हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ है।

### तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, तीन घायल, रिम्स रेफर

**चंदवा।** एनएच-39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के अमझरिया तालाब के पास एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई, इस दुर्घटना में बाइक सवार उकेश कुमार पिता दिलीप मुंडा, विकास कुमार पिता रामधन गंझू दोनो (हेसला) व विकास मुंडा पिता राजकुमार मुंडा (ढोन्टी चंदवा) गंभीर रूप से घायल हो गया।

# धनतेरस पर जमकर हुई धनवर्षा, बाजार में उमड़ी खरीदारों की भीड़

➲ वाहनों और इलेक्ट्रोनिक सामानों को पहले से ही लोगों ने कराई थी बुकिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** शुक्रवार को धनतेरस पर बरवाडीह बाजार में जमकर धन बरसा है। सुबह से ही बाजारों में खरीदारी के लिए भिड़ उमड़ी रही। दोपहर बाद तो मैन बाजार में तिल रखने की जगह नहीं थी। शाम होने से पहले ही बाजार रौशनी से नहा उठा। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक, बर्तन, कपड़े और सरार्फा बाजार में जमकर कारोबार हुआ है। शाम के समय बाजार में जमकर भीड़ हुई। हर दुकान पर देर रात तक ग्राहकों का मेला लगा रहा। विशेष तौर पर शुभ मुहूर्त में लोगों ने बर्तन, वाहन, कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद की खरीदारी की। इससे पहले सुबह से ही बाजार में खरीदारी की रंगत नजर आने लगी थी, जो रात तक परवान पर रही। बाजार सुबह जल्दी ही सज गए और ग्राहकों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। हर कोई कुछ न कुछ खरीद लेना चाहता था। धनतेरस पर बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसे में धनतेरस को लेकर लोग बर्तन की खरीदारी करने घरों से निकल पड़े। सुबह से शाम तक बर्तन दुकानों पर भीड़ रही। लोगों ने बड़े बर्तनों के साथ जगह छोटे बर्तन या पूजा के छोटे बर्तन खरीदे।



इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की दुकान।

#### पहले से ही वाहनों की हुई बुकिंग

लोगों ने पहले से ही अपने पसंदीदा वाहनों की बुकिंग करा ली और धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में शोरूम में पहुंच अपनी पसंदीदा मोटरसाइकल खरीदते नजर आए। माही हीरो शोरूम के संचालक मुकेश कुमार ने बताया कि सबसे ज्यादा बिक्री पैशन प्लस, हीरो स्पलेंडर और ग्लैमर की हुई। उन्होंने बताया कि ग्राहकों को कई मॉडलों को बाइक पर एक्सचेंज बोनस भी दिया जा रहा है।

#### खूब बिके टीवी व फ्रिज

इलेक्ट्रॉनिक बाजार में भी सुबह से ही खरीदारी का बूम रहा। शिव इंटरप्राइजेज के संचालक शिवनारायण प्रसाद ने बताया कि लोगों ने एलईडी टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन और अलमीरा सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जमकर बिक्री हुई। बताया कि सुबह ही उन्होंने दुकानों के बाहर इलेक्ट्रीक सामाान रखकर सजा लिया था।

### रहेया में लक्ष्मी पूजा मनाने को लेकर किया बैठक कमिटी का भी किया गया गठन


बैठक में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत अमरवाडीह पंचायत के रहेया ग्राम में शांतिपूर्ण तरीके से लक्ष्मी पूजा मनाने को लेकर गोपाल यादव की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में शांति व्यवस्था बनाकर हर्षोउल्लास के साथ पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मती से अध्यक्ष उपेंद्र यादव, उपाध्यक्ष भोला यादव, सचिव मनोज यादव, उपाध्यक्ष सुनील यादव, कार्यकारणी सदस्य मनीष यादव, रितेश यादव, प्रमोद यादव, मिथलेश यादव, सुशील यादव, अरविन्द यादव, आकाश यादव, संदीप यादव, अशोक यादव, उमेश यादव बनाए गए। सभी चयनित सभी सदस्यों ने अपनी जिम्मेवारी को ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करने की बात कही। साथ ही बताया की सौहोर्द वातावरण के साथ लक्ष्मी पूजा विधिवत मनाया जायेगा। मौके पर आस-पास के कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा 2024 में गठबंधन सरकार का जाना तय, फुल बहुमत से भाजपा बनाएगी सरकार

➲ आदिवासियों एवं दलितों को तरह-तरह के सपने दिखाकर घोर अन्याय कर रही है गठबंधन सरकार: रामधनी सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव के आवास पर दिन शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रामधनी सिंह एवं जिला कार्य समिति सदस्य महेश सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। जिला उपाध्यक्ष रामधनी सिंह ने कहा कि जैसा कि सभी को मालूम है कि 9 नवंबर को पूर्व प्रत्याशी रघुपाल सिंह राजद का दामन थाम लिए लेकिन दावे के साथ कहना चाहता हूं कि रघुपाल सिंह को राजद में जाने से भाजपा को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। आप सभी को ज्ञात है कि वर्तमान में झारखंड प्रदेश में झामुमो,राजद एवं कांग्रेस की सरकार है जो आदिवासियों को तरह-तरह के सपने दिखाकर आदिवासियों, दलितों के साथ घोर अन्याय कर रही है।


प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित भाजपा के कार्यकर्ता।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आदिवासियों एवं दलितों के लिए जो कार्य किया है वह कार्य गठबंधन सरकार के द्वारा नहीं किया जा रहा है हेमंत सरकार आदिवासी विरोधी है। आज आदिवासी समाज मजबूरी के साथ भाजपा के साथ खड़ी है दावे के साथ कहना चाहता हूं कि हेमंत सोरेन सरकार की विदाई 2024 में तय है एवं 2024 में भारी मतों से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। वहीं महेश सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को रघुपाल सिंह के राष्ट्रीय जनता दल में जाने से किसी प्रकार का नफा या नुकसान होने वाला नहीं है। मौके पर भाजपा अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, सतनारायण प्रसाद, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला महामंत्री संदीप उरांव, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष बिरजू सिंह, पंकज यादव,समेत कई लोग उपस्थित थे।

### सदीक के निधन पर शौण्डिक जायसवाल समाज ने किया शोक व्यक्त

**चंदवा।** चंदवा शौण्डिक जायसवाल समाज ने चंदवा थाना के चौकीदार रहे सदीक अंसारी की निर्मम हत्या पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। समाज के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि सदीक सभी समाज के लोगों का मदद किया करता था। सदीक के रहने से ग्रामीणों को भी थाना संबंधित कार्यों में राहत होती थी। वही राजकुमार साहू ने कहा कि पब्लिक और पुलिस प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करने में सदीक की महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। सदीक के निधन से संपूर्ण समाज को एक बड़ा क्षति हुआ है। जिसकी भरपाई निकट भविष्य में नहीं की जा सकती है। ईश्वर उनके दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को सहन शक्ति दे। शोक व्यक्त करने वालों में प्रेम शंकर भगत,सतेंद्र प्रसाद साहू, राम नरेश गुप्ता, महेंद्र प्रसाद साहू,संतोष प्रसाद साहू, किरण प्रसाद,अमित गुप्ता, रंजीत गुप्ता, सुधीर प्रसाद, मुकेश प्रसाद,मुरली प्रसाद, प्रमोद जायसवाल, सुबोध जयसवाल, दीपक भगत, आशीष गुप्ता, देवनारायण साहू, अजय साहू,धनेश प्रसाद,दिनेश प्रसाद, आदर्श रवि राज समेत समाज के कई लोग शामिल है।

## एक नजर में

### धनवंतरी का मनाया गया जन्मदिन

**बालूमाथ।** बालूमाथ आयुष्मान कार्यालय में शुक्रवार को श्री धन्वंतरी नमो का जन्मदिन मनाया गया। बालूमाथ मुखिया नरेश लोहारा, आयुष चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार, दंत चिकित्सक अलीशा टोपो समेत कई चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित का जन्मदिन मनाया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आयुष चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि श्री धन्वंतरि नमो का जन्मदिन इसलिए मनाया जा रहा है क्योंकि आज ही के दिन इनके द्वारा आयुर्वेद पद्धति से ईलाज आरंभ की गई थी। वही डॉक्टर अलीशा टोपो ने कहा कि आयुष्मान के तहत सरकार आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी एवं योग को शामिल किया है, आज आयुष्मान के तहत भी कई जटिल से जटिल बीमारियों का ईलाज किया जा रहा है। सरकार आयुष्मान के तहत ईलाज को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है। बीच-बीच में आयुष्मान मेला का भी आयोजन किया जाता है ताकि लोग जागरुक होकर इसका लाभ उठावे। इस मौके पर मुखिया नरेश लोहारा, ज्ञानी पांडे, रवि रजक, रीता टोप्पो, राजेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### साड़ी दुकान का पूर्वी जिला परिषद ने किया उद्घाटन


उद्घाटन करते जिप सदस्य।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ चेकनाका के समीप शुक्रवार को दुल्हन साड़ी नामक दुकान का उद्घाटन पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। साड़ी दुकान के मालिक रूपेश श्रीवास्तव उर्फ बिट्टू ने बताया कि दुल्हन साड़ी दुकान में हर तरह की साड़ियां उपलब्ध है। जो सस्ते से लेकर महंगा दर मे उपलब्ध है। वही पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी ने कहा की बालूमाथ के लिए खासकर महिलाओं की साड़ी के लिए अलग दुकान खोला गया है। यहां पर अच्छी क्वालिटी की साड़ियां उपलब्ध है। मौके पर बबलू गुप्ता, उदय लाल, संतोष कुमार श्रीवास्तव, सतीश कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### आईजी व एसपी ने एटीएम का किया शुभारंभ


फीता काट एटीएम का शुभारंभ करते आईजी व एसपी।

**लातेहार।** स्टेशन रोड स्थित पुलिस केंद्र मुख्य द्वार में शुक्रवार को एसबीआई एटीएम का शुभारंभ आईजी राज कुमार लकड़ा व एसपी अंजनी अंजन ने संयुक्त रूप से फीता काट व शिलापट्ट का अनावरण कर किया। वहीं आईजी व एसपी ने एटीएम से पैसा का भी निकासी किया। इस दौरान आईजी श्री लकड़ा ने कहा कि पुलिस केंद्र में एटीएम खुल जाने से केंद्र में रह रहे जवानों व शहर के लोगों को पैसे निकासी करने में सुविधा होगी। यह एटीएम सभी लोगों के लिए उपलब्ध है। वहीं इसकी प्रचार प्रसार करने के लिए बैनर बनाकर शहर के विभिन्न स्थानों में लगाने की बात कही जिससे आम जनता भी इसका लाभ लें सकें। मौके पर एसडीपीओ संतोष मिश्र, पुनि सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुनि. चन्द्रशेखर चौधरी समेत कई अधिकारी व जवान मौजूद थे।

### आदिवासी आदान-प्रदान कार्यक्रम में शामिल हुए जम्मू व विशाखापट्टनम से लौटे युवा


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** नेहरू युवा केन्द्र और सीआरपीएफ की 11 वीं बटालियन ने सुदूरवर्ती क्षेत्रों के 20-20 आदिवासी युवक व युवतियों का चयन कर 15 वीं आदिवासी आदान-प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जम्मू एवं विशाखापट्टनम भेजा था। युवक व युवतियां उक्त कार्यक्रम में भाग लेकर सकुशल लातेहार लौट गये हैं। शुक्रवार को सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन के मुख्यालय पर एक कार्यक्रम में कमांडेंट वेदप्रकाश त्रिपाठी ने उनकी सकुशल वापसी पर उन्हें बधाई दी। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सुदूरवर्ती क्षेत्रो में रहने वाले आदिवासी युवक व युवतियों को समाज की मुख्य धारा से जुड़ कर दूसरे प्रदेश की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं ऐतिहासिक परिवेश को जानने व समझने का अवसर प्रदान होता है। उन्होंने युवकों को जम्मू व विशाखापट्टनम के संस्मरणों को डायरी में लिखने की सलाह दी। मौके पर युवाओं ने भी इस भ्रमण के अपने अनुभवों को साझा किया और इसे काफी प्रेरक व ज्ञानवर्द्धक बताया। मौके पर द्वितीय कामन अधिकारी जुगल किशोर जोशी, नेहरू युवा केंद्र की युवा अधिकारी कंचन कुमारी, निरीक्षक जितेन्द्र कुमार पांडेय व पंकज कुमार समेत कई युवक व युवतियां उपस्थित थे।

### बसों का ठहराव बस स्टैंड में हो: जिप उपाध्यक्ष

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने बालूमाथ बस स्टैंड में बसों का ठहराव सुनिश्चित करने की मांग किया है। जिला परिषद उपाध्यक्ष ने बताया कि बस संचालक बालूमाथ बस स्टैंड में बस का ठहराव नही करके पुराने स्टैंड में ठहराव करते है। जिससे थाना चौक में अक्सर जाम लग जाता है। साथ ही अनाधिकृत रूप से कई ट्रक एनएच 22 में खड़ा कर छोड़ दिया गया है। जिससे जाम लगता है। पूर्व में हुए जिला परिषद की बैठक में यह मांग रखी गई थी कि यात्री बसों का ठहराव बस स्टैंड में ही हो। जिला परिषद की बैठक में उठाये गए मांग के आलोक में लातेहार उप-विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा बालूमाथ अंचलाधिकारी एवं बालूमाथ थाना को निर्देश दिया गया था कि एक सप्ताह के भीतर बालूमाथ बस स्टैंड में यात्री बसों का ठहराव करवाना सुनिश्चित करें।

## तेतरियाखाड़ कोलियरी में दबंगो द्वारा ट्रक को रोका जा रहा है पीएनएम व दबंगो के कब्जे में है कोलियरी परिसर

# गिरधारी यादव समेत कई लोगों ने पी.ओ व डीसी को मांग पत्र सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** शुक्रवार को तेतरियाखाड के कुछ दबंगों द्वारा बालूमाथ समेत कई प्रखंडों को नियम संगत जाने वाली ट्रकों को रोक दिया गया। जिससे कई ट्रक लोडिंग पॉइंट में जाने से वंचित हो गए। इधर विस्थापित नेता गिरधारी यादव समेत कई लोगों ने पी०ओ को मांग पत्र सौप कर कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी मनोज यादव एवं प्रदीप यादव को लिफ्टिंग का काम दिया है। ये लोग धोंस जमा कर पूरे कोलियरी परिसर को हाईजैक कर लिया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रणव-नमन कंपनी का कोयला का उठाव इन्हीं दोनों को मिला है और इन दोनों कंपनी को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से रात मे रेजिंग कराकर रातों-रात जबरदस्ती गाड़ी प्रवेश कर नया रेजीग का कोयला उठाकर खुले बाजार में बेच दे रहे हैं और दिखावा करने के लिए दिन में पुराने स्टॉक की कुछ गाड़ियां को साइडिंग में भेजते हैं। कंपनी द्वारा रात्रि में बिना लाइट का कार्य करते आ रहा है। जिस कारण वर्ष 2021 में 80 मीटर ऊंचा ओबी से एक हाईवा चालक हाईवा के साथ पलट गया था। जिससे मनीष यादव विकलांग बनकर घर में बैठा हुआ है। लेकिन कंपनी आज तक उसे कोई सहायता नहीं दी है। आवेदन में कहा गया है कि कंपनी का मालिक का एक निजी रिश्तेदार झारखंड सरकार के रसुकदार एवं उच्च पद पर रह चुके हैं। यही कारण है कि प्रणव नमन कंपनी रसूखदार लोगों को शामिल कर मनमानी तरीके से कोलियरी को लूटने का कार्य कर रहा है। मांग पत्र की कॉपी श्रम मंत्री भारत सरकार, श्रम मंत्री झारखंड सरकार, उपायुक्त लातेहार, मानवाधिकार आयोग भारत सरकार, आदिवासी हरिजन आयोग भारत सरकार समेत कई लोगों को प्रेषित किया है। ज्ञात हो कि बालूमाथ के ट्रक ओनर कमलेश सिंह समेत कई लोगों ने भी प्रदीप यादव पर जबरन रंगदारी करने का आरोप लगा चुके हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा इन लोगों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया। यही कारण है कि कोलियरी का रंगदारी नही रुक पा रहा है। इस संबंध में परियोजना पदाधिकारी के एल यादव से पूछे जाने पर कहा कि आरोप की जांच की जाएगी और सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में मनोज यादव से पूछे जाने पर कहा कि हम सभी सामाजिक आदमी है कोयला कारोबारी है। ये सब गलत है बेबुनियाद है। हम ट्रॉस्पोर्टिंग का काम करते है। पीएनएम का ना हम सुपरवाईजर है ना ही मैनेजर है। जो आरोप लगा रहा है वो सिद्ध करें। पुलिस मामले की जांच करें। इस संबंध में प्रदीप यादव से पूछे जाने पर कहा कि हमें जानबुझकर बदनाम करना चाह रहा है। हमलोग ट्रांसपोर्टिंग कंपनी में काम कर रहे है। हमलोग सामाजिक और राजनीतिक आदमी है। कंपनी किसे रखा है कंपनी जाने, आपलोग सभी चीज जान रहे है।

स्पीड न्यूज

## दरभंगा में बना पहला मोटर दुर्घटना न्यायाधिकरण

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा प्रमंडल के लिये बिहार मोटर दुर्घटना न्यायाधिकरण का गठन कर दिया गया है। बिहार सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के आलोक में आयुक्त दरभंगा, (प्रमंडल दरभंगा) मनीष कुमार द्वारा न्यायाधिकरण का गठन कर दिया गया है। यह बिहार में गठन किये जानेवाले सातों न्यायाधिकरण में सबसे पहला न्यायाधिकरण है। प्रमंडल में सड़क दुर्घटना से प्रभावित लोगों/परिवारों को दुर्घटना से संबंधित मुआवजा दावा का शीघ्र निष्पादन करने के लिए न्यायाधिकरण का गठन किया गया है।

## पार्षद राधाचरण साह समेत छह के खिलाफ आरोप पत्र

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करोड़ों रुपए के अवैध धनशोधन मामले में आज बिहार में पटना की एक विशेष अदालत में विधान पार्षद (एम एलसी) राधाचरण साह समेत छह लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। प्रवर्तन निदेशालय ने यह आरोप पत्र ईडी के विशेष न्यायाधीश सह पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव की अदालत में भारतीय दंड विधान एवं प्रीवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट की अलग अलग धाराओं में विधान पार्षद राधाचरण साह, उनके पुत्र कन्हैया प्रसाद एवं झारखंड स्थित धनबाद के निवासी मिथिलेश कुमार सिंह, बब्बन सिंह, सुरेंद्र कुमार जिंदल और एक कंपनी ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ दायर किया है। आरोप पत्र के आधार पर अदालत ने मामले में संज्ञान ले लिया है।

## तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से महिला घायल

**पलामू।** पलामू में एक बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़ी एक महिला समेत तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे वे घायल हो गए। घायलों का इलाज मेदिनीनगर के एमएचसीएच में चल रहा है। घटना पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड की है। सूत्रों के अनुसार राजपतिया देवी, मुन्ना खान और अल्ताफ खान चैनपुर में सड़क किनारे खड़े थे। तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने अपना नियंत्रण खो दिया। इससे तीनों जख्मी हो गए।

## दहेज हत्या के मामले में पति सास एवं ससुर को सजा

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा व्यवहार न्यायालय के तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर ने दहेज हत्या के जुर्म में पति समेत तीन लोगों कठोर कारावास की सजा सुनाई है। श्री दिवाकर की अदालत ने मामले में सुनवाई के बाद आरोपित पति यशोदानंद मिश्र को बारह साल की कठोर कारावास तथा दस हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। वहीं, मृतिका के सास मुन्द्रिका देवी और ससुर हेमनारायण मिश्र को सात-सात साल की कठोर कारावास तथा दस-दस हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी है।

## भ्रष्टाचार के मामले में डीटीओ को भेजा गया जेल

**पटना।** बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने बालू का ठेका दिलाने के नाम पर अवैध वसूली करने के मामले में कैमूर जिले के एक तत्कालीन जिला परिवहन पदाधिकारी को आज न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया। पुलिस ने भभुआ के तत्कालीन जिला परिवहन पदाधिकारी मोहम्मद जियाउल्लाह को लखीसराय से गिरफ्तार करने के बाद आज निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम की अदालत में पेश किया, जहां न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में लेने के बाद 24 नवंबर 2023 तक के लिए जेल भेजने का आदेश दिया। अभियुक्त मो. जियाउल्लाह वर्तमान में लखीसराय के जिला परिवहन पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित थे।

# जिन शिक्षकों को गांवों में नहीं करनी है नौकरी, वे इस्तीफा सौंप दें : केके पाठक

एजेंसी



**बेगूसराय।** शिक्षा विभाग बिहार के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक ने कहा है कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय की हुई है। जो शिक्षक ग्रामीण क्षेत्र में नहीं रह सकते हैं वह नौकरी छोड़ दें। गुरुवार की रात बेगूसराय पहुंचते ही के.के. पाठक सबसे पहले रात करीब 9:30 बजे डायट शाहपुर पहुंचे। जहां उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे बीपीएससी उत्तीर्ण नवनियुक्त शिक्षकों से संवाद किया। अधिकारियों के साथ पहुंचे के.के. पाठक ने संवाद के बाद डाइट के विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा तथा निरीक्षण एवं चर्चा करने कर अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद के.के. पाठक, डीएम रोशन कुशवाहा एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी शर्मिला राय सहित अन्य अधिकारियों के साथ पीटीसी विष्णुपुर पहुंचे। यहां भी उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवनियुक्त शिक्षकों के साथ संवाद किया। प्रशिक्षण के व्यवस्थाओं एवं अन्य मुद्दों की जानकारी ली, उन्होंने पीटीसी का निरीक्षण भी किया। दोनों जगहों पर नवनियुक्त शिक्षकों के साथ संवाद में के.के. पाठक ने कहा है कि आप सबों को प्रशिक्षण समाप्त होते ही नियुक्ति पत्र मिल जाएगा। नियुक्ति पत्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कंप्यूटर द्वारा जनरेट होगा। जिसमें कहीं से कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती है। कंप्यूटर तय करेगा कि आपको किस गांव में जाना है। आप सबों की नियुक्ति ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में होगी। के.के. पाठक ने सभी से उनके मूल निवास स्थान की जानकारी ली। इसके बाद कहा कि आप लोग नियोजित नहीं नियुक्त शिक्षक हैं। आपने अपनी मेघा, अपना मेरिट और सिंसेयरिटी को साबित कर दिया है। गांव में रहना है, जो गांव में नहीं रह सकते, उनके लिए यह नौकरी नहीं है, अभी भी नौकरी छोड़ दें। आपकी नियुक्ति से गांव के लोगों में जोश है। पूरे राज्य के सभी गांव में लोग आपका इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव के विद्यालय में शहर के अंग्रेजी स्कूलों से बेहतर पढ़ाई दें। जिससे बच्चे कहने लगें कि अच्छी पढ़ाई के लिए चलो सरकारी स्कूल। सरकार को भी आपसे काफी आशा है, स्कूल जाएं और अच्छे से पढ़ाएं। इधर, रात में के.के. पाठक के बेगूसराय पहुंचते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। शिक्षक से लेकर अधिकारी तक अलर्ट मोड में हैं।

## आरक्षण बिल पास होने पर लड्डू खिलाने गए आरजेडी विधायक से भिड़े बिजेपी एमएलए

एजेंसी



बिहार में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल के संबंध इतने कड़वे हैं कि मिठाई का लेन-देन भी हंगामे में बदल जाता है। बिहार में आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 परसेंट करने का बिल विधानसभा से पास होने की खुशी में भाजपा विधायकों को मिठाई खिलाने गए आरजेडी एमएलए मुकेश रोशन ने पहले से ही बवाली सेशन के आखिरी दिन को भी तीखा बना दिया। मुकेश रोशन के हाथ से लड्डू छीनकर बीजेपी के एक विधायक ने फेंक दिया और फिर जो धक्का-मुक्की हुई उसमें सुरक्षा में लगे लोगों को बीचबचाव करके दोनों पक्ष को अलग करना पड़ा। (वीडियो नीचे है) असल में शुक्रवार को विधान मंडल के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन भाजपा विधायक गेट पर ही धरना दे रहे थे। भाजपा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रही है। भाजपा सीएम नीतीश कुमार द्वारा यौन संबंधों के दौरान महिला के व्यवहार को जनसंख्या नियंत्रण से जोड़ने वाले बयान को महिला विरोधी और जीतनराम मांझी को सीएम बनाने को अपनी मूर्खता बताने वाले बयान को दलित विरोधी बताकर मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांग रही है। विधायकों का धरना चल ही रहा था कि आरजेडी के विधायक मुकेश रोशन लड्डू लेकर पहुंच गए और आरक्षण बढ़ाने का बिल एक सदन से पास होने की खुशी में उसे भाजपा नेताओं की तरफ बढ़ा दिया। पहले ही सरकार से जले-भुने भाजपा विधायक आरजेडी विधायक मुकेश रोशन के मिठाई ऑफर करने से और भड़क गए। इस पर एक विधायक ने मुकेश के हाथ से लड्डू लेकर फेंक दिया। फिर दोनों तरफ से लोग उग्र हो गए। आरजेडी वाले कहने लगे कि इनको पिछड़े-दलितों का आरक्षण बढ़ाना रास नहीं आ रहा है। तो बीजेपी वालों का कहना था कि आरजेडी विधायक जान-बूझकर उन्हें उकसान आए थे। विधानसभा के सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव कर दोनों तरफ के लोगों को अलग किया और मामला शांत कराया। विपक्ष के नेता विजय सिन्हा भी बीजेपी विधायकों को समेटते नजर आए।

## खरखोदिया गांव मे जमीन पर से उच्छेद कराते प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी व पुलिस



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के खरखोदिया गांव में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी के आदेशानुसार प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी हेमंत टुडू और पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों द्वारा निर्मल शाह आदि को जमीन पर से उच्छेद कराया गया। अनुमंडल पदाधिकारी के पत्रांक 649/7 नवंबर 2023 के आलोक में यह कार्रवाई की गई। अनुमंडल दंडाधिकारी के अदालत में आर ई आर केस नंबर 19/2023, 24 महेंद्र पोद्दार बनाम निर्मल साह वगैरा के बीच चल रहा था।अनुमंडल दंडाधिकारी के आदेश के बाद ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल द्वारा गुरुवार को निर्मल साह वगैरह को विवादित जमीन पर से उच्छेद कराया गया।

## ठाकुर गंगटी प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड प्रमुख कार्यालय सभागार में शुक्रवार को नए प्रभारी प्रमुख कुंदन कुमार महतो की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक में नए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सचिव आलोक वरन केसरी और नए प्रभारी प्रखंड प्रमुख के साथ-साथ सभी सदस्यों सभी कर्मियों आदि के साथ एक दूसरे से परिचय का आदान प्रदान हुआ। बैठक में बारी-बारी से कृषि, मनरेगा, शिक्षा, बाल विकास, आंचल, प्रखंड, प्रधानमंत्री आवास योजना, झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, एफ सी आई गोदाम, जन वितरण सहित सभी विभागों के कार्यों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई।कृषि विभाग से संबंधित सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए मक्का और सरसों के बीच किसानों को उपलब्ध कराने संबंधी प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायत का संकुल गठन किया गया। जिसमें मक्का का बीज के लिए दिग्घी, खरखोदिया, फुलबड़ीया, पंजरडीह, अमरपुर, चांदा, बुधवाचक पंचायत के गांव और क्षेत्र का चयन किया गया।वहीं सरसों का बीज के लिए मानिकपुर, भगैया, माल मंडरो, रुंजी, अमरपुर, चांदा, मोरडीहा, मिश्र गंगटी, बनियाडीह, चपरी, पंचायत के गांव को चिन्हित किया गया। संबंधित क्षेत्र के किसानों को आवेदन जमा करने के बाद प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी आनंद रंजन झा द्वारा ओटीपी के माध्यम से किसानों के बीच बीज का वितरण किया जाएगा। बताया गया कि कई किसानों को ओटीपी के माध्यम से शुक्रवार को भी बी का वितरण किया गया है। बैठक में बैठक में प्रभारी प्रखंड प्रमुख कुंदन कुमार महतो सचिन शाह प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक वर्णन केसरी सदस्य विनीत कुमार नीतू कुमारी, सुहानी सोरेन, कुर्बान अली कासमी इंद्रजीत मंडल, उज्जवल कुमार, भागीरथ पासवान, असदुल्ला अंसारी, मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी हांसदा बेंजामिन, कनीय अभियंता हेमंत टुडू, अनूप कुमार, सुनील मुर्मू, प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी दिलान कुमार हांसदा, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विकास रॉबर्ट सोरेन, प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक अनिस कुमार, प्रखंड संसाधन केंद्र के प्रखंड साधनसेवी राजशेखर सिंह, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी किशोर कुमार सिन्हा, बाल विकास परियोजना कार्यालय की महिला पर्यवेक्षिका तृप्ति कुमारी, झारखंड स्टेट लईलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पवन कुमार आदि शामिल थे।

## एसकेएमयू के पीजी में नामांकन होगी 11 नवम्बर से

**दुमका।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में पीजी सत्र 2023-25 के लिए नामांकन प्रक्रिया 11 नवंबर से शुरू हो रही हैं। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में हुई नामांकन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। पीजी नामांकन को इच्छुक छात्र-छात्राएं 11 से 27 नवंबर तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। डीएसडब्लू डॉ संजय कुमार सिंह ने बताया कि यूजी सेमेस्टर-6 का रिजल्ट प्रकाशित किया जा चुका है। अब पीजी नामांकन के लिये चांसलर पोर्टल खोला जा रहा है। छात्र-छात्राएं निर्धारित 100 रुपया का शुल्क जमा कर ऑनलाइन आवेदन चांसलर पोर्टल के माध्यम से कर सकते है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पीजी के नामांकन के साथ ही एमबीए और एमसीए कोर्स का भी नामांकन होगी। चांसलर पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन 11 से 27 नवंबर तक होगी। आवेदन शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि 28 नवंबर है। कॉलेज स्तर पर पहला मेरिट लिस्ट प्रकाशित एक दिसम्बर को होगी। कॉलेज स्तर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 4 से 7 दिसंबर तक होगी। नामांकन के लिए फीस भुगतान करने की अंतिम तिथि 12 दिसंबर निर्धारित है। कक्षा 13 दिसम्बर से शुरू होगी। नामांकन समिति के बैठक में डीएसडब्ल्यू डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ पूनम हेम्ब्रम, डॉ बिनय कुमार सिन्हा, डॉ एसएन अधिकारी, डॉ टीपी सिंह, डॉ पीपी सिंह, डॉ नीलेश कुमार, डॉ अब्दुस सत्तार, डॉ राजेश कुमार यादव, डॉ. राजीव केरकेट्टा, सूरज पाठक, मनोज आदि उपस्थित थे।

## नीतीश को विषैला या नशीला पदार्थ खिलाया जा रहा है : मांझी

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल के दिनों में जिस तरह के 'असंतुलित' बयान दिए हैं उससे यह लगता है कि उन्हें साजिश के तहत विषैला या नशीला पदार्थ खिलाया जा रहा है। श्री मांझी ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि श्री नीतीश कुमार इन दिनों ऐसी ऐसी हरकतें कर रहे हैं जिससे लगता है कि उनके खिलाफ गहरी साजिश रची जा रही है ।पिछले दिनों बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी के पिता स्व. महावीर चौधरी को श्रद्धांजलि देने के बजाय उन्होंने श्री अशोक चौधरी पर ही फूल चढ़ा दिया । इसके बाद विधानसभा में कभी महिलाओं के खिलाफ अभद्र बातें कहते हैं तो कभी दलित पूर्व मुख्यमंत्री का अपमान करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि साजिश के तहत श्री नीतीश कुमार को भोजन में विषैला या नशीला पदार्थ मिलाकर खिलाया जा रहा है।

## बीएलओ एवं बीएलओ के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



अच्छे कार्य करने वाले बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को सम्मानित किए जाएंगे।

**गोड्डा।** आज समाहरणालय स्थित डीएमएफटी सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, गोड्डा की अध्यक्षता में पोड़ैयाहाट प्रखंड के अंतर्गत सभी बीएलओ सुपरवाइजर के साथ विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान रोल-टू-रोल पंजी की गहन जांच की गई। कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को सख्त निर्देश दिए गए की मतदाता सूची में प्रत्येक अनुभाग का बारिकी से जांच किए जाए, साथ ही साथ सभी घरों का भौतिक सत्यापन करते हुए प्रपत्र 6, 7, 8 संग्रह कर उसे पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। अगले 10 दिनों बाद पुनः बीएलओ पर्यवेक्षक की समीक्षा उपायुक्त स्तर से की जाएगी। उक्त कार्यक्रम के दौरान पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में 18 वर्ष के नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाने, पूर्व से अंकित प्रविष्टियों में आवश्यक संशोधन, फोटो अथवा फोटो पहचानपत्र की त्रुटियों का निराकरण, 70 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का सत्यापन, शिफ्टेड, डुप्लीकेट एवं डेड मतदाताओं के नाम का निरस्तीकरण, दिव्यांगजनों एवं महिला मतदाताओ के नाम सूची में सम्मिलित करने का निर्देश दिया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान जानकारी दी गई की दिनांक-28.11.2023 से 03.12.2023 तक समावेशी सप्ताह पुनरीक्षण अवधि मे प्राप्त दावे व आपत्तियों को ससमय निर्धारित प्रारूप 6, 7, 8 एवं 8 ए पर संबंधित बूथ के बी0एल0ओ0/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराएं, ताकि आयोग द्वारा निर्धारित तिथियो के अन्तर्गत उनके निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करायी जा सके। उन्होने कहा कि 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष के नए मतदाताओं का नाम चिन्हित करके उनसे फार्म-6 अवश्य भरवा लिए जाएं, ये प्रयास किए जाय कि नये अर्हता प्राप्त मतदाताओं के नाम विधानसभा निर्वाचक नामावली मे सम्मिलित होने से छूट न जाए। इस दौरान निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले बी.एल.ओ. और बीएलओ सुपरवाइजर पर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए कहा गया कि निर्वाचन कार्य में रुचि नही लेने वाले बीएलओ और सुपरवाइजर पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

कार्यक्रम के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी, गोड्डा धीरज कुमार ठाकुर के द्वारा निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां बीएलओ सुपरवाइजर को प्रदान की गई।

मौके पर निर्वाचन विभाग पदाधिकारी, पोड़ैयाहाट प्रखंड के बीएलओ सुपरवाइजर , सहित निर्वाचन विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

खबर एक नजर में

## धनतेरस पर दुल्हन की तरह सजी दुकानें, बढ़ी चहल-पहल, सोने-चांदी खूब हुई बिक्री

**पाकुड़।** धनतेरस को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है ।दुकानों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। बल्ब बत्ती से उसे आकर्षक बनाया गया है। लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं 11 नवंबर को दोपहर 1:57 तक खरीदारी करेंगे। धनतेरस की अवसर पर प्रदोष काल में कई दुकानों प्रतिष्ठानों घरों में माता लक्ष्मी गणेश कुबेर एवं धनवंतरी की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर सभी संप्रदाय के लोग सोने चांदी, फ्रिज अलमारी, भगवान की मूर्ति, पीतल तांबा कांसा स्टील के बर्तन, घड़ी घंटा लक्ष्मी गणेश की मूर्ति, झाड़ू, मिट्टी के दिये, सजावट एवं डेकोरेशन के समान, रेफ्रिजरेटर एसी, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, खरीद रहे हैं। सोने चांदी की दुकान में सोने की एवं चांदी के सिक्के, जेवरात खरीद रहे हैं ।बाजार में चाइनीस विद्युत सज्जा की भरमार है। 35 से लेकर हजारों रुपए की विद्युत बल्ब मिल रहा है। मिट्टी के दिए भी खूब बिक रहे हैं। लोग धनतेरस पर भगवान लक्ष्मी गणेश धनवंतरी की मूर्ति के साथ-साथ उनके वस्त्र, झाड़ू, धनिया, नमक भी खरीद रहे हैं। पटाखे की दुकान भी काफी मात्रा में लगी है। लेकिन कीमत सुनकर ग्राहक पीछे हट रहे हैं। मंद गति से दिए की बिक्री हो रही है। लोग 21-31-51 दिए खरीद रहे हैं। जिससे कि नियम की पूर्ति किया जा सके। तेल की बढ़ती कीमतों को देखते हुए अब लोग इसे नजरअंदाज कर रहे हैं। इसकी जगह चाइनीस बाल और दिए ने ले लिया है। तरह-तरह के आकर्षण लाइट इस वर्ष दिवाली के रौनक और बढ़ाने वाली है। और यदि इधर बड़े दुकानदारों की माने तो इस वर्ष गत वर्ष की अपेक्षा दुकानों में खरीदारों की संख्या घटी है। दुकान अधिक हो जाने से खरीदार बट गए हैं। जितनी अपेक्षा की गई थी वह अपेक्षा पूरी नहीं हुई। जबकि कुछ दुकानदारों का मानना है की बिक्री संतोषजनक रहा। उधर हिरणपुर प्रखंड स्थित बालाजी ज्वेलर्स सहित कई इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में भी लोगों ने जम कर खरीदारी किया। धनतेरस का उत्सव पर कई दुकानदारों में माइक से अनाउंसमेंट कर अपनी अपनी दुकानों की उपलब्धि गिना रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### 80 हजार युवाओं ...

हेमंत सोरेन ने कहा कि महिलाओं का उत्पीड़न मेरे लिए ही नहीं, देश के लिए चिंता का विषय है। कई वर्षों से महिलाओं का उत्पीड़न होता आ रहा है। वर्तमान में चेहरा बदला हुआ है और घृणात्मक उत्पीड़न हो रहा है।नई खेल नीति कारगर है। पहली बार खेल नीति बनने से खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति मिल रही है। खेल के मैदान तैयार हो रहे हैं। राष्ट्रीय टीम के कप्तान की भूमिका में राज्य के बच्चे हैं। गुमनामी की जिंदगी जीने वाले बच्चे-बच्चियां अब खूबसूरत फूल की तरह दिख रहे हैं।

### गवाहों को धमकाने ...

साहिबगंज एसपी नौशाद आलम को इडी के जोनल कार्यालय में 22 नवंबर को दिन के 11:00 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया है। रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से इडी के कुछ गवाहों को धमकियां दी गयीं थीं। इससे पहले इस मामले में रांची जेल के अधीक्षक, जेलर और बड़ा बाबू से पूछताछ कर ली गयी है। सभी के बयान दर्ज हो चुके हैं।

**कई बंदी बेजा लाभ लेते थे :** जेल से बाहर निकले कैदियों ने इडी को बताया है कि जेल के अफसरों और कर्मियों का फायदा उठाने की नीयत से प्रेम प्रकाश ने सभी का इस्तेमाल किया। जेल में प्रेम प्रकाश को सभी सुविधाएं दी जाती थीं, बदले में प्रेम प्रकाश ने जेल अधिकारियों के आर्म्स का लाइसेंस करवाया था और उनकी आर्थिक मदद भी की। एक हजार करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा के साथ ही प्रेम प्रकाश, बच्चू यादव, पशुपति यादव व कृष्णा साहा ट्रायल फेस कर रहे हैं। पंकज मिश्रा 19 जुलाई, 2022 से जेल में बंद है। इसी मामले में विजय हांसदा इडी का महत्वपूर्ण गवाह है। विजय हांसदा ने ही साल 2022 में नींबू पहाड़ी पर अवैध खनन की शिकायत की थी। कोर्ट में शिकायतवाद में उसने पंकज मिश्रा समेत अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत की थी।

### भगवान भरोसे दिल्ली ...

शुक्रवार को न्यायालय ने कहा कि उसने पिछली सुनवाई में सम-विषम का मुद्दा उठाया था, जिससे पहले एक न्यायमित्र के रूप में अदालत की सहायता कर रहे एक अधिवक्ता ने कहा था कि सम-विषम योजना ने वायु प्रदूषण घटाने में मदद नहीं की।

**पराली जलाना रोकें :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने पर अविलंब रोक लगनी चाहिए, लेकिन अभी तक ना तो दिल्ली सरकार और ना ही पंजाब सरकार ने इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई की है। कोर्ट ने कहा कि हमने यह सुझाव भी दिया कि आप जैसा चाहें वैसा काम करें, लेकिन अबतक पराली जलाने को लेकर कुछ नहीं किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकारें वायु प्रदूषण रोकने के लिए कोई कदम ना उठायें और इसका बोझ अगर कोर्ट पर डालने की कोशिश करेंगी, तो यह नहीं चलेगा।

### जगन्नाथपुरी और हसनंबा ...

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कुल 15 प्लाटून पुलिस तैनात की गई थी. श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इनकी संख्या बढ़ायी जायेगी।

बिजली का झटका लगने कई घायल : कर्नाटक के हसनंबा मंदिर में शुक्रवार को दर्शन के लिए कतार में खड़े थे। अचानक धातु के बैरिकेड में बिजली का करंट आ जाने 20 भक्त घायल हो गये। जानकारी के अनुसार मंदिर के पास में बिजली का एक तार टूटकर गिर गया था, जिससे ये हादसा हुआ। यहां हर साल हसनम्बा यात्रा महोत्सव 2 से 14 नवंबर तक आयोजित किया जाता है। राज्य भर से हजारों भक्त प्रतिदिन मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं।

### भारत की एक...

उन्होंने कहा कि माइनस 45 डिग्री तापमान में देश की अग्रिम सीमा पर चौकन्ना रहकर उसकी सुरक्षा करना और जरूरत पड़ने पर सर्वोच्च बलिदान देने से भी पीछे ना हटना, आइटीबीपी की परंपरा रही है। आज एक लाख हिमवीरों, 60 वाहिनियों, 17 प्रशिक्षण केन्द्रों, 16 सेक्टर, 5 फ्रंटियर और 2 कमांड मुख्यालयों के साथ एक मजबूत बल के रूप में उभर कर आया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हिमवीरों की मांग को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने वायुयान और रेल में सेना की तर्ज पर देश के केन्द्रीय सशस्त्र पुलस बलों का भी कोटा तय कर दिया है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद आज वहां आतंकवाद पर पूर्ण नियंत्रण पाने में हमें सफलता मिली है। आंतरिक सुरक्षा बहुत मजबूत हो रही है और सीमाओं की सुरक्षा को हमारे हिमवीर संभाल रहे हैं। 2047 तक हमें भारत को ऐसा देश बनाना है कि हर क्षेत्र में हम विश्व का नेतृत्व करें।

### सज गये 24 लाख...

दीपोत्सव में 24 लाख से अधिक दीयों को प्रज्ज्वलित करने की तैयारी पूरी की गयी। दोपहर में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड टीम द्वारा 51 घाटों के दीये की गणना पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक व गणना वालंटियर की मौजूदगी में शुरू हुई। अयोध्या में तमाम घाटों पर दीपक सज गये हैं।

**सरयू पुल पर होगी आतिशबाजी :** राम की पैड़ी के परिसर पर विशाल एलसीडी पर भगवान राम की कथा के साथ ही लाइट एंड साउंड शो का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र होगा। इसके अलावा सरयू नदी के पुराने पुल पर भव्य आतिशबाजी का कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसके लिए सरयू पुल के रास्ते को बंद कर दिया गया है और आतिशबाजी लगायी जा रही है। राम की पैड़ी के अलावा अयोध्या धाम और अयोध्या शहर में चौक चौराहा पर भी दीपक जलाने की योजना है। जिला प्रशासन की योजना के मुताबिक 24 लाख से अधिक दीपक जलाये जाने हैं, जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। वहीं, शहर कुछ रास्तों को बंद किया गया है और कुछ के रूट में परिवर्तन हुआ है।

# सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.59 फीसदी बढ़ कर 12.37 लाख करोड़ पर पहुंचा

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह अब तक 22 फीसदी बढ़ा




**नयी दिल्ली (हि.स.)।** धनतेरस के दिन अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अबतक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.59 फीसदी बढ़कर 12.37 लाख करोड़ रुपये रहा है। वहीं, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 22 फीसदी बढ़कर 10.60 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह संग्रह केंद्रीय बजट में तय कुल लक्ष्य का 58.15 फीसदी है।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि 9 नवंबर तक सकल आधार पर कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.59 फीसदी बढ़कर 12.37 लाख करोड़ रुपये रहा है। प्रत्यक्ष कर में व्यक्तिगत आयकर और कंपनी कर शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक कर रिफंड के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 10.60 लाख करोड़ रुपये रहा। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कर संग्रह के मुकाबले 21.82 फीसदी अधिक है। मंत्रालय ने आयकर विभाग के हवाले से बताया कि शुद्ध रूप से कंपनी कर संग्रह 12.48 फीसदी और व्यक्तिगत आयकर 31.77 फीसदी बढ़ा है। करदाताओं को एक अप्रैल से नौ नवंबर 2023 के बीच 1.77 लाख करोड़ रुपये वापस रिफंड किये गये हैं। कंपनी कर संग्रह इस दौरान 7.13 फीसदी बढ़ा, जबकि व्यक्तिगत आयकर 28.29 फीसदी बढ़ा है।

उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में प्रत्यक्ष कर संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा गया है। यह वित्त वर्ष 2022-23 के 16.61 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 9.75 फीसदी अधिक है।

**धनतेरस पर खुशखबरी**

### देश का औद्योगिक उत्पादन सितंबर महीने में 5.8 फीसदी बढ़ा

**नयी दिल्ली।** देश का औद्योगिक उत्पादन सितंबर में 5.8 फीसदी बढ़ा है। पिछले साल सितंबर, 2022 में औद्योगिक उत्पादन 3.3 फीसदी बढ़ा था। हालांकि, पिछले साल के मुकाबले औद्योगिक उत्पादन में यह वृद्धि विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन के कारण हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आइआइपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन सितंबर में 5.8 फीसदी बढ़ा है। पिछले महीने यह 10.3 फीसदी था। सितंबर 2022, में यह 3.3 फीसदी रहा था।

## अक्टूबर में तिपहिया वाहनों की हुई रिकॉर्ड बिक्री



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** त्योहारी सीजन में मजबूत मांग की बदौलत अक्टूबर में यात्री वाहनों बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी। अक्टूबर में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 16 फीसदी उछलकर 3,89,714 इकाई रही है। दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 20 फीसदी बढ़कर 18,95,799 इकाई पर पहुंच गयी है।

वाहन निमार्ताओं के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि अक्टूबर में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 16 फीसदी उछलकर 3,89,714 इकाई रही है, जबकि पिछले साल अक्टूबर में 3,36,330 इकाई की बिक्री हुई थी। इस दौरान सबसे अधिक 76,940 तिपहिया वाहनों की आपूर्ति की गयी, जबकि पिछले साल 54,154 इकाइयों की आपूर्ति की गयी थी। इस तरह, यह संख्या से 42 फीसदी अधिक है। इसी तरह दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 20 फीसदी बढ़कर 18,95,799 इकाई पर पहुंच गयी, जो पिछले साल समान अवधि में 15,78,383 इकाई थी।

सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि यात्री तथा तिपहिया वाहनों दोनों ने अक्टूबर में अभी तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की है। दोपहिया वाहन खंड ने भी अक्टूबर, 2023 के महीने में अच्छी बिक्री दर्ज की। उन्होंने बताया कि सभी तीन खंडों ने दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की है। अग्रवाल ने कहा कि यह सरकार की अनुकूल नीतियों और त्योहारी सीजन से मुमकिन हो पाया है। यह वृद्धि गति उद्योग के लिए उत्साहजनक है।

**स्पीड न्यूज**

### एनआइए ने पांच के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने शुक्रवार को अहमदाबाद (गुजरात) की विशेष अदालत में पांच व्यक्तियों के खिलाफ एक व्यापक आरोप पत्र दायर किया है। इनमें मो सोजिब मियां, मुन्ना खान, जहांगीर उर्फ अजहरुल इस्लाम, अब्दुल लतीफ और फरीद का नाम है, जो विदेशी नागरिक हैं। इन्होंने अवैध रूप से भारत में घुसपैठ की और गुप्त रूप से अपने आतंकवादी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए जाली दस्तावेज हासिल किये।

### येदियुरप्पा के पुत्र विजयेंद्र को कर्नाटक भाजपा की कमान

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा के बेटे विजयेंद्र येदियुरप्पा को पार्टी की प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी एक बयान में यह कहा गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

### भारत-बांग्लादेश की नौसेनाओं ने किया युद्धाभ्यास

**नयी दिल्ली।** भारतीय और बांग्लादेश की नौसेनाओं ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आइएमबीएल) के आसपास संयुक्त गश्त की और बाद में इंटरऑपरेबिलिटी बढ़ाने के लिए समुद्री अभ्यास किया। दोनों नौसेनाओं के बीच बोंगोसागर अभ्यास का चौथा संस्करण तथा समन्वित गश्ती-कॉरपेट का 5वां संस्करण उत्तरी बंगाल की खाड़ी में संचालित किया गया।

### दिल्ली में वायु प्रदूषण में सुधार, फिलहाल ऑड-ईवन स्थगित

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में बारिश के बाद वायु प्रदूषण की स्थिति में हुए सुधार के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने ऑड-ईवन व्यवस्था को फिलहाल स्थगित कर दिया है। इससे पहले सरकार ने दीपावली के अगले दिन (13-20 नवंबर) से एक सप्ताह के लिए दिल्ली में ऑड-ईवन व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया था और इसकी तैयारियां भी जोरों पर चल रही थीं।

### इडी ने कुणाल गुप्ता की 67.23 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने फर्जी कॉल सेंटर धोखाधड़ी के मामले में कुणाल गुप्ता की 67.23 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की है।

### भाजपा ने जारी की तेलंगाना के प्रत्याशियों की पांचवीं सूची

**नयी दिल्ली।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी कर दी।

# भारत और अमेरिका में लगातार बढ़ रही रणनीतिक मुद्दों पर सहमति : राजनाथ

## टू प्लस टू वार्ता : रक्षा सहयोग बढ़ाने पर किया गया विचार विमर्श

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने टू प्लस टू वार्ता प्रक्रिया के तहत रक्षा सहयोग, उन्नत प्रौद्योगिकी सहित द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर शुक्रवार को व्यापक विचार-विमर्श किया। वार्ता में भारत की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा अमेरिका की ओर से विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने भाग लिया। वार्ता में इजराइल-हमास संघर्ष, हिंद प्रशांत क्षेत्र के घटनाक्रम और बांग्लादेश में आगामी चुनाव आदि मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा हुई।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने रक्षा सहयोग के संबंध में वार्ता की। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक मुद्दों पर सहमति लगातार बढ़ रही है, जो चीन के आक्रामक रवैये का मुकाबला करने पर केंद्रित है। सिंह ने कहा कि रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत बनाने तथा आपूर्ति श्रृंखला को बनाये रखने के लिए भी दोनों देश तत्पर हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने चीन के खतरे और सुरक्षा चुनौती पर विचार-विमर्श किया। वार्ता में अन्य अनेक मुद्दे पर भी चर्चा हुई।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने वार्ता के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग और विकसित हो रही नवीन तकनीकी, आपूर्ति श्रृंखला, अंतरिक्ष सहयोग और दुर्लभ खनिजों के बारे में भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि टू प्लस टू वार्ता का यह पांचवां संस्करण था, जिसमें दोनों देशों ने आपसी साझेदारी को और मजबूत बनाने का फैसला किया। विदेश सचिव ने कहा कि इजराइल-हमास संघर्ष के संबंध में भारत ने अपना पक्ष रखा। भारत का मानना है कि उस क्षेत्र में इजराइल और फिलिस्तीन के दो देश संबंधी समाधान और वहां नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। साथ ही, आतंकवाद के खतरे का सामना करने का भी सवाल है।

कनाडा के साथ जारी टकराव के बारे में विदेश सचिव ने कहा कि भारत ने अपनी सुरक्षा चिंताओं के बारे में अमेरिका को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में भारत विभिन्न देशों को अपनी सुरक्षा चिंताओं के बारे में अवगत कराता रहा है। उन्होंने इस संदर्भ में खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के हालिया वीडियो का भी उल्लेख किया। विदेश सचिव ने कहा कि विभिन्न देश भारत की चिंता को समझते हैं। विदेश सचिव ने कहा कि द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली अमेरिका यात्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

बैठक में दोनों देशों के मंत्रियों ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान के साथ रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग को आगे बढ़ाने के उपायों और साधनों पर चर्चा की। उन्होंने भारत-अमेरिका रक्षा औद्योगिक इकोसिस्टम, इंडस-एक्स की प्रगति की समीक्षा की, जिसे इस वर्ष जून में लांच किया गया था। इसका उद्देश्य भारत और अमेरिका की सरकारों, व्यवसायों और अकादमिक संस्थानों के बीच रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी तथा रक्षा औद्योगिक सहयोग का विस्तार करना है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने बहरीन स्थित मुख्यालय वाली बहुपक्षीय संरचना, संयुक्त समुद्री बलों की पूर्ण सदस्यता बढ़ाने के भारत के निर्णय का स्वागत किया।

### आइपीइएफ बैठक के लिए 13 से 16 नवंबर तक अमेरिका दौरे पर रहेंगे पीयूष गोयल

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने के लिए 13 से 16 नवंबर तक अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को का दौरा करेंगे। इस दौरान गोयल इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आइपीइएफ) की मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लेने के साथ आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में समझौते पर बातचीत करेंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि वह दोनों देशों के बीच आर्थिक एवं वाणिज्यिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए व्यापार जगत के लोगों, प्रमुख शिक्षाविदों, अमेरिकी अधिकारियों आदि के साथ भी बातचीत करेंगे। मंत्रालय के मुताबिक वाणिज्य मंत्री 13 और 14 नवंबर को तीसरी व्यक्तिगत आइपीइएफ मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे, जिसमें वार्ता की प्रगति पर महत्वपूर्ण बदलाव नजर आने की संभावना है।

## आइडीएफ ने गाजा में हमास के शीर्ष कमांडरों को मार गिराया

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आइडीएफ) ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसके सैनिकों ने गाजा में 7 अक्टूबर के नरसंहार में भाग लेने वाले कई वरिष्ठ हमास कमांडरों को मार गिराया है। आइडीएफ के अनुसार, कमांडर अहमद मूसा और कमांडर अम्र अलहांडी उग्रवादी समूह कुलीन नुखबा बलों का हिस्सा थे। मूसा नुखबा कंपनी कमांडर था, जबकि अलहांडी ने एक प्लाटून कमांडर के रूप में कार्य किया था। आइडीएफ ने कहा कि ये दोनों जबालिया क्षेत्र में छिपे हुए थे। सेना ने यह भी बताया कि शिन बेट सुरक्षा एजेंसी से मिली खुफिया जानकारी के बाद यह ऑपरेशन चलाया गया। आइडीएफ ने हमले की योजना बना रहे हमास के 19 आतंकियों को मार गिराया है।









## प्रसारण सेवा विनियमन विधेयक 2023 का मसौदा प्रस्ताव जारी

### एक महीने तक लोग दे सकेंगे सुझाव



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को प्रसारण सेवा विनियमन विधेयक 2023 का मसौदा प्रस्ताव जारी किया है। इस प्रस्तावित मसौदे पर लोगों से 30 दिन के भीतर अपने सुझाव और आपत्तियां देने के लिए कहा गया है। यह प्रस्तावित मसौदा विधेयक देश में प्रसारण सेवाओं को विनियमित करने के लिए एक समेकित ढांचे का प्रावधान करता है। इसके तहत मौजूदा केबल टेलीविजन नेटवर्क विनियमन को प्रस्थापित करने का प्रयास करता है। इसके अलावा, मौजूदा समय में देश में प्रसारण क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले अन्य नीति निर्देश भी इसमें शामिल हैं।

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रसारण सेवा विनियमन विधेयक के मसौदे को पेश करने की घोषणा सोशल मीडिया पर की। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यवसाय करने में आसानी और जीवन गुजारने में झंझटों मुक्त जीवन के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, हमें प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक का मसौदा पेश करने पर गर्व है। इस महत्वपूर्ण कानून से हमारे प्रसारण क्षेत्र का नियामक ढांचा आधुनिक बनेगा। यह पुराने कानूनों और नियमों के साथ उनके दिशा-निर्देशों को एकीकृत, भविष्य-केंद्रित दृष्टिकोण से प्रतिस्थापित करेगा। इससे तकनीकी उन्नति और सेवाओं का विकास होगा, ओटीटी, डिजिटल मीडिया, डीटीएच, आईपीटीवी और अन्य की गतिशील दुनिया की पहुंच आसान होगी।

## देश के सभी एएआइ हवाई अड्डों को दिसंबर 2024 तक नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित करने का लक्ष्य

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** देश के कुल 54 हवाई अड्डों ने अपने परिचालन को शतप्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा में बदल दिया है। दिसंबर 2024 तक सभी भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) हवाई अड्डों को नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से संचालित करने के लक्ष्य का निर्धारण किया गया है।

इधर, एएआइ के विभिन्न क्षेत्रीय मुख्यालयों और आरएचक्यू (एनइआर) गुवाहाटी, आरएचक्यू (इआर) कोलकाता, आरएचक्यू (एसआर) चेन्नई, कोलकाता हवाई अड्डा, अगरतला, कांगड़ा, देवघर, भुवनेश्वर और औरंगाबाद हवाई अड्डों पर स्वच्छता अभियान के बाद खाली किये गये स्थलों पर योग कक्ष तैयार किये गये हैं।

### देवघर समेत नौ हवाई अड्डों पर तैयार किया गया है योग कक्ष

एक सरकारी प्रवक्ता ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने लंबित मामलों के निपटान के लिए विशेष अभियान (एससीडीपीएम) 3.0 के अंतर्गत अपने संबद्ध, अधीनस्थ और स्वायत्त संगठनों के साथ मिलकर निपटान के लिए चिह्नित लंबित मामलों को पूर्ण कर लिया है। कामकाज के सुचारू रूप से संचालन और कारोबार में आसानी को बढ़ावा देने के लिए 41 नियमों व प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है।

## ब्रिटेन भारत को सुरक्षित राज्यों की सूची में करेगा शामिल

**लंदन।** यूनाइटेड किंगडम की सरकार ने घोषणा की है कि वह भारत को 'सुरक्षित राज्यों' की सूची में शामिल करेगी। इस निर्णय के बाद अवैध रूप से ब्रिटेन में प्रवेश करने वाले भारतीय वहां नागरिक शरण नहीं ले पायेंगे। साथ ही, अवैध रूप से भारत से यात्रा करने वाले लोगों की वापसी की प्रक्रिया तेज हो जायेगी। छोटी नावों पर या अवैध रूप से अन्य मार्गों से ब्रिटेन आने वाले भारतीय नागरिकों के सभी शरण दावों को अस्वीकार्य माना जायेगा।

### निर्देशक सुदीप्तो सेन के पैर में लगी चोट, नहीं रुकी विपुल अमृतलाल शाह की बस्तर शूटिंग



**विपुल अमृतलाल शाह** की अगली फिल्म बस्तर का निर्देशन कर रहे फिल्ममेकर सुदीप्तो सेन अपने इस अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर बेहद डेडिकेटेड और फोकस्ड हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि सुदीप्तो सेन के पैर में गंभीर चोटें आयी हैं। लेकिन, इसके बावजूद फिल्म की शूटिंग पर कोई असर नहीं पड़ा है और वे नॉन स्टॉप फिल्म शूट कर रहे हैं, जो फिल्म के प्रति उनके जज्बे और हिम्मत को दर्शाता है। छत्तीसगढ़ के बस्तर में पिछले 15 दिनों से शूटिंग की जा रही है और शूटिंग की निरंतर गति निर्देशक सुदीप्तो सेन के दृढ़ समर्पण का प्रमाण है। पैर में भारी चोट लगने और दोनों पैरों में ब्रेसिज पहनने के बावजूद शूटिंग को आगे बढ़ाने और उसकी स्पीड को बनाये रखने का सेन का दृढ़ संकल्प परियोजना के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। द केरल स्टोरी जैसे एक गेम-चेंजर फिल्म देने के बाद निमार्ता विपुल अमृतलाल शाह, निर्देशक सुदीप्तो सेन और अभिनेत्री अदा शर्मा अब अपनी अगली फिल्म के लिए तैयार हैं। ये तीनों अब अपने अगले प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जिसका टाइटल बस्तर : द नक्सल स्टोरी है। इसमें अदा शर्मा मुख्य भूमिका में होंगी। ये फिल्म सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले बनायी जा रही है। फिल्म 5 अप्रैल, 2024 को रिलीज होगी।

## उतार-चढ़ाव के बीच मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार चौथे दिन लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान जारी रहने की वजह से उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही। हालांकि, इस उतार चढ़ाव के दौरान आखिरी घंटे के कारोबार में खरीदार हावी हो गये, जिसके कारण शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ हरे निशान में बंद होने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.11 प्रतिशत और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के बाद बीएसइ सेंसेक्स 72.48 अंक की मजबूती के साथ 64,904.68 अंक के स्तर पर बंद होने में सफल रहा। एनएसइ के निफ्टी का सूचकांक 30.05 अंक की मजबूती के साथ 19,425.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज बाजार में आखिरी घंटे में आयी तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 60 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गयी।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल, रियल्टी और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के शेयर मजबूती के साथ बंद हुए। आइटी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आया। बीएसइ का मिडकैप इंडेक्स 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

### सस्ता हुआ सोना, चांदी नरम

**नयी दिल्ली।** धनतेरस पर शुक्रवार को वायदा कारोबार में सोने की कीमत 151 रुपये गिरकर 60,131 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर, दिसंबर डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 151 रुपये या 0.25 प्रतिशत की गिरावट आयी और कीमत 60,131 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। इसमें 11,208 लॉट का कारोबार हुआ। आज चांदी की कीमत 168 रुपये गिरकर 71,045 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में, दिसंबर डिलीवरी के लिए चांदी अनुबंध 168 रुपये या 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,045 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया।




# प्रकाशमय रहें निराशा से रहें दूर

जग्गी बासुदेव



**भारतीय** संस्कृति में एक दौर ऐसा भी था, जब साल के हर दिन कोई न कोई त्योहार मनाया जाता था। कहने का तात्पर्य तीन सौ पैंसठ दिन और तीन सौ पैंसठ त्योहार। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह यह थी कि हम चाहते थे कि हमारा पूरा जीवन एक उत्सव बन जाए। दुर्भाग्य से आप सड़क चलते, दफ्तर में या काम के दौरान यूं ही उत्सव नहीं मनाते, इसलिए ये त्योहार उत्सव मनाने का एक बहाना भर थे। दिवाली मनाने के पीछे भी विचार यही था कि आपकी जिंदगी में उत्सव मनाने का विचार लाया जा सके, इसीलिए इस दिन पटाखे जलाए जाते हैं, ताकि थोड़ी सी चिंगारी व उत्साह का संचार आपके भीतर भी हो सके।

दीपावली के त्योहार का मकसद यह नहीं है कि बस एक दिन मौज मस्ती की और उसके बाद फिर वैसे ही सुस्त पड़ गए। नहीं, इसका असली मकसद है कि साल के हर दिन हमारे अंदर वही उमंग और उत्साह रहे। अगर हम यूं सहज बैठें तो हमारी जीवन ऊर्जा, दिल, दिमाग, शरीर एक पटाखे की तरह उमंग से भरा रहे। लेकिन अगर आप भीगी हुई फुलझड़ी हैं, तो आपको रोजाना किसी बाहरी पटाखे की जरूरत होगी।

दिवाली रोशनी का त्योहार है। इस दिन आपको हर शहर, कस्बा और गांव हजारों दीयों से जगमगाता मिलेगा, लेकिन असली चीज बाहर दीये जलाना नहीं है, बल्कि भीतर का दीया जलाना है, आपके भीतर रोशनी होनी चाहिए। रोशनी का मतलब है स्पष्टता। आपमें चाहे कोई भी गुण हो, स्पष्टता के बिना वह आपका कोई भला नहीं करेगा, बल्कि आपका अहित ही करेगा क्योंकि स्पष्टता के अभाव में आत्मविश्वास भी खतरनाक होता है। यह विडंबना ही है कि आजकल दुनिया में बहुत सारे काम बिना स्पष्टता के ही किए जा रहे हैं।

एक बार की बात है, एक नया पुलिसवाला अपने एक अनुभवी साथी के साथ शहर से होकर गुजर रहा था। रेडियो पर उन्हें संदेश मिला कि कुछ लोग फलां गली में मटरगश्ती कर रहे हैं। उन्हें वहां से तितर-बितर करना है। वे दोनों एक गली में पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक जगह लोगों की एक भीड़ खड़ी है। जैसे ही उनकी गाड़ी उन लोगों के करीब पहुंची, नए पुलिसवाले ने बड़े उत्साह के साथ गाड़ी की खिड़की खोली और बोला, ह्वए, तुम लोगों ने यहां भीड़ क्यों लगा रखी है, हटो यहां से।ह्ल लोगों ने एक दूसरे की तरफ उलझन भरी निगाह से देखा। पुलिसवाला फिर चिल्लाया, ह्वतुम लोगों ने सुना नहीं? मैंने कहा कि इस जगह से हट जाओ। वे सब वहां से हट गए। यह सोचकर कि उसने अपनी पहली ड्यूटी में ही शानदार काम किया है, नौसिखिए पुलिसवाले ने अपने अनुभवी साथी से पूछा, ह्वमैंने ठीक किया न? उसके साथी ने कहा, हां, ज्यादा गलती तो नहीं की, बस यही किया कि बस स्टॉप से लोगों को भगा दिया।ह्ल

तो कहने का मतलब है कि बिना स्पष्टता के आप जो भी करेंगे, वह खतरनाक ही होगा। भीतरी प्रकाश आपकी सोच में स्पष्टता लाता है। जीवन को आप कितनी स्पष्टता के साथ देखते हैं और अपने इर्द-गिर्द की चीजों को कितनी अच्छी तरह से समझते-बूझते हैं, इसी से तय होता है कि आप अपने जीवन को कितनी समझदारी से चलाते हैं।

दिवाली ऐसा दिन है जब दुष्ट ताकतों का अंत होता है और प्रकाश फैलता है। यही इंसानी जिंदगी की उलझन भी है। उजाला अपने आप ही हो जाएगा। प्रकाश का पर्व इसी बात को याद दिलाता है।

# पंचदीपों का विरोट महोत्सव है दिपोत्सव

योगेश कुमार गोयल



**भारत में** कार्तिक कृष्ण पक्ष में पांच पर्वों का जो विराट महोत्सव मनाया जाता है, उसकी शृंखला में सबसे पहले पर्व धनतेरस के बाद दूसरा पर्व आता है ह्वनरक चतुर्दशीह्ल। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले पर्व ह्वनरक चतुर्दशीह्ल के नाम में ह्वनरकह्ल शब्द से ही आभास होता है कि इस पर्व का संबंध भी किसी न किसी रूप में मृत्यु अथवा यमराज से है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमराज का पूजन करने तथा व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। दीपावली से ठीक एक दिन पहले मनाए जाने वाले इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है कि यह पर्व 11 नवंबर को मनाया जाएगा या 12 नवंबर को। दरअसल कई स्थानों पर यह पर्व इस बार दीपावली के साथ 12 नवंबर को ही मनाए जाने का उल्लेख है लेकिन हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि इस बार 11 नवंबर 2023 को दोपहर 1 बजकर 57 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 12 नवंबर को दोपहर 2 बजकर 44 मिनट पर इसका समापन होगा।

ऐसे में यह पर्व 11 नवंबर को ही मनाया जाएगा। इस दिन सायं 5 बजकर 29 मिनट से लेकर 8 बजकर 7 मिनट तक दीपदान का शुभ मुहूर्त है। इस पर्व को ह्वनरक चौदसह्ल, ह्वरूप चतुर्दशीह्ल, ह्वकाल चतुर्दशीह्ल तथा ह्वछोटी दीवालीह्ल के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है।

यम को मृत्यु का देवता और संयम का अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी।

नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में एक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा ह्वनरकासुरह्ल नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरुपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16,000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16,000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण और पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया। माना जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई।

धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीपावली के दिन दीपक जलाए जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिए मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं।

यह भी कहा जाता है कि बलि की दानवीरता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने बाद में पाताल लोक का शासन बलि को ही सौंपते हुए उसे आशीर्वाद दिया था कि उसकी याद में पृथ्वीवासी लगातार तीन दिन तक हर वर्ष उनके लिए दीपदान करेंगे।

नरक चतुर्दशी का संबंध स्वच्छता से भी है। इस दिन लोग अपने घरों का कूड़ा-कचरा बाहर निकालते हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व तेल एवं उबटन लगाकर स्नान करने से पुण्य मिलता है।

# आखिर पटाखा पर रोक के पीछे क्यों लगे हैं सब, पटाखा समय से सावधानी के साथ छोड़ें

**सद्गुरु** जग्गी वासुदेव ने दिवाली पर पटाखे फोड़ने को बताया सही, वासुदेव ने लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा, अंधेरे में धकेल सकने वाले संकट के समय आनंद, प्रेम और चेतना का प्रकाश महत्वपूर्ण है।ह्लह्ल उन्होंने कहा, ह्वह्वइस दीपावली आपकी मानवता को पूरी तरह से रोशन करें। सभी को प्यार एवं शुभकामनाएं।

दिवाली पर वायु प्रदूषण को लेकर हर साल चिंता जताई जाती है। इस वजह से पटाखे बजाने को भी मना किया जाता है। हालांकि उच्चतम न्यायालय ने भी इस पर साफ किया है कि त्योहार मनाने और पटाखा बजाने से किसी को रोका नहीं जा सकता है। पटाखे जलाने पर प्रतिबंध को लेकर देशभर में जारी बहस के बीच ह्वईशा फाउंडेशनह्ल के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने बुधवार को कहा कि दीपावली पर आतिशबाजी पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए। उन्होंने दीपावली की पूर्व संध्या पर कहा, ह्वह्ववायु प्रदूषण की चिंता कोई ऐसा कारण नहीं है, जिसकी वजह से बच्चों को पटाखे जलाने की खुशी से वंचित किया जाएङ्क. उन्हें आतिशबाजी का आनंद लेने दें।



वासुदेव ने लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा, अंधेरे में धकेल सकने वाले संकट के समय आनंद, प्रेम और चेतना का प्रकाश महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, इस दीपावली आपकी मानवता को पूरी तरह से रोशन करें। सभी को प्यार एवं शुभकामनाएं।

उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता और उसके दुरुपयोग को रोकने के तंत्र को मजबूत करना होगा। शीर्ष न्यायालय ने कोविड-19 महामारी के बीच वायु प्रदूषण को रोकने के लिए काली पूजा, दीपावली और साल के कुछ अन्य त्योहारों के दौरान पटाखों पर प्रतिबंध लगाने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए यह कहा।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता बेहद खराब स्थिति में है और दीवाली से एक दिन पहले ज्यादातर प्रमुख शहरों में यह ह्वबेहद खराबह्ल की श्रेणी में रहा। वायु प्रदूषण मापने वाले एप ह्वसमीरह्ल के अनुसार, बुधवार को गाजियाबाद की एक्यूआई 339 दर्ज की गई। जबकि ग्रेटर नोएडा की 272, नोएडा की 314, फरीदाबाद की 325, दिल्ली की 302, बल्लभगढ़ की 214, गुरुग्राम की 332, बागपत की 319, बहादुरगढ़ की 306, बुलंदशहर की 318 और हापुड़ की एक्यूआई 317 दर्ज की गई।

पिछले कुछ दिनों में एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति विकट हुई है। गौरतलब है कि शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराबह्ल, 301 और 400 के बीच बहुत खराब, तथा 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# 700 साल बाद दिवाली पर बन रहे 5 राजयोग



## इन राशियों की चमकेगी किस्मत, करियर में तरक्की के साथ कमाएंगे खूब सारा धन

वैदिक पंचांग के अनुसार इस साल दिवाली पर 5 राजयोग बन रहेहैं। जिससे 4 राशि के जातकों की किस्मत चमक सकती है...

वैदिक ज्योतिष अनुसार पर्व और त्योहार पर कुछ शुभ और राजयोग का निर्माण होता है। ऐसा ही इस बाद दिवाली पर होने जा रहा है। आपको बता दें कि इस बार दिवाली पर 5 राजयोग का निर्माण होने जा रहा है। इस राजयोगों का निर्माण 700 साल बाद होने जा रहा है। इन राजयोगों का नाम है गजकेसरी, हर्ष, उभयचरी, काहल और दुर्धरा। ज्योतिष में इन राजयोगों को बेहद शुभ माना जाता है। ऐसे में इन राजयोगों का प्रभाव सभी राशियों के जातकों पर देखने को मिलेगा। लेकिन 4 राशियां ऐसी हैं, जिनको यह दिवाली बेहद शुभ साबित हो सकता है। इन लोगों को आकस्मिक धनलाभ ही प्राप्ति हो सकती है। साथ ही इनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती हैं। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं।

मकर राशि

दिवाली पर बन रहे 5 राजयोग आप लोगों को लाभदायक साबित हो सकते हैं। इस समय आपकी इच्छाओं की पूर्ति हो सकती है। सभी कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। वहीं नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर जूनियर और सीनियर का सहयोग प्राप्त होगा। वहीं कमाई के साधनों में वृद्धि होगी। अगर आप काफी समय से कारोबार को बढ़ाने की सोच रहे थे, तो यह समय अनुकूल है। मतलब व्यापार का विस्तार हो सकता है। वहीं इस समय आपको मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही इस अवधि में आपको आकस्मिक धन की प्राप्ति हो सकती है।

मेष राशि

पांच राजयोग का बनना आप लोगों को लाभकारी सिद्ध हो सकता है। इस समय आपकी इनकम में जबरदस्त बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही आय के नए- नए माध्यम बन सकते हैं। वहीं करियर और रोजगार से संबंधित शुभ समाचार आपको मिलेंगे। वैवाहिक संबंधों और प्रेम संबंधों के लिए भी यह समय अच्छा रहेगा। बस थोड़ा बहस करने से बचें। साथ ही इस समय आपको पुराने निवेश से लाभ हो सकता है। वहीं जो लोग नया बिजनस आरंभ करना चाहते हैं उनके लिए भी यह समय अच?छा है। साथ ही इस समय आपको शेयर बाजार, सट्टा और लॉटरी में अच्छा लाभ हो सकता है। वहीं इस समय आप कोई पुराना कर्जा चुका सकते हैं।

दिवाली से पहले बुध ग्रह ने गोचर कर बनाया ह्वविपरीत राजयोग इन 4 राशि वालों को आस्कमिक धनलाभ के साथ तरक्की के प्रबल योग

मिथुन राशि

दिवाली पर बन रहे 5 राजयोग आप लोगों को अनुकूल साबित हो सकते हैं। इस समय आपको प्रापर्टी के लेन- बेच से लाभ हो सकता है। साथ ही इस समय आप वाहन और प्रापर्टी खरीद सकते हैं। वहीं नौकरीपेशा लोगों को तरक्की के मौके मिलेंगे। साथ ही आपके कारोबार में अच?छी तरक?की देखने को मिलेगी और आपके सम्?मान में इजाफा होगा। वहीं योजनाओं में आपको सफलता मिल सकती है।

व्यापार के दाता बुध चलने जा रहे उल्टी चाल, साल 2024 में इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम, धन- दौलत में होगी अपार बढ़ोतरी

कन्या राशि पांच राजयोग का बनना आप लोगों को आर्थिक रूप से शुभ साबित हो सकते हैं। इस समय आपको काम- कारोबार में लाभ हो सकता है। इस समय आपको पुराने निवेश से लाभ होगा। वहीं इस समय आपको कोर्ट- कचहरी के मामलों में विजय मिल सकती है। साथ ही अगर आपका पैसा कहीं फंसा हुआ था, तो वो इस समय मिल सकता है। वहीं नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# मिलावटी मिठाइयों के बिना दिवाली मनायें

आर.के. सिन्हा

**दीपावली** और स्वादिष्ट मिठाइयों का चोली-दामन का साथ है। मिठाई के बिना दीपोत्सव का आनंद अधूरा है। जो इंसान मिठाई नहीं पसंद करता या फिर डाक्टरी सलाह पर इसका सेवन नहीं करता, वह भी दिवाली पर तो कम से कम एक-दो डिब्बे मिठाई के खरीद ही लेता है। इसकी वजह यह है कि लक्ष्मी पूजन के वक्त मिठाई का प्रसाद लक्ष्मी-गणेश को अर्पित करके वितरित किया जाना है। पर यह भी मानना होगा कि दिवाली पर जिस मात्रा में मिलावटी मिठाइयां बाजार में मिलने लगी है, उसके चलते मिठाई का आनंद लेने से पहले हर इंसान कई बार सोचने लगा है।

सच में इस कारण घनघोर मिठाई प्रेमी भी अब मिठाई खाने से कतराने लगे हैं। वर्ना एक दौर था जब दिवाली से पहले हिंदू परिवारों में मिठाइयों पर विस्तृत चर्चा होती थी। पर मिलावटी मिठाइयों की बिक्री ने लोगों को मिठाई से दूर सा कर दिया है। युवा पीढ़ी तो अब वैसे भी मिठाई को लेकर कोई बहुत उत्साह नहीं दिखाती है। इस स्थिति के लिए उन हलवाइयों को ही दोषी मानना होगा जो चंद सिक्कों की खातिर मिठाइयां बनाते हुए भरपूर मिलावट करते हैं। मिलावटी मिठाइयां तो किसी की भी सेहत को खराब करने की गारंटी देती हैं। आप दीपावली से पहले इस तरह की खबरें जरूर ही पढ़ रहे होंगे कि मिठाई की दुकानों पर छापा मारा गया और वहां से मिलावटी मिठाई मिली।

मिलावटी मिठाई बेचने वाले हलवाइयों पर क्या कार्रवाई हुई, यह तो बाद की बात है पर इन खबरों को पढ़कर मिठाई खाने वाले दूर भागने लगते हैं। मुझे याद है कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के घर में अतिथियों को दिल्ली की मशहूर दुकानों की मिठाइयां पेश की जाती थीं। वे खुद भी मिठाई प्रेमी थे। इंदिरा गांधी जी भी मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाइयां खिलवाती थीं। अगर ये नेता अब होते तो इन्होंने भी अपने मित्रों और मिलने वालों का मुंह मीठा करवाना बंद कर दिया होता। मैं भी अब अपने मेहमानों को घर में बने खजूर गुड़ के लड्डू पेश करता हूँ। अपनी गौशाला की देसी गायों का शुद्ध बिलोया हुआ घी तो है ही। चने के बेसन के अलावा बाजरा, कंगनी, कुटकी और सांवा के आटे के लड्डू भी अद्भुत स्वादिष्ट होते हैं।

कुछ मिठाइयों को खाने का समय भी तय होता है जैसे जलेबी सुबह के समय खाई जाती है, तो रबड़ी रात में। कुछ मिठाइयां पर्वों से संबंधित होती हैं, जैसे गुझिया उत्तर भारत में होली पर बिकती है और पूर्वी भारत में तीज के पर्व पर हर घर में बनाई जाती है। उत्तर भारत में कलाकंद, काजू कतली, कालाजाम, गुलाब जामुन, घेवर, चमचम, जलेबी, बफी, तिलकुट, दाल हलवा, नारियल बर्फी, मिल्क केक, परवल की मिठाई, पेठा, पेड़ा, फिरनी वगैरह मिलती हैं। बताइये कि कौन इंसान होगा जिन्हें ये मिठाइयां पसंद न हो? इनका नाम सुनते ही मुंह से लार टपकने लगता है। पर दीपावली के मौके पर ये कितनी शुद्ध रूप से बनाई जाती हैं इसकी कोई गारंटी नहीं है।

किसे नहीं पता कि दिवाली पर हमारे यहां मिलावट का बाजार खूब फलता-फूलता है। बाजारों में आपको खाने पीने की चीजों में सबसे ज्यादा मिलावट मिलेगी। दीपोत्सव पर मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों का बड़ा बाजार भी तैयार हो जाता है। दिल्ली के बाजार में ही इतना मावा या खोवा आ जाता है, जितना देशभर में उत्पादित दूध नहीं बना सकते! इसी कारण से बहुत सारे लोग मिलावट के चलते आजकल दिवाली पर मिठाई की जगह चॉकलेट्स, ड्राई फ्रूट या फिर नमकीन और कुकीज के गिफ्ट हैंपर देने लगे हैं। लेकिन, पूजा के लिए तो मिठाई लानी ही पड़ती है।



ऐसे में मिठाई खरीदने से पहले ही आप भी नकली मिठाई की पहचान कर सकते हैं। मिठाई बनाते समय इसमें इस्तेमाल में होने वाले दूध, मावा, चांदी के वर्क, चीनी या तेल तक में भरपूर मिलावट की जाती है। जैसे चांदी के वर्क में एल्यूमीनियम प्रचुर मात्र में मिला दिया जाता है। दूध में यूरिया, रंग, वाशिंग पाउडर मिला देते हैं। घी में जानवरों की चर्बी मिला दी जाती है। मावा भी पूर्णतः मिलावटी होता है। मावा में सबसे ज्यादा मिलावट की जाती है। इसकी पहचान करने के लिए फिल्टर पर आयोडीन की दो ड्रॉप डालें। अगर रंग काला हो जाए तो मान लें कि इसमें मिलावट है। अगर खोया बहुत दानेदार है तो समझो इसमें भी किसी तरह की मिलावट की गई है। शुद्ध खोया एकदम चिकना होता है। इसी तरह से मिठाई में कलर की भी खूब मिलावट बेशर्मी से की जाती है। इसलिए रंग-बिरंगी मिठाई खाने-खरीदने से बचें। जान लें कि कलर वाली मिठाई को हाथ में लेकर चेक करें। अगर हाथ में रंग नहीं लग रहा तो रंग की मिलावट नहीं है। आपके लिए एक ये भी सलाह है कि मिठाई खरीदने से पहले चख लें।

इस दौरान आपके बहुत सारे आपके शुभचिंतक आपको सही ही कहने लगते हैं कि आप मिठाइयों का सेवन कम या न करें। मतलब दीपावली पर भी मिष्ठान न खाएं। मिष्ठान हर भारतीयों की कमजोरी है। ये इस तरह की कमजोरी है जिससे किसी को हानि नहीं होती, यदि शुद्धता बरती जाये। कहीं न कहीं कमी तो सरकारी महकमों की भी है जो मिलावट खोरों पर पूरी तरह शिकंजा नहीं कस पाते। एक बार जब मैंने इस विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी से पूछा तो उन्होंने इसका कारण फूड इंस्पेक्टरों की कमी बताया। यदि कमी है पूरी करो। निर्दोष जनता को क्यों मारते हो?

भारतीय मिष्ठान शक्कर, अन्न, दूध और घी के अलग-अलग प्रकार से पकाने और मिलाने से बनती हैं। खीर और हलवा सबसे सामान्य मिठाइयां हैं जो प्रायः सभी के घरों में बनती हैं। इसके अतिरिक्त लड्डू, पेड़े, बर्फी और गुजिया भी घरों में बनती है। पर ज्यादातर मिठाइयां बाजार से ही खरीदी जाती हैं। भारत की संस्कृति के ही अनुसार यहां हर प्रदेश की मिठाई में भी विभिन्नता है। उदाहरण के लिए बंगाली मिठाइयों में छेने या पनीर की प्रमुखता है तो पंजाबी मिठाइयों में खोये की। उत्तर भारत की मिठाइयों में दूध की प्रमुखता है तो दक्षिण भारत की मिठाइयों में अन्न और नारियल की।

यकीन मानिए कि कभी-कभी मन उदास हो जाता है कि दिवाली पर अधिकतर देशवासियों को शुद्ध मिठाइयां नहीं मिल पाती है। यह एक निराशा की स्थिति है। सरकार को मिलावट खोरों के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लेना चाहिए। उनकी लापरवाही से अच्छा भला सेहतमंद व्यक्ति मिलावटखोरों की चंगुल में फंसकर स्थायी रूप से बीमार हो रहा है।

उन सरकारी अफसरों पर भी करवाई होनी चाहिए जो मिलावटखोरों पर एक्शन नहीं ले पाते। कई तो मिलावटखोरों की घूस खाकर मोटे होते जा रहे हैं। आखिर देश की संसद मिलावटखोरों को मौत या उम्र कैद की सजा देने के बिन्दु पर क्यों नहीं विचार करती?